- पारदर्शी एवं प्रौद्योगिकी सक्षम

नागरिक केंद्रित एवं भविष्य के लिए तैयार सिविल सेवा को सही दृष्टिकोण, कौशल और ज्ञान के साथ नए भारत की परिकल्पना के अनुरूप बनाना;

प्रमुख मूल दक्षताओं अर्थात डोमेन (सही ज्ञान), कार्यात्मक (सही कौशल), व्यावहारिक (सही दृष्टिकोण) को विकसित करना।

प्रशासन

2 (i) अकादमी में संकाय सदस्य एवं प्रशासन (दिनांक 31.03.2026 तक)

पदनाम	नाम – श्री/सुश्री
निदेशक	श्रीराम तरणिकांति
संयुक्त निदेशक	सौजन्या
संयुक्त निदेशक	उदित अग्रवाल
उप निदेशक (वरिष्ठ)	डॉ. बगादी गौतम
उप निदेशक (वरिष्ठ)	प्रियंका दास
प्रोफेसर, अर्थशास्त्र	रितिका नरूला
उप निदेशक (वरिष्ठ)	गणेश शंकर मिश्रा
उप निदेशक (वरिष्ठ)	षणमुख प्रिया मिश्रा
उप निदेशक (वरिष्ठ)	डी. महेश कुमार
उप निदेशक (वरिष्ठ)	दीप जगदीप कॉन्ट्रैक्टर
उप निदेशक (वरिष्ठ)	श्वेता तेवतिया
उप निदेशक (वरिष्ठ)	राजेश मीणा
उप निदेशक (वरिष्ठ)	डॉ. अनुपम तलवार
उप निदेशक	अश्वती एस
उप निदेशक	प्रेम कुमार वी. आर.

प्रोफेसर, अर्थशास्त्र	अरविंद कुमार
रीडर, विधि	डॉ. सचिव कुमार
रीडर, हिंदी	डॉ. भावना पोरवाल
प्रोफेसर, राजनीतिक सिद्धांत और संविधानिक विधि	रोमियो विंसेंट टेटे
सहायक निदेशक	गौतम थपलियाल
सहायक निदेशक	अंकिता ढांडा
सहायक निदेशक	आकांक्षा कुलश्रेष्ठ
सहायक आचार्य, हिंदी	सरफ़राज़ हुसैन खान
प्रधान पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी	शिव प्रसाद सेनापति
वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी	डॉ. मयंक बडोला
चिकित्सा अधिकारी	डॉ. यल्ला साई वामसी कृष्णा रेड्डी
प्रधान निजी सचिव	विजेंद्र सिंह राणा
वरिष्ठ निजी सचिव	आशीष कुमार पटेल
वरिष्ठ निजी सचिव	लक्ष्मी प्रसाद
वरिष्ठ निजी सचिव	एम. के. त्यागी
निजी सचिव	सुनील नेगी
निजी सचिव	नीरज कुमार
निजी सचिव	दर्शनी
निजी सचिव	तरुण कुमार शर्मा
सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी	एस. के. भारती
सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी	राजेंदर बिष्ट

सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी	भूपिंदर कौर
प्रशासनिक अधिकारी	पवन कुमार पाल
प्रशासनिक अधिकारी	मुकेश कुमार गर्ग
प्रशासनिक अधिकारी	प्रशांत कुमार
प्रशासनिक अधिकारी	राकेश चंद्रा
सहायक प्रशासनिक अधिकारी	नरेश कुमार गुप्ता
सहायक प्रशासनिक अधिकारी	सी. एस. सुब्बुराज
सहायक प्रशासनिक अधिकारी	प्रमिला बहुगुणा
सहायक प्रशासनिक अधिकारी	डी. सी. लोहानी
सहायक प्रशासनिक अधिकारी	अरविंद गोयल
सहायक प्रशासनिक अधिकारी	निशांत जोशी
सहायक प्रशासनिक अधिकारी	राज कुमार शोद
घुड़सवारी अनुदेशक	रिसालदार मेजर निरंजन ओहल्यान
घुड़सवारी अनुदेशक	जोगिंदर सिंह
सहायक घुड़सवारी अनुदेशक	संग्राम सिंह

अकादमी के प्रमुख अनुभाग **(**दिनांक **31.03.2026** तक**)**

अनुभाग का नाम	कार्य का व्यापक क्षेत्र
स्थापना	• प्रोफेसर, रीडर, सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति, अराजपत्रित और राजपत्रित समूह 'ख' अधिकारियों की पदोन्नति • परिवीक्षाधीनों के सेवा मामले हेतु पत्राचार

	• फाउंडेशन कोर्स, चरण-I और चरण-II परिवीक्षाधीनों की मूल्यांकन रिपोर्ट • फाउंडेशन कोर्स, चरण-I और चरण-II के परिवीक्षाधीनों के छुट्टी और कार्मिक संबंधी मामले • राजपत्रित और अराजपत्रित कर्मचारियों के पेंशन संबंधी कागजात तैयार करना • अकादमी संकाय सदस्य और कर्मचारियों इत्यादि के विकास हेतु प्रशिक्षण
लेखा	• अकादमी अधिकारियों के मासिक वेतन तैयार करना और संवितरण, बाल शिक्षा भत्ता, चिकित्सा, टीए/डीए और एलटीसी जैसे कर्मचारी दावों का निपटान। • उचित सत्यापन के बाद, विक्रेताओं/आपूर्तिकर्ताओं से संबंधित बिल के भुगतान की प्रक्रिया। • एनपीएस अंशदान/मासिक टीडीएस (आयकर) त्रैमासिक और टीडीएस (जीएसटी) मासिक रूप से समय पर अपलोड करना • बजट रिपोर्ट (बजट व्यय एवं राजस्व व्यय) तैयार करना और आवधिक निगरानी करना। • बजट का मासिक आधार पर बैंक स्टेटमेंट से मिलान करना और इस संबंध में पीएओ, डीपीएआर, नई दिल्ली को प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना। • फाउंडेशन कोर्स/चरण-1 और चरण-2 के दौरान, प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण पर अकादमी द्वारा किए गए व्यय के लिए राज्य सरकार/सेवा से की जाने वाली मांग।
परीक्षा नियंत्रक	• फाउंडशेन कोर्स, चरण-I, चरण-II के प्रशिक्षु अधिकारियों की परीक्षाओं के संचालन की तैयारी से संबंधित विभिन्न कार्य, संबंधित संकाय समन्वयक को परीक्षा प्रारूप वितरित करना और

	जानकारी प्राप्त करना आदि • प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए मास्टर डिग्री और डिप्लोमा के संबंध में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली के साथ समन्वय • नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली द्वारा संचालित एग्जीक्यूटिव डिप्लोमा प्रोग्राम (विधि में) के साथ समन्वय
कंप्यूटर केंद्र	• अकादमी में सभी नए घटकों की स्थापना और सिस्टम एकीकरण के लिए समन्वय • डेस्कटॉप/लैपटॉप कंप्यूटरों का वितरण/स्थापना और इन्वेंट्री नियंत्रण आदि सेवाएं प्रदान करना
संपदा	• सीपीडब्ल्यूडी के साथ रखरखाव कार्य, एनजीओ के मुद्दे • मरम्मत, रखरखाव, श्रमदान स्टाफ और प्रशिक्षु अधिकारी के लिए विभिन्न सिविल और विद्युत आवश्यकताएँ, अकादमी में स्वच्छता कार्य योजना का कार्यान्वयन, सौर ऊर्जा प्रणाली का कार्यान्वयन • छात्रावास का रखरखाव और हाउसकीपिंग, कपड़े धोने की सुविधा, बागवानी संबंधी कार्य • संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और अन्य को समय-समय पर आवश्यकतानुसार आवासों का आवंटन आदि
पुस्तकालय	• पुस्तकों और दृश्य-श्रृव्य सामग्रियों का अर्जन, ऑर्डर करना, प्राप्त करना और अभिग्रहण करना तथा उनकी सूची बनाना; खरीदी गई पुस्तकों का डेटा कोहा लाइब्रेरी सॉफ्टवेयर में दर्ज करना • डीडीसी वर्गीकरण योजना के अनुसार पुस्तकों का वर्गीकरण, पुस्तकों की सूची बनाना, मुख्य शब्दों का निर्धारण, बारकोडिंग और आरएफआईडी टैगिंग, ग्रंथसूची और सूचियाँ तैयार करना और उन्हें शेल्फ में रखना

	• पत्रिकाओं, जर्नलों, ई-संसाधनों और मैगज़ीन की सदस्यता और उनका वार्षिक नवीनीकरण, कैंपस के बाहर और कैंपस के अंदर संसाधनों तक पहुंच के लिए माईलॉफ्ट रिमोट एक्सेस प्लेटफॉर्म में सदस्यताओं की मैपिंग • कोहा (केओएचए) और आरएफआईडी सिस्टम का रखरखाव और उपयोगकर्ता खाता प्रबंधन, जिसमें एएमसी भी शामिल है • सेल्फ-चेक-आउट और बुक ड्रॉप्स का संचालन और रखरखाव, हॉस्टल और लाउंज की यूनिट लाइब्रेरी का प्रबंधन, प्रदर्शनियों और पुस्तक मेलों का संचालन • दैनिक समाचारों और नए उत्पादों का प्रदर्शन और प्रसार
टीआरपीसी	• प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार करना और जारी करना • बोर्ड ऑफ स्टडीज (बीओएस) के गठन और कामकाज से संबंधित कार्य • अन्य संस्थानों के सहयोग से प्रशिक्षण की आवश्यकता का विश्लेषण करना • वार्षिक रिपोर्टों को तैयार करना, केस स्टडी का विकास • कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग और अन्य संस्थानों के साथ पत्राचार • अकादमी जर्नल – द एडमिनिस्ट्रेटर के प्रकाशन से संबंधित सभी कार्य • प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थानों (एटीआई) और केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थानों (सीटीआई) की बैठकों से संबंधित सभी कार्य और पत्राचार • अकादमिक परिषद की बैठक (एसीएम) का आयोजन • विभिन्न संगठनों के साथ समझौता ज्ञापनों से संबंधित कार्य

प्रशिक्षण इंडक्शन	• फाउंडेशन कोर्स, चरण-I, जिला प्रशिक्षण, एएसपी और चरण-II से संबंधित सभी कार्य • हिमालय और शार्ट ट्रेक, भारत दिवस समारोह/प्रदर्शनी आदि, केवडिया यात्रा • प्रशिक्षु अधिकारियों की व्यक्तिगत/निजी फ़ाइल के अभिरक्षक • कोर्स मैनुअल तैयार करना (फाउंडेशन कोर्स, चरण I और चरण II)
राजभाषा	• भारत सरकार, राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप, 'क', 'ख' तथा 'ग' क्षेत्रों के साथ हिंदी पत्राचार सुनिश्चित करना • प्रभारी, राजभाषा की अध्यक्षता में प्रत्येक तिमाही में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों के आयोजन करना तथा विभिन्न अनुभागों में राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्य की समीक्षा करना
प्रोटोकॉल	• विभिन्न पाठ्यक्रमों में सरकारी वाहन/टैक्सी की तैनाती से संबंधित सभी कार्य
भंडार एवं आपूर्ति	• डेड स्टॉक वस्तुओं की अभिरक्षा, जारी करना और रखरखाव, उपकरण और मरम्मत न किए जाने वाली वस्तुओं को अनुपयोगी घोषित करना • पाठ्यक्रम/अकादमी आदि से संबंधित सभी प्रकार की खरीद
सुरक्षा अनुभाग	• विभिन्न विद्यालयों/संस्थानों/प्रतिनिधिमंडल द्वारा अकादमी का दौरा • प्रशिक्षु अधिकारियों/प्रतिभागियों के पार्सल की अभिरक्षा • अकादमी स्टाफ सहित सभी पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को पहचान पत्र जारी करना

	• अकादमी परिसर की सुरक्षा
प्रशिक्षण एमसीटीपी	• मध्यावधि सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रमों (एमसीटीपी) से संबंधित मामले, अर्थात् आईएएस चरण III, चरण IV, चरण V • संयुक्त सिविल-सैन्य और कॉमन मिड-करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम • प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के सभी पहलुओं जिसमें लॉजिस्टिक्स, यात्राएं, आउटडोर गतिविधियां, नामांकन आमंत्रित करना, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), राज्य सरकार/भारत सरकार/सीसीए आदि के साथ पत्राचार शामिल है

2 (ii) लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी का वित्तीय विवरण

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी का बजट आवंटन "मांग संख्या 074 - कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय" के अंतर्गत किया जाता है। इस प्रावधान में गैर-योजना के अंतर्गत स्थापना संबंधी व्यय शामिल है। अकादमी की विभिन्न मुख्य गतिविधियों के लिए बजट आवंटन किया जाता है, जिसमें फाउंडेशन कोर्स, मध्यावधि सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि शामिल हैं।

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में अवसंरचना में सुधार और आवश्यक सुविधाओं के उन्नयन के लिए योजना (पूंजी) और योजना (राजस्व) के तहत आवंटन किया जाता है। हालांकि, "लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में अवसंरचना में सुधार और आवश्यक सुविधाओं के उन्नयन" की योजना को वित्त वर्ष 2026-27 से बंद कर दिया गया है। परिणामतः, वित्त वर्ष 2026-27 से 'योजना (राजस्व)' और 'योजना (पूंजी)' के तहत कोई बजट आवंटन नहीं किया गया तथा ऐसी गतिविधियों पर होने वाले व्यय को अकादमी के संबंधित नियमित बजट शीर्ष से पूरा किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 से वित्तीय वर्ष 2025-26 के वास्तविक व्यय का विवरण और वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आवंटन इस प्रकार है:

(आंकड़ा हजार में)

क्र. सं.	गैर-योजना (राजस्व)	वास्तविक व्यय	बजट आवंटन

	स्थापना (0204)	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26	2026-27
1	वेतन	1,22,600	1,19,649	1,20,578	1,25,228	1,35,000
2	मजदूरी	46,000	71,067	95,598	99,602	1,00,000
3	पुरस्कार	-	1,646	1,002	919	1,000
4	चिकित्सा	7,000	6,779	8,893	8,076	9,000
5	भत्ते	-	67,191	81,587	94,845	1,00,000
6	एलटीसी	-	1,559	2,107	1,400	2,500
7	प्रशिक्षण व्यय	-	1,246	16	1,000	2,000
8	घरेलू यात्रा व्यय	5,400	5,770	7,460	8,747	9,000
9	विदेशी यात्रा व्यय	-	0	290	0	500
10	कार्यालय व्यय	1,08,845	87,491	1,25,242	1,16,414	1,30,000
11	किराया, दरें और कर	1,998	2,979	1,383	2,179	3,500

12	मुद्रण एवं प्रकाशन	644	633	451	350	1,700
13	अन्य के लिए किराया	-	716	152	0	1,000
14	अन्य प्रशासनिक व्यय	290	-	-	-	-
15	डिजिटल उपकरण	-	1,817	423	1,630	2,500
16	ईंधन और ल्यूब्रिकेंट	-	9,616	4,775	9,984	10,000
17	गौण सिविल एवं विद्युत कार्य	2,500	2,723	1,595	0	11,000
18	पेशेवर सेवाएँ	2,49,664	2,64,342	87,889	14,715	15,000
19	मरम्मत एवं रखरखाव	-	2,666	697	933	8,800
20	सहायता अनुदान	500	500	500	500	500

21	बैंक और एजेंसी शुल्क	-	521	0	180	500
22	अन्य राजस्व व्यय	3,767	4,954	4,415	1,563	7,500
	कुल	5,49,208	6,53,865	5,45,053	4,88,265	5,51,000

(आंकड़ा हजार में)

क्र. सं.	कैंटीन **(0205)**	वास्तविक व्यय				बजट आवंटन
		2022-23	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**	**2026-27**
1	वेतन कैंटीन	2,847	125	0	1,690	2,800
2	मेडिकल कैंटीन	199	116	296	16	350
3	भत्ता कैंटीन	-	73	0	1,318	1,200
4	एलटीसी कैंटीन	-	8	0	0	50
	कुल	3,046	322	296	3,024	4,400

(आंकड़ा हजार में)

क्र. सं.	स्वच्छता कार्य योजना योजना (0296)	वास्तविक व्यय				बजट आवंटन
		2022-23	2023-24	2024-25	2025-26	2026-27
1	स्वच्छता कार्य योजना	451	728	596	742	800
	कुल	451	728	596	742	800

(आंकड़ा हजार में)

क्र. सं.	एमसीटीपी (0206)	वास्तविक व्यय				बजट आवंटन
		2022-23	2023-24	2024-25	2025-26	2026-27
1	पेशेवर सेवाएँ	59,994	1,14,488	80,244	79,658	80,000
	कुल	59,994	1,14,488	80,244	79,658	80,000

(आंकड़ा हजार में)

क्र.सं.	इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम (0207)	वास्तविक व्यय				बजट आवंटन
		2022-23	2023-24	2024-25	2025-26	2026-27
1	पेशेवर सेवाएँ	-	-	1,25,341	1,68,242	1,25,000
	कुल	-	-	1,25,341	1,68,242	1,25,000

(आंकड़ा हजार में)

क्र.सं.	कार्यक्षेत्र विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम (0208)	वास्तविक व्यय				बजट आवंटन
		2022-23	2023-24	2024-25	2025-26	2026-27
1	पेशेवर सेवाएँ	-	-	13,513	19,415	20,000
	कुल	-	-	13,513	19,415	20,000

(आंकड़ा हजार में)

क्र.सं.	योजना पूंजी (4059)	वास्तविक व्यय				बजट आवंटन
		2022-23	2023-24	2024-25	2025-26	2026-27
1	सूचना, कंप्यूटर, दूरसंचार उपकरण (आईसीटी)	375	8,330	1,24,999	39,300	-

2	भवन और संरचनाएँ		1,77,814	1,69,990	2,99,960	-
3	फर्नीचर और फिक्स्चर		7,484	3,932	297	-
4	अन्य अचल संपत्तियाँ		6,673	8,278	5,666	-
5	भूमि		0	6,98,395	0	-
	कुल	375	2,00,301	10,05,594	3,45,223	-

(आंकड़ा हजार में)

क्र. सं.	पूंजी **(4070)**	वास्तविक व्यय				बजट आवंटन
		2022-23	2023-24	2024-25	2025-26	2026-27
1	मोटर वाहन	-	230	0	984	3,000
2	मशीनरी और उपकरण	-	14,100	13,770	14,812	11,500
3	आईसीटी	-	1,871	21,019	24,775	34,000
4	फर्नीचर व फिक्स्चर	-	13,826	12,592	8,873	10,000
5	भवन और संरचनाएँ	-	-	-	-	1,06,000
6	अन्य अचल संपत्तियाँ	-	-	-	-	5,900
7	भूमि	-	-	-	-	100

	कुल	-	30,027	47,381	49,444	1,70,500

(आंकड़ा हजार में)

क्र. सं.	योजना राजस्व **(2070)**	वास्तविक व्यय				बजट आवंटन
		2022-23	2023-24	2024-25	2025-26	2026-27
1	कार्यालय व्यय	173	63,633	78,183	49,911	-
2	गौण सिविल एवं विद्युत कार्य		30,000	40,359	64,959	-
3	मरम्मत और रखरखाव		32,650	49,608	50,764	-
4	अन्य राजस्व व्यय		52,995	37,385	10,435	-
	कुल	173	1,79,278	2,05,535	1,76,069	-

2 (iii) एनआईसी प्रशिक्षण इकाई (एनआईसीटीयू)

एनआईसी प्रशिक्षण यूनिट (एनआईसीटीयू), लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में अहम भूमिका निभा रही है। इसका कार्य (क) डिजिटल क्षमताओं और आईसीटी इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत बनाना, (ख) तकनीकी-आधारित गवर्नेंस को बढ़ावा देना और (ग) अकादमी की आवश्यकताओं के अनुसार सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के विभिन्न पहलुओं पर अनुकूलित, कौशल-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को डिजाइन और वितरित करना है।

एनआईसी प्रशिक्षण यूनिट (एनआईसीटीयू) द्वारा प्रदान किए गए प्रशिक्षण में डेटा-आधारित निर्णय लेने तथा क्षेत्रीय स्तर पर सहयोगात्मक एवं उत्पादकता बढ़ाने वाले डिजिटल उपकरणों

के प्रभावी उपयोग पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। प्रतिभागियों को केंद्र, राज्य, जिला एवं उप-जिला स्तरों पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग (एआई/एमएल) का उपयोग करते हुए डेटा एनालिटिक्स, जनरेटिव एआई, बिजनेस इंटेलिजेंस टूल्स, डेटा विज़ुअलाइज़ेशन, डेटा संक्षेपीकरण (डेटा समराइजेशन), ई-ऑफिस, कार्यालय उत्पादकता उपकरण, ई-गवर्नेंस पहलों तथा आईटी-सक्षम शासन प्रक्रियाओं पर केस-स्टडी आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

एनआईसी प्रशिक्षण यूनिट (एनआईसीटीयू) ने लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में पाठ्यक्रम समन्वयकों, सीआईएसओ तथा प्रौद्योगिकी/आईटी क्षेत्र के उप निदेशक एवं वरिष्ठ प्रभारी के साथ समन्वय और सहयोग किया। इसके अलावा, डीजी, एनआईसी, आईआईएम बेंगलेरु, आयकर विभाग, रेलवे, आईबीएम तथा कई अन्य संस्थानों के साथ भी समन्वय एवं सहयोग किया। यह कार्य अकादमी की आईसीटी संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विशिष्ट विषय विशेषज्ञों को अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित करने की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था।

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी परिसर में एनआईसी प्रशिक्षण यूनिट द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में निम्नानुसार प्रतिभागी शामिल रहे हैं:

- विभिन्न सिविल सेवाओं से इंडक्शन स्तर और मध्यावधि सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागी, मुख्य रूप से विभिन्न वरिष्ठता स्तरों के आईएएस अधिकारी;
- जिला मजिस्ट्रेट जैसे कार्यात्मक स्तर के अधिकारी;
- राज्यसभा सचिवालय के अधिकारी;
- अकादमी के रिसर्च एसोसिएट, टीचिंग एसोसिएट और स्टाफ़।

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के अलावा, आईसीटी संकाय के रूप में एनआईसी प्रशिक्षण यूनिट की टीम ने निम्नलिखित प्रमुख प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विशेष सत्र आयोजित किए:-

1. यशदा, पुणे - राज्य प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थानों और राज्यसभा सचिवालय के अधिकारियों हेतु;
2. राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी, आंध्र प्रदेश में 2024 बैच के विशेष फाउंडेशन कोर्स के प्रतिभागियों हेतु;
3. नेशनल कम्युनिकेशन्स एकेडमी-फाइनेंस, नई दिल्ली में 2024 बैच के विशेष फाउंडेशन कोर्स के प्रतिभागियों हेतु;


4. महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान (एमजीएसआईपीए), चंडीगढ़ में 2024 बैच के विशेष फाउंडेशन कोर्स के प्रतिभागियों हेतु;
5. सरदार पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (एसपीआईपीए), अहमदाबाद, में 2024 बैच के विशेष फाउंडेशन कोर्स के प्रतिभागियों हेतु;
6. डॉ. एम.सी.आर. मानव संसाधन विकास संस्थान, हैदराबाद में 2023 के विशेष फाउंडेशन कोर्स के प्रतिभागियों हेतु;
7. पंडित दीनदयाल उपाध्याय वित्तीय प्रशासन प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र, देहरादून में उत्तराखंड पीसीएस प्रशिक्षु अधिकारियों के फाउंडेशन कोर्स के प्रतिभागियों हेतु;

एनआईसी प्रशिक्षण यूनिट ने अकादमी तथा महाराष्ट्र सरकार के लिए वेकन-आधारित परियोजना प्रबंधन समाधान और प्राइवेट जीपीटी-संचालित चैटबॉट प्लेटफॉर्म के सफल डिजाइन एवं कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एनआईसी प्रशिक्षण यूनिट ने अकादमी के डिजिटैग एरीना में विकसित भारत रणनीति कक्ष (वीबीएसआर) की स्थापना एवं उद्घाटन के लिए नीति आयोग के साथ समन्वय किया। यह सुविधा एक बड़े डिजिटल विज़ुअलाइज़ेशन वॉल, उन्नत विश्लेषणात्मक क्षमताओं तथा एआई-संचालित चैटबॉट सुविधाओं से युक्त है, जो रणनीतिक निर्णय-निर्माण, नीतिगत विश्लेषण और सहयोगात्मक अधिगम को सहयोग प्रदान करती है।

एनआईसी प्रशिक्षण यूनिट ने परिसंपत्ति प्रबंधन के लिए ई-एसएएम एप्लिकेशन का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन किया तथा अकादमी में आगंतुक प्रबंधन हेतु स्वागतम एप्लिकेशन के कार्यान्वयन के लिए समन्वय किया। एनआईसी प्रशिक्षण यूनिट ने नेटवर्क, ई-मेल तथा आईसीटी से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर सहयोग एवं सहायता का समन्वय और प्रबंध किया, जिससे अकादमी की परिचालन एवं तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप विश्वसनीय डिजिटल सेवाएँ सुनिश्चित की जा सके।

एनआईसी प्रशिक्षण यूनिट ने सभी एनालिटिकल डेटा डैशबोर्ड्स की श्रृंखला विकसित की, जिसने अकादमी के शीर्ष प्रबंधन को संसाधनों के अनुकूल आवंटन और परिचालन दक्षता में सुधार के लिए वास्तविक समय में महत्वपूर्ण जानकारी एवं गहन समझ से अवगत कराया। ये डैशबोर्ड वाहन उपयोग की निगरानी और छात्रावास अधिभोग प्रबंधन जैसे कार्यों में सहायता प्रदान करते हैं। इन समाधानों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रतिभागियों के समक्ष डेटा-आधारित सुशासन के उदाहरण के रूप में प्रदर्शित किया गया तथा संभावित अंगीकरण और व्यापक कार्यान्वयन के लिए उत्तराखंड सरकार के समक्ष भी प्रस्तुत किया गया।







2 (iv) गांधी स्मृति पुस्तकालय

अकादमी में समृद्ध एवं पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत पुस्तकालय है, जिसे गांधी स्मृति पुस्तकालय के नाम से जाना जाता है। यह पुस्तकालय अत्यंत मनोरम प्राकृतिक परिवेश में स्थित है, जहाँ से भव्य हिमालय का विहंगम दृश्य दिखाई देता है और प्रकृति के साथ शांत एवं सौहार्दपूर्ण सामंजस्य की अनुभूति होती है। पुस्तकालय में पुस्तकों, पत्रिकाओं, रिपोर्टों, इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों तथा मल्टीमीडिया सामग्री का समृद्ध संग्रह है, जो अधिकारियों, प्रशिक्षु अधिकारियों, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों की अकादमिक, प्रशिक्षण और अनुसंधान संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक है। पुस्तकालय की संपूर्ण सूची ऑनलाइन https://gsl.lbsnaa.gov.in पर उपलब्ध है।

पुस्तकें और सीडी/डीवीडी आरएफआईडी सक्षम हैं। पुस्तकालय परिसंचरण काउंटर के पास उपयोगकर्ताओं द्वारा पुस्तकों को जारी करने, नवीनीकृत करने और वापस करने के लिए

पुस्तकालय काउंटर पर स्व-जारी/वापसी कियोस्क स्थापित किया गया है। इसके अलावा, कर्मशिला और ज्ञानशिला भवनों के प्रवेश द्वार पर आरएफआईडी -सक्षम पुस्तक वापसी ड्रॉप कियोस्क स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से उपयोगकर्ता पुस्तकालय आए बिना ही पुस्तकें वापस कर सकते हैं। यह सुविधा 24×7 उपलब्ध है, जिससे पुस्तकालय सेवाओं तक सुविधाजनक और निर्बाध पहुँच सुनिश्चित होती है।

ज्ञानलोक संग्रह

इस स्थान पर भारत एवं विश्व के आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक, दार्शनिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक इतिहास से संबंधित पुस्तकों एवं सामग्री का समृद्ध संग्रह उपलब्ध है। इसमें पुराने गजटियर, मैनुअल, मार्गदर्शिका पुस्तकें, वार्षिक संदर्भ ग्रंथ, जनगणना संबंधी सामग्री, सरकारी रिपोर्टें, भारतीय रिज़र्व बैंक के सर्वेक्षण एवं अन्य रिपोर्टें, प्रशासनिक रिपोर्ट एवं इतिहास, संवैधानिक एवं संसदीय दस्तावेज तथा दैनिक ऐतिहासिक घटनाओं का पुस्तक रूप में संकलन शामिल है।

पुस्तकालय संग्रह

गांधी स्मृति पुस्तकालय ज्ञान संसाधनों का समृद्ध भंडार है, जिसमें लगभग 1.86 लाख दस्तावेजों का संग्रह है। इसमें 1,76,962 पुस्तकें, पत्रिकाओं के 9,497 बंधित खंड तथा 64 ब्रेल पुस्तकें शामिल हैं। पुस्तकालय में 8,496 सीडी/डीवीडी का समृद्ध मल्टीमीडिया संग्रह भी उपलब्ध है, जिसमें व्याख्यानों की रिकॉर्डिंग, वृत्तचित्र और शैक्षणिक फिल्में शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, पुस्तकालय 7,927 डिजिटाइज्ड दुर्लभ एवं पुरानी पुस्तकों तक पहुँच भी प्रदान करता है, जिसके माध्यम से मूल्यवान शैक्षणिक एवं ऐतिहासिक संसाधनों का संरक्षण भावी पीढ़ियों के लिए सुनिश्चित किया जा रहा है।

अधिकारियों, प्रशिक्षु अधिकारियों, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों की अकादमिक, प्रशिक्षण और अनुसंधान संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पुस्तकालय विभिन्न प्रकार के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों की सदस्यता लेता है। इनमें लगभग 2,500 किंडल संस्करण की ई-पुस्तकें, 12 इलेक्ट्रॉनिक डेटाबेस, 34 ई-जर्नल एवं ई-मैगज़ीन, 18 प्रिंट समाचार-पत्र, 62 प्रिंट पत्रिकाएँ तथा प्रमुख राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित 61 प्रिंट जर्नल शामिल हैं।

विशेष दीर्घाओं की स्थापना

निम्नलिखित विषयगत संग्रह/दीर्घाओं की स्थापना की गई:

- गांधीयाना अनुभाग: इस अनुभाग में महात्मा गांधी द्वारा लिखित तथा महात्मा गांधी पर लिखित कुल 980 पुस्तकें शामिल हैं।
- माननीय राष्ट्रपति संग्रह: 359 पुस्तकें — भारत के विभिन्न राष्ट्रपति द्वारा लिखित तथा उन पर लिखित पुस्तकें।
- माननीय प्रधानमंत्री संग्रह: 737 पुस्तकें — भारत के विभिन्न प्रधानमंत्री द्वारा लिखित तथा उन पर लिखित पुस्तकें।
- महान नेतृत्वकर्ता संग्रह: 485 पुस्तकें — विभिन्न प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा लिखित तथा उन पर लिखित पुस्तकें।
- रवीन्द्रनाथ टैगोर संग्रह: 140 पुस्तकें — रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा लिखित तथा उन पर लिखित पुस्तकें।
- भारत रत्न पुरस्कार विजेता संग्रह: 241 पुस्तकें — भारत रत्न पुरस्कार प्राप्त विभूतियों द्वारा लिखित तथा उन पर लिखित पुस्तकें।
- ज्ञानपीठ एवं साहित्य अकादमी दीर्घा: इस दीर्घा में कुल 792 पुस्तकें शामिल हैं।
- स्थापित **10** सेक्टर संग्रह: विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित कुल 1,269 पुस्तकें शामिल हैं।
- राष्ट्र निर्माण (मेकिंग ऑफ द नेशन): पुस्तकालय ने सिविल सेवकों द्वारा लिखित तथा सिविल सेवाओं पर लिखित 3,280 पुस्तकों का संग्रह कर उन्हें एक अलग अनुभाग के रूप में व्यवस्थित किया है।

वर्ष 2025-26 के दौरान कई स्थानों पर लघु पुस्तकालय स्थापित किए गए: एलुमनाई सेंटर, मोनास्ट्री हॉस्टल, मोनास्ट्री एस्टेट – जेसीएम लाउंज, कंचनजंगा, नामचा बरवा, नंदा देवी, स्टोक कांगड़ी, इंदिरा भवन पुस्तकालय, डिज-फैक, सरदार पटेल लर्निंग सेंटर, मेडिकल सेंटर, पुस्तकालय, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स।

वर्ष के दौरान, गांधी स्मृति पुस्तकालय ने अपने संग्रह में लगभग 3,998 पुस्तकों को शामिल कर समृद्ध किया, जिनमें 1,039 हिंदी पुस्तकें तथा 2,959 अंग्रेज़ी एवं अन्य भाषाओं की पुस्तकें शामिल हैं। नव-अर्जित पुस्तकों में लोक प्रशासन, सुशासन, अर्थशास्त्र, विधि, प्रबंधन, इतिहास, साहित्य तथा समसामयिक प्रासंगिकता वाले उभरते विषयों सहित विभिन्न क्षेत्रों को

शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, पुस्तकालय ने 4 किंडल डिवाइस भी क्रय किए, जिनमें 2,500 से अधिक ई-पुस्तकें उपलब्ध हैं। इससे उपयोगकर्ताओं को विभिन्न प्रकार की डिजिटल पठन सामग्री तक सुविधाजनक पहुँच प्राप्त हो रही है।

पुस्तकालय निम्नलिखित ई-संसाधनों की सदस्यता लेता है:

- ईबीएससीओ से संबंधित

  - बिजनेस सोर्स कम्प्लीट: डाटाबेस 3000 से अधिक पत्रिकाओं/जर्नल लेखों की पूर्ण पाठ सामग्री प्रदान करता है जिसमें विपणन, प्रबंधन, प्रबंधन सूचना प्रणाली, उत्पादन और संचालन प्रबंधन, लेखांकन, वित्त और अर्थशास्त्र सहित व्यवसाय के विषयों को शामिल किया गया है।
  - पूर्ण पाठ के साथ इकॉनलिट: यह एक ऐसा डेटाबेस है, जिसमें अर्थशास्त्र के सभी क्षेत्रों से संबंधित पूर्ण-पाठ लेख उपलब्ध हैं। इसमें पूंजी बाजार, देश संबंधी अध्ययन, अर्थमिति, आर्थिक पूर्वानुमान, पर्यावरणीय अर्थशास्त्र, सरकारी विनियम, श्रम अर्थशास्त्र, मौद्रिक सिद्धांत, शहरी अर्थशास्त्र तथा अनेक अन्य विषय शामिल हैं।
  - संपूर्ण राजनीतिक विज्ञान: डाटाबेस 340 से अधिक पूर्ण-पाठ संदर्भ पुस्तकें और मोनोग्राफ और 44,000 से अधिक पूर्ण-पाठ सम्मेलन पत्र प्रदान करता है जिसमें अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक विज्ञान संघ के लोग शामिल हैं।
  - सॉकइंडेक्स: यह व्यापक समाजशास्त्र अनुसंधान डाटाबेस है। इसमें लगभग 900 जर्नल्स की पूरी पाठ्य सामग्री है तथा इसमें 1895 तक के 1500 से अधिक कोर कवरेज जर्नल्स के सूचनापरक सार हैं।

- इंडियास्टेट: इंडियास्टेट व्यापक सामाजिक-आर्थिक सांख्यिकीय डेटाबेस है, जो भारत से संबंधित प्रामाणिक एवं अद्यतन आँकड़ों तक पहुँच प्रदान करता है। यह शोधकर्ताओं, नीति-निर्माताओं, प्रशासकों, शिक्षाविदों और विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण संदर्भ स्रोत के रूप में कार्य करता है। इसमें विभिन्न सरकारी विभागों, मंत्रालयों, आयोगों तथा आधिकारिक प्रकाशनों से संकलित सांख्यिकीय जानकारी उपलब्ध है।

- जेएसटीओआर यह प्रमुख डिजिटल पुस्तकालय है, जो विश्वभर के अग्रणी शैक्षणिक प्रकाशकों एवं शोध संस्थानों द्वारा प्रकाशित 2,800 से अधिक शोधपरक पत्रिकाओं तक पहुँच प्रदान करता है। इसमें लोक प्रशासन, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, इतिहास, विधि, शिक्षा एवं सामाजिक विज्ञान जैसे विभिन्न विषयों को शामिल किया गया है।
- इंडियनजर्नल्स.कॉम: (व्यवसाय, अर्थशास्त्र और प्रबंधन) इसमें व्यवसाय, अर्थशास्त्र एवं प्रबंधन के क्षेत्रों में प्रकाशित 33 से अधिक भारतीय शैक्षणिक पत्रिकाएं एवं शोध प्रकाशन शामिल हैं।
- मनुपात्र: यह व्यापक विधिक डेटाबेस है, जो भारतीय एवं अंतरराष्ट्रीय न्यायिक निर्णयों, अधिनियमों, विनियमों, अधिसूचनाओं, कानूनी लेखों तथा टीकाओं तक पहुँच प्रदान करता है।
- एससीसी ऑनलाइन: यह एक प्रमुख कानूनी शोध डेटाबेस है जिसमें सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालयों, अधिकरणों एवं आयोगों के निर्णयों के साथ-साथ वैधानिक सामग्री, अंतरराष्ट्रीय कानूनी संसाधन तथा विदेशी न्यायक्षेत्रों से संबंधित सामग्री भी उपलब्ध है।
- ईपीडब्ल्यूआरएफ इंडिया टाइम सीरीज: ईपीडब्ल्यूआरएफ इंडिया टाइम सीरीज़ एक व्यापक सांख्यिकीय डेटाबेस है जो भारत के आर्थिक, वित्तीय, औद्योगिक, कृषि, बुनियादी अवसंरचना, सामाजिक और पर्यावरणीय संकेतकों की विस्तृत श्रृंखला को शामिल करने वाले 33 मॉड्यूल तक पहुंच प्रदान करता है।
- ईबीसी रीडर: ईबीसी रीडर व्यापक डिजिटल विधिक लाइब्रेरी है जो ईस्टर्न बुक कंपनी द्वारा प्रकाशित लगभग 1,100 कानूनी ई-बुक्स और वॉल्यूम तक पहुँच प्रदान करती है। इनमें कमेंट्री, मैनुअल, बेयर एक्ट, लॉ जर्नल, डाइजेस्ट, डिक्शनरी और संदर्भ सामग्री शामिल हैं।
- लाइव लॉ: लाइव लॉ प्रमुख विधिक समाचार एवं सूचना पोर्टल है, जो सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालयों, अधिकरणों, विधायी घटनाक्रमों तथा महत्वपूर्ण कानूनी मुद्दों से संबंधित व्यापक जानकारी और समाचार उपलब्ध कराता है।
- बार एंड बेंच: बार एंड बेंच एक प्रमुख विधिक समाचार एवं विश्लेषण मंच है, जिसमें न्यायपालिका, विधिक पेशे, विधि फर्मों, विधायी घटनाक्रमों तथा सार्वजनिक नीति से संबंधित विकासक्रम शामिल हैं।

- केसमाइन: केसमाइन एक एआई-संचालित विधिक शोध डेटाबेस है, जो लाखों न्यायिक निर्णयों, अधिनियमों, विधिक दस्तावेजों तथा केस लॉ तक पहुँच प्रदान करता है।
- मैगज़्टर: यह डिजिटल पत्रिका और समाचार पत्र प्लेटफ़ॉर्म है, जो विश्व भर की लगभग 10,000 पत्रिकाओं और अख़बारों को कई भाषाओं में उपलब्ध कराता है।

रिमोट एक्सेस सॉफ़्टवेयर

- माईलॉफ्ट: (माई लाइब्रेरी ऑन फिंगरटिप्स) माईलॉफ्ट रिमोट एक्सेस प्लेटफॉर्म है, जो अधिकारियों, प्रशिक्षु अधिकारियों, पूर्व छात्रों (एलुमनाई) तथा अन्य उपयोगकर्ताओं को कहीं से भी, किसी भी समय, सदस्यता प्राप्त ई-संसाधनों तक निर्बाध पहुँच प्रदान करता है। यह प्लेटफॉर्म ऑफ-कैंपस पहुँच, व्यक्तिगत पठन सूचियाँ, अलर्ट, टिप्पणियाँ/एनोटेशन तथा सहयोगात्मक शोध जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराता है, जिससे पुस्तकालय सेवाओं का विस्तार भौतिक परिसर से बाहर भी सुनिश्चित होता है। अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के दौरान कुल 1,253 सदस्यों ने इसमें पंजीकरण कराया।

2 (v) मेडिकल सेंटर

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी का मेडिकल सेंटर प्रशिक्षु अधिकारियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को व्यापक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करता है। यह सेंटर सही समय पर चिकित्सीय सहायता सुनिश्चित करने के लिए बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) सेवाएँ तथा चौबीस घंटे आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करता है।

स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने तथा अकादमी समुदाय की बढ़ती चिकित्सीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, वर्ष के दौरान संविदा आधार पर तीन चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई, जिससे दो नियमित चिकित्सा अधिकारियों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं को और सुदृढ़ किया जा सके। इसके अलावा, ऑर्थोपेडिक्स, स्त्री रोग, बाल रोग, नेत्र रोग तथा मनोचिकित्सा के विशेषज्ञों से परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध रही।

सेंटर में आवश्यक नैदानिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं, जिनमें इलेक्ट्रोकार्डियोग्राफी (ईसीजी), प्रयोगशाला सेवाएं, एक्स-रे तथा फिजियोथेरेपी शामिल हैं। पूर्णतः कार्यशील दंत चिकित्सा

यूनिट के माध्यम से निवारक एवं उपचारात्मक दंत चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जिनमें डेंटल रेस्टोरेटिव प्रक्रिया, रूट कैनाल उपचार, स्केलिंग एवं पॉलिशिंग, दाँतों को निकालना तथा अन्य नियमित दंत चिकित्सा सेवाएं शामिल हैं।

बेहतर जाँच अथवा विशेष उपचार की आवश्यकता वाले रोगियों को मसूरी और देहरादून स्थित सीजीएचएस से संबद्ध अस्पतालों एवं नैदानिक केंद्रों में रेफर किया जाता है। एम्स ऋषिकेश के सहयोग से प्रदान की जाने वाली टेलीमेडिसिन सेवाएं विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श तक पहुँच को सुगम बनाती हैं और उपचार की निरंतरता सुनिश्चित करती हैं।

वर्ष 2025–26 के दौरान, चिकित्सा केंद्र ने फाउंडेशन कोर्स तथा चरण-I और चरण-II के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से निवारक स्वास्थ्य देखभाल को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया। मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, जीवनशैली संबंधी विकारों तथा निवारक स्वास्थ्य देखभाल पर नियमित रूप से सत्र आयोजित किए। केंद्र ने सामुदायिक पहुँच संबंधी पहलों के अंतर्गत रक्तदान शिविरों एवं स्वास्थ्य शिविरों का भी आयोजन किया।

वर्ष के दौरान, चिकित्सा केंद्र में 25,000 से अधिक रोगियों ने बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) सेवाओं का लाभ उठाया। इनमें से लगभग 1,900 रोगियों को अल्पकालिक निगरानी एवं उपचार के लिए अंतःरोगी विभाग (आईपीडी) की सुविधा प्रदान की गई, जिनमें लगभग 1,700 प्रशिक्षु अधिकारी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रतिभागी शामिल रहे।

प्रशिक्षु अधिकारियों, संकाय सदस्यों तथा कर्मचारियों के लिए नियमित स्वास्थ्य जाँच एवं स्क्रीनिंग कार्यक्रम आयोजित किए गए, ताकि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समय रहते पता लगाकर उनका उचित प्रबंधन किया जा सके। नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर का भी आयोजन किया गया तथा देहरादून के प्रतिष्ठित नेत्र अस्पताल के सहयोग से दो सप्ताह में एक बार नेत्र रोग विशेषज्ञ से परामर्श की सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

वर्ष 2025-26 के दौरान आयोजित प्रमुख स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम

क्रम सं.	कार्यक्रम/शिविर	लाभार्थी/परिणाम
1	रक्तदान शिविर (जून, 2025)	59 स्वेच्छिक रक्तदाताओं ने भाग लिया।
2	मेडिकल सेंटर के कर्मचारियों के लिए ट्रॉमा मैनेजमेंट ट्रेनिंग	कार्यक्रम में 30 कर्मचारियों ने भाग लिया।
3	100वें फ़ाउंडेशन कोर्स के लिए रक्तदान शिविर	136 रक्तदाताओं ने भाग लिया, जिनमें 121 प्रशिक्षु अधिकारी शामिल रहे।
4	केंद्रीय विद्यालय के छात्रों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता और जांच शिविर	लगभग 200 छात्रों की जांच और स्क्रीनिंग की गई
5	लिवर फाइब्रोसिस स्क्रीनिंग कैंप	272 लाभार्थियों की जांच की गई
6	आंखों की जांच और परामर्श कैंप	355 मरीज़ों को स्क्रीनिंग और परामर्श सेवाओं से लाभान्वित हुए
7	स्त्री रोग स्वास्थ्य कैंप	58 मरीज़ों ने विशेषज्ञ से परामर्श किया और जांच कराई

मेडिकल सेंटर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं, विशेषज्ञ चिकित्सा सहयोग, निवारक स्वास्थ्य पहलों तथा सामुदायिक पहुँच संबंधी गतिविधियों के माध्यम से अकादमी समुदाय के स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सेंटर अकादमी के सभी हितधारकों के लिए स्वस्थ, सुरक्षित एवं उत्पादक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

आयुष वेलनेस सेंटर:

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में स्थित आयुर्वेद वेलनेस सेंटर, नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) के सहयोग से संचालित होता है। इसका उद्देश्य निवारक, स्वास्थ्यवर्धक एवं समग्र स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना है। केंद्र द्वारा आयुर्वेद आधारित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जाती हैं, जिनमें बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) परामर्श, पंचकर्म चिकित्सा, टेलीमेडिसिन सुविधाएँ, जीवनशैली परामर्श तथा योग परामर्श शामिल हैं।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, केंद्र द्वारा 1,843 रोगियों को बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) सेवाएं प्रदान की गईं तथा पंचकर्म की 2,791 प्रक्रियाएँ संपन्न की गईं। इसके अतिरिक्त, मसूरी के आसपास के गाँवों में आयुर्वेद के सात जनसंपर्क शिविर आयोजित किए गए, जिनसे 547 रोगी लाभान्वित हुए। इन विभिन्न पहल के माध्यम से आयुर्वेद आधारित स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच का विस्तार करने तथा क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

2 (vi) राजभाषा अनुभाग

भारत सरकार के कार्यालयों में संघ की राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में राजभाषा अनुभाग की स्थापना की गई। यह अनुभाग, निदेशक के समग्र मार्गदर्शन तथा पर्यवेक्षण में कार्य करता है। राजभाषा नीति के उद्देश्य के अनुरूप सरकारी कामकाज में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए राजभाषा अनुभाग निरंतर प्रयासरत है। अनुभाग अकादमी में विभिन्न अनुभागों से संबंधित अनुवाद अर्थात दस्तावेजों का हिंदी अनुवाद, मुहर, नामपट्ट, बैनर, विजिटिंग कार्ड इत्यादि को नियमित रूप से हिंदी में उपलब्ध कराने का कार्य भी संपन्न करता है। इसके अलावा भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन से संबंधित कार्य भी किए जाते हैं। इस अनुभाग द्वारा विचाराधीन वर्ष 2025-26 के दौरान मुख्यत: निम्नलिखित कार्य किए गए:

भारत सरकार, राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप, 'क', 'ख' तथा 'ग' क्षेत्रों के साथ हिंदी पत्राचार सुनिश्चित किया गया। तदनुसार, अकादमी द्वारा 'क' क्षेत्र के साथ 90.17%, 'ख' क्षेत्र के साथ 88.46% और 'ग' क्षेत्र के साथ 73.34% पत्राचार हिंदी में किया गया। राजभाषा अधिनियम की धारा 3 (3) के अंतर्गत जारी किए जाने वाले सभी दस्तावेजों को द्विभाषी रूप में जारी किया गया। विचाराधीन वर्ष के दौरान, अनुभाग द्वारा अकादमी के पुस्तकालय में हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिंदी पुस्तकों की खरीद के लिए सुझाव दिया गया।

संघ की राजभाषा नीति का सम्यक एवं समुचित अनुपालन सुनिश्चित करने और हिंदी के प्रयोग की स्थिति का जायजा लेने हेतु कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा दिनांक 03 और 04 अप्रैल 2025 को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी का राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया गया।

दिनांक 08 मई, 2025 को संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप समिति द्वारा लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी का निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के उपरांत अकादमी को राजभाषा कार्यान्वयन हेतु उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।



संसदीय राजभाषा समिति से उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र प्राप्त करते हुए निदेशक, अकादमी एवं संकाय सदस्य

संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण रिपोर्ट में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कार्मिकों को कार्यशाला एवं प्रशिक्षण के माध्यम से हिंदी में प्रवीण बनाने के लिए अकादमी का ध्यान आकर्षित किया गया। इस बिंदु पर अनुवर्ती कार्रवाई हेतु हिंदी भाषा संकाय सदस्यों एवं राजभाषा अनुभाग द्वारा दिनांक 03 सितंबर, 2025 को अकादमी में भाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

दिनांक 04 सितंबर, 2025 को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में 'राजभाषा एवं इसके विकास में तकनीक का योगदान' विषय पर राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में अकादमी के कार्मिकों की सक्रिय प्रतिभागिता रही।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार राजभाषा नीति के कार्यान्वयन हेतु उत्साहवर्धक वातावरण तैयार करने के लिए प्रतिवर्ष हिंदी दिवस/सप्ताह/पखवाड़ा आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी अकादमी में दिनांक 14 सितंबर से 29 सितंबर, 2025 तक 'दो सप्ताह हिंदी के नाम' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राजभाषा अनुभाग द्वारा अकादमी के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों/टीए/आरएफ/संविदा कार्मिकों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे हिंदी निबंध लेखन, हिंदी काव्य रचना, चित्र आधारित कहानी लेखन, हिंदी टिप्पण एवं आलेखन, हिंदी श्रुतलेखन, राजभाषा नीति संबंधी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, यूनिकोड के माध्यम से हिंदी टंकण, प्रशासनिक वाक्यांश तथा पारिभाषिक शब्दावली ज्ञान प्रतियोगिता और आधारभूत हिंदी व्याकरण ज्ञान प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गईं।

100वें आधारिक पाठ्यक्रम (फाउंडेशन कोर्स) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने हिंदी एवं क्षेत्रीय भाषा के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के लिए हिंदी एवं क्षेत्रीय भाषा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं में ट्रेजर हंट, निबंध, काव्य पाठ, ओपन माइक तथा प्रश्नोत्तरी शामिल रहीं। कंचनजंघा हाउस के प्रशिक्षु अधिकारियों ने यह आयोजन राहुल सांकृत्यायन भाषा मंच के माध्यम से किया।

अकादमी की पत्रिका 'सृजन' के 13वें अंक का प्रकाशन किया गया। पत्रिका में अकादमी परिवार के सदस्यों के लेख/रचनाओं को स्थान मिला तथा पत्रिका का प्रकाशन कार्य सफलतापूर्वक संपादित किया गया। 100वां आधारिक पाठ्यक्रम की यादों को संजोने एवं विविधता में एकता की भावना को आत्मसात करते हुए, 'सृजन:**100**वां आधारिक पाठ्यक्रम-विशेषांक' का प्रकाशन किया गया।



माननीय रक्षा मंत्री, श्री राजनाथ सिंह के कर-कमलों द्वारा **100**वें फाउंडेशन कोर्स सृजन विशेषांक का विमोचन

राजभाषा हिंदी की उत्तरोत्तर प्रगति का जायजा लेने हेतु राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (उत्तरी क्षेत्र-2), गाजियाबाद द्वारा दिनांक 27 अक्टूबर, 2025 को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी का राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया गया।

समीक्षाधीन वर्ष 2025-26 में कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की 15वीं बैठक दिनांक 28 अप्रैल, 2025 तथा 16वीं बैठक दिनांक 01 दिसंबर, 2025 को सिविल सेवा अधिकारी संस्थान, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली में आयोजित की गई। यह दोनों बैठकें कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

अकादमी केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान होने के कारण सरकारी काम-काज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग के अलावा प्रशिक्षण में भी विशेष रूप से हिंदी के प्रयोग पर बल दिया जाता है। भारत सरकार की

राजभाषा नीति के अनुसार, अखिल भारतीय सिविल सेवा तथा केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों को हिंदी भाषा का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

इस प्रशिक्षण के अंतर्गत सर्वप्रथम फाउंडेशन पाठयक्रम में प्रवेश के उपरांत प्रशिक्षु अधिकारियों के हिंदी के कार्यसाधक ज्ञान की जांच करने के लिए हिंदी प्रवीणता परीक्षा आयोजित की जाती है। परीक्षा परिणाम के आधार पर प्रशिक्षु अधिकारियों को बेसिक और हायर ग्रुप में बांटकर सामान्य और व्यावहारिक हिंदी पढ़ायी जाती है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा फेज़-I के सभी संवर्ग के अधिकारियों को अपना कार्यालयीन काम-काज करने के लिए हिंदी का ज्ञान अपेक्षित है। उनको अपने दैनंदिन कार्यकलाप यथा टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, पत्राचार, जन संबोधन, कार्यान्वयन, बैठक लेना आदि अन्य कार्य हिंदी भाषा में करने होते हैं। साथ ही केंद्रशासित प्रदेश (AGMUT) के प्रशिक्षु अधिकारियों को भी अनिवार्य रूप से प्रशासनिक हिंदी पढ़ाई जाती है। जिन प्रशिक्षु अधिकारियों ने फाउंडेशन कोर्स में बेसिक स्तर पर हिंदी सीखी थी, उन्हें हिंदी संवर्ग मिलने पर नियमित भाषा कक्षाओं के अलावा आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कक्षाओं के माध्यम से सामान्य तथा प्रशासनिक हिंदी में प्रशिक्षित किया जाता है।

चरण –I में गैर हिंदी भाषी संवर्ग के प्रशिक्षु अधिकारियों को भी राजभाषा नीति के अनुपालनार्थ प्रयोजनमूलक तथा कार्यालयीन हिंदी सिखायी जाती है। भाषा संकाय क्षेत्रीय/संवर्ग भाषाओं को सिखाने के लिए माध्यम के रूप में हिंदी भाषा का अधिकतम प्रयोग करते हैं। भा. प्र. से. चरण -I के सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को हिंदी की परीक्षा पास करना अनिवार्य होता है।

हिंदी भाषा में प्रवीणता प्राप्त करने हेतु उन्हें विभिन्न टूल्स, सॉफ्टवेयर, पुस्तिकाएं आदि की जानकारी दी जाती है। अभ्यास पाठ्यसामग्री प्रदान की जाती है। उनकी काउंसलिंग भी की जाती है। इसके अतिरिक्त रॉयल भूटान सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को भी व्यावहारिक बोलचाल की हिंदी का ज्ञान प्रदान किया जाता है। उनकी रूचि एवं आवश्यकता के अनुसार, सुधारात्मक कक्षाएं भी आयोजित की जाती है।

इस प्रकार अकादमी अपने प्रशासनिक और प्रशिक्षण, दोनों क्षेत्रों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर प्रयासरत है।

2 (vii) संपदा

अकादमी अवसंरचना का संक्षिप्त विवरण:

- कुल भूमि क्षेत्र – 218.57 एकड़
- अकादमी का कुल निर्मित क्षेत्र – 10,74,935 वर्ग फुट
- सामान्य सुविधाओं का कुल निर्मित क्षेत्र (छात्रावास, आवास और अतिथि गृहों को छोड़कर) - 4,31,078 वर्ग फुट
- छात्रावासों का कुल निर्मित क्षेत्रफल - 2,97,772 वर्ग फुट
- आवासीय और अतिथि गृहों का कुल निर्मित क्षेत्रफल - 3,46,085 वर्ग फुट
- संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के लिए आवास – 376
- 422 कमरों वाले 11 छात्रावास
- 03 सभागार, 07 व्याख्यान कक्ष, 16 सेमिनार कक्ष, 06 सम्मेलन कक्ष
- 74 कमरों वाले अतिथि गृह, विशेष आवास आदि

उपरोक्त के संबंध में भूमिकाएं और उत्तरदायित्व:

मुख्य उत्तरदायित्व

संपदा अनुभाग अकादमी के व्यापक संपदा के प्रबंधन, रख-रखाव एवं देखभाल के लिए उत्तरदायी है। इस संपदा में शार्लेविल, इंदिरा भवन और हैप्पी वैली जैसे परिसरों में स्थित विभिन्न आवासीय, प्रशासनिक, संस्थागत तथा अन्य भवन एवं संपत्तियां शामिल हैं। संपदा अनुभाग परिसंपत्तियों के प्रभावी उपयोग एवं रख-रखाव की निगरानी करता है, रख-रखाव एवं मरम्मत कार्यों से संबंधित समन्वय करता है तथा आवासीय एवं आधिकारिक परिसरों के समुचित प्रबंधन को सुनिश्चित करता है।

अनुभाग के मुख्य उत्तरदायित्व में शामिल हैं:



• संपदा प्रबंधन: अकादमी के आवासीय, कार्यालय, छात्रावास तथा अन्य संपदा परिसरों का रख-रखाव एवं प्रबंधन तथा उनका उचित उपयोग एवं समुचित देखभाल सुनिश्चित करना।

• रख-रखाव एवं मरम्मत: भवनों तथा अन्य संपदा अवसंरचना के नियमित एवं आवधिक रख-रखाव, मरम्मत, नवीनीकरण तथा देखभाल संबंधी कार्यों का समन्वय एवं निगरानी करना।

• आवासीय संपत्ति प्रबंधन: लागू नियमों के अनुसार आवासीय परिसर एवं अन्य संपदा सुविधाओं का प्रबंधन करना, जिसमें आवासीय परिसरों का आवंटन, अधिभोग, रिक्तीकरण तथा रख-रखाव शामिल है।

• अवसंरचना एवं उपयोगिता सेवाओं का प्रबंधन: जलापूर्ति, स्वच्छता, विद्युत कार्य, जल निकासी, सड़कें, मार्ग तथा अन्य सामान्य सुविधाओं सहित संपदा से संबंधित आवश्यक अवसंरचना एवं सेवाओं की निगरानी करना।

• परिसंपत्ति प्रबंधन: संपदा परिसंपत्तियों का उचित अभिलेख संधारण एवं भौतिक निगरानी करना तथा उनका संरक्षण, रख-रखाव एवं उचित उपयोग सुनिश्चित करना।

• अनधिकृत कब्जे की रोकथाम: अनधिकृत कब्जे अथवा अतिक्रमण के मामलों की पहचान के लिए संपदा परिसरों की निगरानी करना तथा लागू नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुसार उचित कार्रवाई करना।

• इन गतिविधियों के माध्यम से, संपदा अनुभाग अकादमी की भौतिक अवसंरचना एवं सरकारी परिसंपत्तियों के व्यवस्थित प्रबंधन, संरक्षण तथा कुशल उपयोग में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

मुख्य रखरखाव और परिचालन अधिदेश

यह अनुभाग अकादमी की अवसंरचना के संरक्षक के रूप में कार्य करता है तथा प्रशिक्षु अधिकारियों और संकाय सदस्यों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विरासत संपत्तियों के संरक्षण और आधुनिक सुविधाओं के प्रबंधन के बीच संतुलन बनाए रखता है।

1. संपत्ति का संरक्षण और रखरखाव

- स्थिति की निगरानी: परिसर के भवनों, संकाय आवासों तथा प्रशिक्षु अधिकारियों के छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करना।
- नियमित मरम्मत: पूरे परिसर में प्लंबिंग, विद्युत, कार्पेंटरी तथा राजमिस्त्री से संबंधित दैनिक रख-रखाव एवं मरम्मत कार्यों का प्रबंधन करना।
- नवीनीकरण की निगरानी: ऐतिहासिक वास्तुकला को संरक्षित रखते हुए सुविधाओं के आधुनिकीकरण के लिए संरचनात्मक उन्नयन की योजना बनाना और उसे कार्यान्वित करना।

2. अधिवासी एवं निवासी संबंध

- आवंटन प्रबंधन: प्रशिक्षु अधिकारियों, संकाय सदस्यों तथा आगंतुक गणमान्य व्यक्तियों के सुचारु चेक-इन एवं चेक-आउट का समन्वय करना।
- शिकायत निवारण: निवासियों की सुविधाओं से संबंधित शिकायतों का त्वरित समाधान करने के लिए केंद्रीकृत हेल्पडेस्क या टिकट प्रणाली का संचालन करना।
- उपयोगिता प्रशासन: निर्बाध जलापूर्ति, हीटिंग सिस्टम तथा विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना।

मुख्य दस्तावेज़ीकरण कार्यक्षेत्र

अनुभाग अकादमी की सभी परिसंपत्तियों की स्थिति, अधिभोग की स्थिति तथा कानूनी अनुपालन की जांच करने के लिए अभिलेखों के केंद्रीकृत भंडार का प्रबंधन करता है।

● रख-रखाव अभिलेख: सभी ब्लॉकों के नियमित सेवा अभिलेख, संरचनात्मक मरम्मत का इतिहास, सुरक्षा निरीक्षण के परिणाम तथा उपकरणों के सर्विसिंग कार्यक्रम का दस्तावेजीकरण करना।

● किरायेदार अभिलेख: संकाय सदस्यों, कर्मचारियों तथा प्रशिक्षु अधिकारियों के आवंटन संबंधी विवरण, लाइसेंस शुल्क की वसूली, वस्तु-सूची जाँच-सूचियों तथा चेक-इन/चेक-आउट अभिलेखों का प्रबंधन करना।

● कानूनी दस्तावेज: संपदा संचालन से संबंधित भूमि विलेख, सीमा मानचित्र, नगरपालिका अनुमोदन, अतिक्रमण संबंधी नोटिस तथा अनुपालन प्रमाण-पत्रों का सुरक्षित रख-रखाव करना।

अधिवासी संबंधों के अंतर्गत प्रमुख कार्यक्षेत्र

अकादमी में यह अनुभाग संस्थागत आतिथ्य के लिए प्रमुख संपर्क बिंदु के रूप में कार्य करता है तथा प्रशिक्षुओं और अतिथि संकाय सदस्यों की उच्च संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाता है।

1. आवंटन

● कर्मचारी आवास: पात्रता और लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में सरकारी आवासों के आवंटन से संबंधित नियमों के आधार पर संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों को आवासीय इकाइयों का आवंटन करना।

● छात्रावास एवं अतिथि गृह: पाठ्यक्रम समन्वयकों के साथ समन्वय करते हुए आने वाले प्रशिक्षु अधिकारियों तथा विशिष्ट अतिथियों के लिए कार्यकारी सुइट्स एवं छात्रावास के विंग्स (जैसे गंगा, नर्मदा और कावेरी छात्रावास) का आवंटन एवं समुचित व्यवस्था करना।

● वाणिज्यिक दुकानें: परिसर समुदाय की आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाली उपयोगी दुकानों के लिए लीज़ समझौतों, उनके नवीनीकरण तथा किराया संबंधी कार्यों का प्रबंधन करना।

2. विवाद समाधान और फीडबैक फ्रेमवर्क

● वार्डन के साथ समन्वय: मेस के भोजन, हीटिंग व्यवस्था अथवा कमरों के रख-रखाव से संबंधित प्रशिक्षु अधिकारियों की शिकायतों के समाधान के लिए छात्रावास वार्डनों के साथ साप्ताहिक या दो सप्ताह में एक बार निर्धारित बैठकें आयोजित करना।

● कर्मचारी संघ की बैठकें: कॉलोनी-स्तरीय अवसंरचना की आवश्यकताओं, सुरक्षा संबंधी चिंताओं तथा सामुदायिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने के लिए निवासी कल्याण संघों के साथ समन्वय एवं विचार-विमर्श करना।

पर्यावरण संबंधी मुख्य दायित्व

अनुभाग संपूर्ण अकादमी परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में पर्यावरणीय स्थिरता तथा स्वच्छता के कड़े मानकों को बढ़ावा देता है। यह संसाधनों का कुशल प्रबंधन करता है, अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी प्रोटोकॉल को लागू करता है तथा औपचारिक मानक प्रचालन प्रक्रियाओं (SOPs) के माध्यम से स्वच्छता को संस्थागत रूप प्रदान करता है।

• संसाधन दक्षता: अकादमी के सभी भवनों में ऊर्जा की बचत के उपायों तथा जल-कुशल प्रथाओं को लागू करना।

• अपशिष्ट प्रबंधन: स्थानीय मसूरी नगरपालिका के समन्वय से परिसर के अपशिष्ट का पृथक्करण, संग्रहण तथा सुरक्षित निपटान सुनिश्चित करना।

• परिसर के बाहरी क्षेत्रों की स्वच्छता: परिसर के भीतर तथा बाहरी सार्वजनिक सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाना और स्वच्छता बनाए रखना।

• स्वच्छता संबंधी जागरूकता: कर्मचारियों, प्रशिक्षु अधिकारियों, आगंतुकों तथा आम जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने के लिए जागरूकता अभियान आयोजित करना।

• मानक प्रचालन प्रक्रियाओं **(SOPs)** का निर्माण: दैनिक स्वच्छता एवं पर्यावरण-अनुकूल कार्यप्रणालियों के लिए औपचारिक, चरणबद्ध मानक प्रचालन प्रक्रियाएँ तैयार करना।

• कार्यभार-आधारित कार्य निर्धारण प्रणाली

अनुभाग व्यस्ततम गतिविधि के समय के अनुरूप कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित करके, कड़े साफ- सफाई प्रोटोकॉल लागू करके तथा पूरे अकादमी परिसर में पेशेवर आतिथ्य मानकों को बनाए रखते हुए मानव संसाधन प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाता है।

• व्यस्त समय में कर्मचारियों की तैनाती: व्याख्यान, भोजन तथा अंतराल के तुरंत बाद भोजन कक्षों, शौचालयों तथा शैक्षणिक ब्लॉकों में अधिकतम कर्मचारियों की तैनाती करना।

• नियमित साफ-सफाई: ज्ञानशिला एवं संपूर्णानंद सभागार जैसे अधिक आवागमन वाले क्षेत्रों की दैनिक एवं निरंतर साफ-सफाई और रख-रखाव का कार्यक्रम निर्धारित करना।

● गहन साफ-सफाई की शिफ्टें: कालीनों की गहन सफाई, फर्श की पॉलिशिंग तथा खिड़कियों की धुलाई जैसे कार्यों के लिए रात्रि अथवा सप्ताहांत में विशेष टीमों की तैनाती करना।

● विशेष अनुरोध डेस्क: निवासियों एवं अतिथियों से प्राप्त कमरों अथवा छात्रावासों के रख-रखाव संबंधी तात्कालिक अनुरोधों का शीघ्र समाधान करने के लिए ऑन-कॉल एवं त्वरित प्रतिक्रिया देने वाली टीम की व्यवस्था बनाए रखना।

संदेश प्रसार के लिए कार्यान्वयन मैट्रिक्स

अनुभाग सभी हितधारकों के बीच अवसंरचना के रख-रखाव एवं स्वच्छता संबंधी प्रोटोकॉल को संस्थागत रूप प्रदान करने के लिए इन तीन विशिष्ट संचार चरणों को व्यवस्थित रूप से लागू करता है।

1. दृश्य मानक प्रचालन प्रक्रिया प्रसारण (बड़ी डिजिटल स्क्रीन)

o डायनामिक मीडिया लूप: विस्तृत एवं तकनीकी मानक प्रचालन प्रक्रियाओं (SOPs) को अत्यधिक दृश्यात्मक, द्विभाषी (हिंदी/अंग्रेज़ी) पावरपॉइंट प्रस्तुतियों में परिवर्तित करना।

o सार्वजनिक रणनीतिक स्थान-निर्धारण: आम जनता एवं नगरपालिका कर्मियों के लिए सुरक्षा, अपशिष्ट पृथक्करण तथा नागरिक कर्तव्य से संबंधित स्लाइडों का परिसर के प्रवेश द्वारों और बाहरी सड़कों पर मौसमरोधी आउटडोर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रसारण करना।

o आंतरिक रणनीतिक स्थान-निर्धारण: आगंतुकों का ध्यान आकर्षित करने के लिए ज्ञानशिला प्रशासनिक ब्लॉक, छात्रावास के स्वागत कक्षों तथा अधिकारी मेस में डिजिटल कियोस्क पर निरंतर सूचनात्मक सामग्री का प्रसारण करना।

2. संस्थागत क्षमता - निर्माण (कर्मचारी प्रशिक्षण)

o कार्यालय कर्मचारियों की ब्रीफिंग: प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए डिजिटल दस्तावेजीकरण, परिसंपत्ति ट्रैकिंग तथा पर्यावरणीय अनुपालन रिपोर्टिंग प्रोटोकॉल विषय पर समय-समय पर कार्यशालाएं आयोजित करना।

○ हाउसकीपिंग सशक्तीकरण: स्वच्छता कर्मियों के लिए संसाधन संरक्षण, रसायनों को सही अनुपात में घोलने तथा सार्वजनिक स्थलों के रख-रखाव के मानकों पर व्यावहारिक एवं प्रशिक्षण-आधारित सत्र आयोजित करना।

3. पाठ्यक्रम में एकीकरण (प्रशिक्षु एवं पाठ्यक्रम प्रतिभागी)

● इंडक्शन इनपुट्स: फाउंडेशन कोर्स एवं चरण-I प्रशिक्षण के दौरान सार्वजनिक परिसंपत्तियों के रख-रखाव, जल के कुशल उपयोग तथा शून्य-अपशिष्ट परिसर संबंधी नीतियों पर विशेष सत्र आयोजित करना।

● अनुभवात्मक ज्ञानार्जन: प्रशिक्षु अधिकारियों को परिसर एवं बाहरी क्षेत्रों में आयोजित स्वच्छता अभियानों में सीधे शामिल करना, ताकि वे अपने संबंधित क्षेत्रीय संवर्ग में जाने से पहले व्यावहारिक एवं अवसंरचना-केंद्रित दृष्टिकोण विकसित कर सकें।

2 (viii) अधिकारी मेस

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी के परिसर में स्थित अधिकारी मेस, अधिकारियों की आवश्यकताओं को पूर्ण करने तथा उनमें प्रबंधकीय और संगठनात्मक कौशल विकसित करने वाली संस्था है। यह ऐसा स्थान है जहाँ पर विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के माध्यम से संस्कृतियाँ, परंपराएँ, प्रथाएँ और मान्यताएँ परस्पर मिलती हैं। यह संस्था प्रशिक्षु अधिकारियों में सार्वभौमिक भातृभाव और बंधुत्व की भावना को निरंतर बढ़ावा देती है और उसे पोषित करती है। मेस का उद्देश्य शिष्टाचार, आचरण और सेवा मामलों में उच्चतम मानकों को प्राप्त करना है। प्रत्येक प्रशिक्षु अधिकारी इस संस्था का अभिन्न अंग है।

अधिकारी मेस को मेस समिति संचालित करती है। मेस समिति के सदस्य प्रशिक्षु अधिकारियों में से ही होते हैं। इस समिति में एक अध्यक्ष, एक सचिव, एक कोषाध्यक्ष और पांच अन्य सदस्य शामिल होते हैं, जो संघ भाव को बढ़ावा देने के लिए कर्तव्य का निर्वहन करते हैं।

मेस समिति, अधिकारी मेस के निदेशक नामिति के समग्र मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में कार्य करती है। मेस को एक पूर्णकालिक प्रबंधक (प्रचालन), प्रबंधक (लेखा), स्टोर कीपर और

पर्यवेक्षकों द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। इस संस्था के कार्यबल, अधिकारी मेस के कर्मचारी हैं जिनमें रसोइया, सहायक, टेबल बियरर, रूम बियरर, सफाई कर्मचारी और डिशवाशर शामिल हैं।

अधिकारी मेस कर्मशिला, ज्ञानशिला, मोनेस्ट्री एस्टेट, कालिंदी वीआईपी गेस्ट हाउस और इंदिरा भवन मेस परिसर में स्थित अधिकारी मेस लगभग 700 लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था करता है। अधिकारी मेस प्रतिभागियों के लिए देश के अलग-अलग भागों से संबद्ध विभिन्न प्रकार के व्यंजन परोसता है। अधिकारी मेस अपने सेवा केंद्रों के माध्यम से भी सेवा प्रदान करता है: -

1. ए.एन. झा प्लाजा कैफे,
2. होम टर्फ कैफेटेरिया,
3. स्पोर्ट्स कैफेटेरिया

कैलेंडर वर्ष **2025-26** के दौरान अधिकारी मेस के पदाधिकारी निम्नलिखित हैं: -

आईएएस चरण I **(2024** बैच)

निदेशक नामिति: रितिका नरूला, प्रोफेसर, अर्थशास्त्र

निदेशक सह नामिति: सचिव कुमार, रीडर, विधि

- ओशी मंडल — अध्यक्ष ,मेस समिति
- मुकिलन आर. — सचिव
- सुभद्राशिनी एम . — कोषाध्यक्ष
- अयान जैन — सदस्य ,मेस समिति
- कैरोलिन चिंगथियानमावी — सदस्य ,मेस समिति
- किनले शेरिंग — सदस्य ,मेस समिति
- कृष्णा जोशी — सदस्य ,मेस समिति
- अर्जुन गुप्ता — सदस्य ,मेस समिति

आईएएस चरण II (2023 बैच)

निदेशक नामिति: रितिका नरूला, प्रोफेसर, अर्थशास्त्र

निदेशक सह नामिति: सचिव कुमार, रीडर, विधि

- पवार स्वप्निल जगन्नाथ — अध्यक्ष ,मेस समिति
- कृतिका गोयल — सचिव
- दीक्षिता जोशी — कोषाध्यक्ष
- स्वाति शर्मा — सदस्य ,मेस समिति
- कस्तूरी पांडा — सदस्य ,मेस समिति
- जी वी एस पवनदत्ता — सदस्य ,मेस समिति

100वां आधारिक पाठ्यक्रम

निदेशक नामिति: रितिका नरूला, प्रोफेसर, अर्थशास्त्र

निदेशक सह नामिति: सचिव कुमार, रीडर, विधि

- सहरस कुमार — अध्यक्ष ,मेस समिति
- गोकुल आर.के. — सचिव
- विकास यादव — कोषाध्यक्ष
- तमिलारासी आर. — सदस्य ,मेस समिति
- प्रिया — सदस्य ,मेस समिति
- गंगा गोपी — सदस्य ,मेस समिति
- चेरुकु अवनाश रेड्डी — सदस्य ,मेस समिति

- रजत कुमार राय सदस्य ,मेस समिति

आईएएस चरण I (2025 बैच)

निदेशक नामिति: रितिका नरूला, प्रोफेसर, अर्थशास्त्र

निदेशक सह नामिति: सचिव कुमार, रीडर, विधि

- सिद्धार्थ पोखरना अध्यक्ष ,मेस समिति
- अंजू सचिव
- पाटिल कृष्ण बब्रुवान कोषाध्यक्ष
- हिमांशु भास्कर सदस्य ,मेस समिति
- ताशी तेनज़िन सदस्य ,मेस समिति

अधिकारी मेस द्वारा की गई प्रमुख पहलें और गतिविधियाँ: -

1. व्यापक सेवाएँ: 100वें फाउंडेशन कोर्स में नामांकित लगभग 700 प्रशिक्षु अधिकारियों की आवश्यकताओं को पूरा करते हुए, अधिकारी मेस ने पाठ्यक्रम की आवश्यकताओं के अनुसार, मेस की सीमाओं के भीतर और बाहर दोनों जगह सेवाएं प्रदान कीं।
2. एमसीटी कार्यक्रम: अधिकारी मेस, चरण -III, चरण -IV, चरण -V, सीएमसीटीपी, इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम और संयुक्त सिविल सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसे मध्यावधि सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रतिभागियों की खानपान संबंधी जरूरतों को पूरा करता है, जिससे इन कार्यक्रमों का सुचारू संचालन सुनिश्चित होता है।
3. पोषण अनुरूप व्यंजन-सूची: अधिकारी मेस में प्रशिक्षु अधिकारियों और अधिकारियों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए ध्यानपूर्वक व्यंजन सूची तैयार की है, जिससे उनके समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा मिल सके।
4. उत्सव संबंधी कार्यक्रम: भारत दिवस आंचलिक दिवसों से लेकर भारत के विभिन्न त्योहारों के उत्सव तक, अधिकारी मेस ने विविधता का उत्सव मनाने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया।
5. क्षेत्रीय पाककला का प्रदर्शन: भारत की समृद्ध पाक कला विरासत को अपनाते हुए, प्रशिक्षु अधिकारियों को हमारे विविध राज्यों के क्षेत्रीय व्यंजनों से परिचित कराया गया। इसके अतिरिक्त, अधिकारी मेस ने ओणम, उगादी, ईद, लोहड़ी और मकर

संक्रांति जैसे विभिन्न त्योहारों के आयोजन में भोजन की व्यवस्था की, जिससे समावेशिता और सांस्कृतिक सद्भाव को बढ़ावा मिला।

6. विशिष्ट आतिथ्य सत्कार: अधिकारी मेस ने गणमान्य व्यक्तियों और विशिष्ट अतिथियों के लिए विशेष भोजन और हाई-टी का आयोजन किया। इसमें उद्घाटन जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के लिए हाई-टी, विशेष रात्रिभोज, विदाई भोज और विभिन्न पाठ्यक्रमों के दौरान निदेशक हाई-टी शामिल रही।
7. साहसिक प्रावधान: ट्रेक के लिए तैयार किए गए भोजन की पेशकश करते हुए, अधिकारी मेस ने हमारे साहसी प्रतिभागियों के लिए पोषण और जीवन शक्ति सुनिश्चित करते हुए यादगार बाहरी अनुभवों को सुगम बनाया।
8. वीआईपी आतिथ्य सत्कार: प्रतिष्ठित कालिंदी गेस्ट हाउस में वक्ताओं और वीआईपी मेहमानों को सेवाएं प्रदान करते समय अधिकारी मेस के समर्पित कर्मचारियों ने त्रुटिरहित सेवाएं प्रदान की तथा आतिथ्य सत्कार के उच्चतम मानकों को बनाए रखा।
9. कार्यक्षेत्र विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम: इंदिरा भवन मेस में सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों की पाक संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करते हुए, अधिकारी मेस ने इन आईएसटी कार्यक्रमों के सुचारू संचालन में भी सहयोग प्रदान किया।
10. शैक्षिक प्रयास: फाउंडेशन कोर्स और आईएएस चरण-I और चरण-II पाठ्यक्रमों के दौरान आवश्यक ईसीएम कक्षाओं का आयोजन करके, अधिकारी मेस ने हमारे प्रशिक्षु अधिकारियों के समग्र विकास में योगदान दिया, जिससे नेतृत्व और प्रबंधन कौशल को बढ़ावा मिला।

2 (ix) विभागीय कैंटीन

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी अपने मुख्य परिसर में अपने प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक सुव्यवस्थित विभागीय कैंटीन संचालित कर रही है, ताकि स्टाफ और संकाय सदस्यों की खानपान संबधी कल्याणकारी जरूरतों को पूरा किया जा सके। विभागीय कैंटीन, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी प्रतिदिन लगभग 500–600 लोगों की भोजन संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करती है तथा विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ, नाश्ता, दोपहर का भोजन, स्नैक्स, चाय, कॉफी एवं अन्य पेय पदार्थ आदि उपलब्ध कराती है। विभागीय कैंटीन का प्रमुख उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मनोबल, कार्यक्षमता तथा शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ एवं स्वास्थ्यकर तरीके से तैयार पौष्टिक, गुणवत्तापूर्ण और किफायती भोजन अत्यंत उचित रियायती दरों पर उपलब्ध कराना है। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी की विभागीय कैंटीन ने निरंतर उचित स्वच्छता, साफ-सफाई तथा खाद्य सुरक्षा मानकों को बनाए रखा है। नियमित संचालन के अतिरिक्त, विभागीय कैंटीन ने विभिन्न सम्मेलनों, पाठ्यक्रमों, विशेष अवसरों एवं त्योहारों

के दौरान विशेष सेवाएं भी प्रदान की हैं। कैंटीन में मोटे अनाज (मिलेट) आधारित आहार को शामिल किया गया है तथा विशेष दिनों में पारंपरिक क्षेत्रीय व्यंजन भी परोसे गए हैं। विभागीय कैंटीन ने कर्मचारियों की सहभागिता, कल्याण तथा संगठनात्मक संस्कृति को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने कर्मचारियों, संकाय सदस्यों, प्रशिक्षु अधिकारियों, प्रतिभागियों तथा विशिष्ट अतिथियों को विशेष रूप से अति विशिष्ट व्यक्तियों के दौरों के दौरान उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता एवं क्षमता का निरंतर प्रदर्शन किया है। अतः विभागीय कैंटीन, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, शांत वातावरण में सुलभ एवं किफायती भोजन उपलब्ध कराकर अकादमी के कर्मचारियों के सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह कर्मचारियों की समग्र कार्यक्षमता एवं कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान देती है।

2 (x) पूर्व छात्र (एलुमनाई) संघ

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी का पूर्व छात्र संघ, पूर्व छात्र चार्टर द्वारा निर्देशित है और अपने सदस्यों के बीच एकता, सेवा, उत्कृष्टता और ईमानदारी के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। संघ को अकादमी निदेशक का नेतृत्व एवं निदेशक नामिति का समर्थन प्राप्त है। वर्तमान में, संघ में 15,114 से अधिक सदस्य हैं, जो लोक सेवा में शामिल पेशेवरों का मजबूत और बढ़ता हुआ नेटवर्क है।

अकादमी नियमित रूप से पूर्व छात्रों को सहायक संकाय सदस्यों के रूप में शामिल करती है, जिनकी उपस्थिति वर्तमान प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण अनुभव को काफी समृद्ध बनाती है। पूर्व छात्र विभिन्न समूहों के लिए विभिन्न शिक्षण मॉड्यूल में योगदान देते हैं, जिससे संस्थागत स्मृति सुदृढ़ होती है तथा शिक्षण विधियों एवं व्यावसायिक विकास में नवाचार को बढ़ावा मिलता है। उनकी भागीदारी प्रशिक्षण प्रदायी को बेहतर बनाने, मूल्यवान प्रतिक्रिया प्राप्त करने, पुस्तकालय संसाधनों को बढ़ाने और सार्थक क्षेत्र भ्रमण को सुगम बनाने में सहायक सिद्ध होती है।

शिक्षण संबंधी गतिविधियों के अलावा, पूर्व छात्रों को नियमित अंतराल पर संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रमों और विषयगत चर्चाओं के लिए आमंत्रित किया जाता है, जहाँ वे अतिथि वक्ता, मार्गदर्शक या विचार-विमर्श अग्रणियों के रूप में कार्य करते हैं। अकादमी वार्षिक कैलेंडर के रूप में सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारियों के पुनर्मिलन (रीयूनियन) का भी आयोजन करती है, जिसका उद्देश्य सौहार्द का जश्न मनाना, सार्वजनिक सेवा के अनुभवों पर विचार साझा करना और पूर्व छात्रों तथा अकादमी के बीच संबंधों को प्रगाढ़ बनाना है।

वर्ष 2025 में अकादमी ने दो प्रमुख पूर्व छात्र पुनर्मिलन (रीयूनियन समारोहों का सफलतापूर्वक आयोजन किया:

- 1985 बैच का पुनर्मिलन समारोह 28 से 30 अप्रैल, 2025 तक आयोजित किया गया, जिसमें 108 अधिकारियों ने भाग लिया।
- 1976 बैच की स्वर्ण जयंती 6 से 8 मई, 2025 तक आयोजित की गई, जिसमें 157 अधिकारियों ने सहभागिता की।
- 1975 बैच की स्वर्ण जयंती 12 से 14 जुलाई, 2025 तक आयोजित की गई, जिसमें 91 अधिकारियों ने भाग लिया।

इन समारोहों ने पूर्व छात्रों को पुनः एक-दूसरे से जुड़ने, अपने अनुभव साझा करने तथा लोक सेवा की भावना और मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए एक जीवंत मंच प्रदान किया।

पूर्व छात्र संघ अकादमी और उसके पूर्व छात्रों के बीच आजीवन संबंध को प्रगाढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे अकादमी का प्रभाव और विरासत उसके परिसर से कहीं अधिक दूर तक विस्तारित होता है।

2 (xi) आउटडोर अनुभाग

वर्ष 2025–2026 के दौरान आउटडोर अनुभाग द्वारा फाउंडेशन कोर्स, फेज़-I, फेज़-II, मध्यावधि सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम (चरण-III, चरण-IV एवं चरण-V), संयुक्त सिविल-सैन्य, इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम, सीएमसीटीपी, विशिष्ट फाउंडेशन कोर्स) तथा सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का व्यापक स्तर पर आयोजन किया गया।

आउटडोर अनुभाग की संरचना

- संकाय सदस्य: 1 उप निदेशक एवं प्रभारी, आउटडोर
- स्टाफ: 01 सहायक पीटीआई, 01 घुड़सवारी अनुदेशक, 01 सहायक घुड़सवारी अनुदेशक, 01 अवर श्रेणी लिपिक, 01 एमटीएस
- सहायक कोच: 06 कोच

उद्देश्य:

समीक्षाधीन अवधि के लिए आउटडोर अनुभाग के निम्नलिखित उद्देश्य थे:

- एचवीएससी के सभी सदस्यों को खेल एवं मनोरंजन की सुविधाएं उपलब्ध कराना, जिसमें फाउंडेशन कोर्स, चरण-I एवं चरण -II जैसे इंडक्शन स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रशिक्षु अधिकारियों, चरण-III, चरण -IV, चरण -V एवं सीएमसीटीपी जैसे मध्यावधि

सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रतिभागी, जेसीएम एवं आईएसटी जैसे प्रमुख पाठ्यक्रमों के प्रतिभागी तथा अकादमी के संकाय सदस्य शामिल हैं। इसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार की आउटडोर एवं इनडोर खेल तथा मनोरंजक गतिविधियों तक पहुँच सुनिश्चित करना।

- प्रशिक्षु अधिकारियों एवं पाठ्यक्रम प्रतिभागियों के सर्वांगीण विकास के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध कराना, ताकि वे न केवल अपने स्वास्थ्य, शारीरिक दक्षता एवं आत्मविश्वास पर ध्यान केंद्रित कर सकें, बल्कि मजबूत नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा टीम के सदस्य के रूप में प्रभावी ढंग से कार्य करने की योग्यता भी प्राप्त कर सकें।
- समय-समय पर विभिन्न खेल एवं साहसिक गतिविधियों का आयोजन करना, जैसे ट्रेकिंग, खेल प्रतियोगिताएं, एथलेटिक्स मीट तथा क्रॉस-कंट्री प्रतियोगिताएं।
- वर्षभर सभी खेल सुविधाओं को उपयोग के लिए तैयार एवं कार्यशील स्थिति में बनाए रखना।
- प्रशिक्षु अधिकारियों एवं पाठ्यक्रम प्रतिभागियों को फिटनेस एवं मनोरंजन के क्षेत्र में बदलते रुझानों के अनुरूप नवीनतम खेल एवं मनोरंजक गतिविधियों से अवगत कराना।

सुविधाएं

इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए, अनुभाग द्वारा वर्ष के दौरान निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध कराई गई:

- आउटडोर सुविधाओं में लॉन टेनिस, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल, लंबी पैदल यात्रा और एथलेटिक्स मीट, एथलेटिक्स ट्रैक, साइकिल ट्रैक, रॉक क्लाइंबिंग और ओपन जिमनेज़ियम शामिल हैं। इन सुविधाओं में 19 घोड़ों वाला एक घुड़सवारी प्रतिष्ठान भी शामिल था, जिसके माध्यम से प्रशिक्षु अधिकारियों तथा विभिन्न पाठ्यक्रमों के इच्छुक अधिकारियों को घुड़सवारी के बुनियादी कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
- इनडोर सुविधाएँ भी समान रूप से व्यापक थीं, जिनमें बिलियर्ड्स, कैरम, तैराकी, शतरंज, स्नूकर, टेबल टेनिस, स्क्वैश, फूसबॉल, बैडमिंटन तथा ज़ुम्बा शामिल थे। इन सुविधाओं के अलावा, प्रशिक्षण कार्यक्रम में मानसिक शांति एवं समग्र विकास का आयाम जोड़ने के लिए योग एवं ध्यान के प्रशिक्षित प्रशिक्षकों की सेवाएं भी ली गईं।

वर्षभर संचालित सुव्यवस्थित एवं आधुनिक व्यायामशाला ने सर्वांगीण फिटनेस पर विशेष ध्यान देने के इस प्रयास को और सुदृढ़ बनाया।

- शारीरिक प्रशिक्षण के अलावा, अनुभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य पर भी समान रूप से विशेष ध्यान दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान तनाव प्रबंधन एवं समग्र व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष वेलनेस एवं माइंडफुलनेस सत्र आयोजित किए गए, जिनमें सुदर्शन क्रिया (ध्यान) सहित आर्ट ऑफ लिविंग कार्यक्रम भी शामिल थे। मध्यावधि सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रतिभागियों के लिए हार्टफुलनेस मेडिटेशन कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिससे अकादमी द्वारा भावनात्मक दृढ़ता एवं सजगता (माइंडफुलनेस) को दिए जाने वाले महत्व को और सुदृढ़ बनाया गया।

गतिविधियाँ:

- समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, आउटडोर अनुभाग ने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत खेल एवं साहसिक गतिविधियों की विस्तृत श्रृंखला का आयोजन किया। 100वें फाउंडेशन कोर्स के लिए अनुभाग द्वारा एथलेटिक्स मीट, स्पोर्ट्स मीट एवं क्रॉस-कंट्री रन का आयोजन किया गया, जिससे प्रतिभागियों में टीम भावना तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा मिला।
- वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, स्क्वैश, बैडमिंटन, क्रिकेट, तैराकी एवं शतरंज सहित विभिन्न खेलों में नियमित अभ्यास सत्र आयोजित किए गए तथा इन सभी खेलों में इंटर-हाउस प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं। इन अभ्यास सत्रों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन फाउंडेशन कोर्स, चरण-I, चरण -II, मध्यावधि सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रमों, जेसीएम, सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा पुनर्मिलन बैचों के प्रतिभागियों के लिए भी किया गया। नियमित खेल गतिविधियों के अतिरिक्त, चरण -I एवं चरण -II के प्रतिभागियों को रॉक क्लाइम्बिंग का प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे उनके शारीरिक मजबूती में योगदान के साथ-साथ प्रशिक्षण के प्रारंभिक चरण में उनके आत्मविश्वास का विकास हुआ।
- प्रशिक्षु अधिकारियों में साहसिक भावना एवं दृढ़ता को और विकसित करने के उद्देश्य से, अनुभाग द्वारा साहसिक खेलकूद गतिविधियों की श्रृंखला आयोजित की गई। विशेष रूप से 100वें फाउंडेशन कोर्स के लिए लाल टिब्बा, जॉर्ज एवरेस्ट, कैम्पटी फॉल एवं लेक मिस्ट जैसे स्थानों पर शॉर्ट ट्रेक आयोजित किए गए। इसके साथ ही रॉक क्लाइम्बिंग एवं रिवर राफ्टिंग जैसी गतिविधियों के अवसर भी प्रदान किए गए। इसी प्रकार की साहसिक गतिविधियाँ चरण -I, चरण II, मध्यावधि सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा जेसीएम के प्रतिभागियों के लिए भी आयोजित की गईं। पुनर्मिलन बैचों के लिए

भी शॉर्ट ट्रेक आयोजित किए गए, जो अकादमी के फिटनेस एवं साहसिक गतिविधियों की संस्कृति से पूर्व छात्रों (एलुमनाई) को भी जोड़े रखने के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।

2 (xii) समाज सेवा समिति

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में समाज सेवा समिति एक ऐसा संगठन है जिसका संचालन निदेशक नामिति सदस्य, सह-नामिति सदस्य, प्रशिक्षु अधिकारी और लेखाकार करते हैं। यह संगठन प्रशिक्षु अधिकारियों में सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक सहभागिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसका उद्देश्य भारत के भावी अग्रणी व्यक्तियों को सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने तथा समाज के उत्थान में योगदान देने के लिए सशक्त बनाना है। यह संस्था समुदाय को जोड़ने के लिए कई तरह की गतिविधियाँ करती है और अकादमी के कर्मचारियों तथा स्थानीय समुदाय के निवासियों की देखभाल के लिए कई पहल करती है।

समाज सेवा समिति की गतिविधियों पर रिपोर्ट – चरण-II (2023 बैच): कैलेंडर वर्ष 2025-26 के दौरान समाज सेवा समिति के पदाधिकारी इस प्रकार हैं: -

निदेशक नामिति: श्री प्रेमकुमार वी.आर.

निदेशक सह नामिति: डॉ. भावना पोरवाल

लेखाकार: सुश्री प्रीति रावत भंडारी

सचिव: सुश्री मधुश्री

सदस्य: श्री अरविंद हंगलम, श्री आर्य वीएम, श्री एल. नेल्सन, सुश्री गरिमा लोहिया, डॉ. अंजलि, सुश्री अंजलि शर्मा

चरण-II 2023 बैच की समाज सेवा समिति ने अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न पहलों का आयोजन किया। इन पहलों का उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना, युवाओं को सशक्त बनाना तथा सामाजिक सरोकारों के लिए सहयोग और समर्थन जुटाना था। कार्यकाल के दौरान की गई प्रमुख गतिविधियों का विवरण निम्नलिखित है:

1. मेडिकल सेंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर

14 जून 2025 को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर समिति ने अकादमी के मेडिकल सेंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। समाज सेवा समिति ने इस कार्यक्रम की योजना, समन्वय एवं प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशिक्षु अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए गए, जिसके परिणामस्वरूप शिविर में उत्साहजनक भागीदारी रही और यह महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी पहल सफलतापूर्वक संपन्न हुई। रक्त संग्रहण का कार्य राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून के प्रशिक्षित विशेषज्ञों द्वारा किया गया। एकत्रित रक्त को आवश्यकता वाले लोगों के उपचार एवं सहायता के लिए वितरित किया जाएगा।

2. केंद्रीय विद्यालय की मेधावी छात्राओं के लिए करियर परामर्श सत्र

केंद्रीय विद्यालय की मेधावी छात्राओं के लिए करियर परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्राओं को स्नातक स्तर पर विषयों के चयन तथा महाविद्यालयों की प्राथमिकता तय करने के संबंध में उचित मार्गदर्शन प्रदान करना और उन्हें अपने भविष्य के बारे में सूचित एवं विवेकपूर्ण निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करना था। छात्राओं ने विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों में अपनी रुचि व्यक्त की, जिनमें ग्राफिक डिजाइन, विधि, भूगोल एवं वाणिज्य प्रमुख थे। चर्चा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा उन चुनौतियों पर केंद्रित रहा, जिनका सामना छात्राओं को अपनी आकांक्षाओं के लिए परिवार का समर्थन प्राप्त करने में करना पड़ता है, विशेषकर तब जब वे पारंपरिक क्षेत्रों से हटकर करियर विकल्प चुनना चाहती हैं।

कई छात्राओं ने उच्च शिक्षा के लिए देहरादून से बाहर जाने, विशेषकर दिल्ली जैसे बड़े शहरों में जीवन को समझने और उसके अनुरूप ढलने को लेकर अपनी आशंकाएँ व्यक्त कीं। प्रशिक्षु अधिकारियों ने उनकी चिंताओं को ध्यानपूर्वक सुना और अपने व्यक्तिगत अनुभवों एवं जीवन-यात्रा के आधार पर उन्हें व्यावहारिक सुझाव, उचित मार्गदर्शन तथा प्रोत्साहन प्रदान किया। इसके अतिरिक्त, इस बातचीत के माध्यम से सोसायटी को छात्राओं की सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि को बेहतर ढंग से समझने का अवसर मिला। इससे ऐसे प्रतिभाशाली एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों की पहचान करने में सहायता मिली, जिन्हें भविष्य में संभावित प्रायोजन एवं दीर्घकालिक सहयोग प्रदान किया जा सकता है।

3. स्वयं सहायता समूह सशक्त द्वारा हस्तशिल्प प्रदर्शनी

सोसायटी ने स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) सशक्त द्वारा निर्मित हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित करने में सहयोग प्रदान किया। सशक्त समाज सेवा समिति की एक पहल है, जिसका उद्देश्य मसूरी एवं आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं को संगठित कर उन्हें विभिन्न आजीविका एवं कौशल विकास के अवसर प्रदान करना है। इस पहल के अंतर्गत महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, पेपर क्राफ्ट, आभूषण निर्माण तथा ब्यूटीशियन कार्य जैसे कौशलों में प्रशिक्षित किया जाता है।

वर्षों से अकादमी के स्टाफ/संविदा कर्मियों के जीवनसाथी तथा मसूरी की स्थानीय महिलाओं एवं बालिकाओं का इस समूह से जुड़ाव रहा है, जहां उन्होंने विभिन्न प्रकार के कौशल अर्जित किए हैं। सशक्त द्वारा सिलाई सेंटर एवं ब्यूटी पार्लर संचालित किया जाता है, जहां महिलाओं और बालिकाओं को व्यावहारिक एवं प्रत्यक्ष प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद कुछ महिलाएँ समूह के साथ कार्य करना जारी रखती हैं, जबकि अन्य ने स्वयं के लघु उद्यम शुरू किए हैं। इस प्रकार, सशक्त महिलाओं को कौशल एवं आत्मनिर्भरता प्रदान करने के साथ-साथ महिला-नेतृत्व वाले सूक्ष्म उद्यमों के बढ़ते नेटवर्क के निर्माण में भी योगदान दे रहा है।

8 जुलाई, 2025 को ज्ञानशिला फोयर में आयोजित इस प्रदर्शनी को स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिला सदस्यों के साथ संवादात्मक सत्र के रूप में आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य आजीविका प्रशिक्षण से जुड़े उनके अनुभवों, उनके समक्ष आने वाली चुनौतियों तथा बाजार संपर्क के विस्तार की संभावनाओं को समझना था। समिति ने प्रशिक्षु अधिकारियों को स्वयं सहायता समूह की कार्यप्रणाली एवं गतिविधियों की बेहतर समझ प्राप्त करने के साथ-साथ उन्हें रचनात्मक सुझाव एवं प्रोत्साहन प्रदान करने का भी महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।

4. मेरिट-आधारित छात्रवृत्ति पहल

समिति ने वंचित एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के उन विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए, जो निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। लगभग 70 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका शैक्षणिक प्रदर्शन एवं आर्थिक आवश्यकता के आधार पर सावधानीपूर्वक मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन के उपरांत 56 विद्यार्थियों को वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने हेतु पात्र पाया गया। इस पहल का उद्देश्य अकादमी में कार्यरत संविदात्मक एवं आउटसोर्स कर्मचारियों के बच्चों को शैक्षणिक सहायता प्रदान करना है, जिनमें से अनेक अभिभावकों को अपने बच्चों की शिक्षा का खर्च वहन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस प्रयास के माध्यम से समिति यह सुनिश्चित

करना चाहती है कि कोई भी विद्यार्थी आर्थिक कठिनाइयों के कारण अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ने के लिए विवश न हो।

5. जागरूकता एवं धन-संग्रह अभियान

अपनी पहलों की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए समिति ने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बैचों, जिनमें इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा चरण-IV एवं चरण -III मध्यावधि सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं, के माध्यम से अपने उद्देश्यों और पूर्व में की गई गतिविधियों का सक्रिय रूप से प्रचार-प्रसार किया। इन प्रस्तुतियों का उद्देश्य समिति की सफल पहलों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए संभावित प्रायोजकों एवं दानदाताओं को आकर्षित करना था।

निष्कर्ष

समर्थन जुटाने के अतिरिक्त, इन प्रयासों ने प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए महत्वपूर्ण ज्ञानार्जन का अवसर भी प्रदान किया। इससे उन्हें जमीनी स्तर की चुनौतियों को गहराई से समझने तथा छोटे-से-छोटे सहयोग के भी परिवर्तनकारी प्रभाव की संभावनाओं को महसूस करने का अवसर मिला। समुदाय के साथ जुड़ना, उनकी आवश्यकताओं की पहचान करना और सार्थक हस्तक्षेपों की रूपरेखा तैयार करना इन सभी प्रक्रियाओं ने प्रशिक्षुओं में जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की भावना को और अधिक सुदृढ़ बनाया। समाज सेवा समिति के माध्यम से प्रशिक्षुओं को यह संदेश मिला कि लोक सेवा की शुरुआत अपने आसपास के लोगों के प्रति योगदान और उनकी सहायता करने से होती है, तथा वह सतत बदलाव की शुरुआत अक्सर सरल, संवेदनशील और मानवीय प्रयासों से ही होती है।

2 (xiii) सुरक्षा अनुभाग

सुरक्षा अनुभाग अकादमी तथा इसके विभिन्न केंद्रों में अधिकारियों, प्रशिक्षु अधिकारियों, विभिन्न पाठ्यक्रमों, सेमिनारों एवं कार्यशालाओं के प्रतिभागियों तथा कर्मचारियों के लिए पहचान-पत्र एवं प्रवेश-पास जारी करने का कार्य करता है। यह अनुभाग विभिन्न सरकारी संस्थानों, विद्यालयों तथा उनके साथ आने वाले प्रतिभागियों एवं संकाय सदस्यों/अधिकारियों के अकादमी दौरे को सुगम एवं समन्वित करता है तथा अकादमी परिसर में उनके सुरक्षित और सुचारु प्रवेश, आवागमन एवं निकास के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करता है। इसके अतिरिक्त, सुरक्षा अनुभाग अति विशिष्ट व्यक्तियों, अतिथि संकाय सदस्यों एवं अन्य अधिकृत आगंतुकों के प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था करता है तथा प्रभावी अभिगम नियंत्रण

सुनिश्चित करने के लिए आगंतुकों के प्रवेश एवं निकास को विनियमित करता है। यह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए वाहन-पास तथा पाठ्यक्रम प्रतिभागियों के परिवार के सदस्यों के लिए आवश्यक प्रवेश-पास भी जारी करता है। इसके अलावा, सुरक्षा अनुभाग अकादमी की रक्षा एवं सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए सीसीटीवी कैमरों की निगरानी करता है तथा विभिन्न सुरक्षा चेक पोस्ट पर तैनात आईटीबीपी कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित करता है। अनुभाग अकादमी परिसर में सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने, राष्ट्रीय पर्वों के आयोजन, जिसमें ध्वजारोहण समारोह भी शामिल हैं, के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएँ करने तथा प्रशिक्षु अधिकारियों एवं प्रतिभागियों के लिए प्राप्त पार्सलों का रिकॉर्ड रखने एवं उन्हें सुरक्षित रखने के लिए भी उत्तरदायी है।

दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 की अवधि के दौरान भ्रमण का विवरण, सुरक्षा अनुभाग द्वारा विभिन्न सरकारी संस्थानों, प्रशिक्षण अकादमियों, शैक्षणिक संस्थानों तथा अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों के अकादमी दौरों को सुगम बनाया गया।

क्रम सं.	दौरा करने वाले संस्थान का नाम
1.	27.04.2025 को श्रीलंका के सिविल सेवकों के लिए 8वें क्षमता-निर्माण कार्यक्रम के 25 प्रतिभागियों का दौरा
2.	27.04.2025 को मलेशिया के सिविल सेवकों के लिए पहले क्षमता-निर्माण कार्यक्रम के 25 प्रतिभागियों का दौरा
3.	30.04.2025 को डीआरडीओ, आईटीएम, मसूरी के 30 मुख्य प्रशासनिक अधिकारियों का दौरा
4.	10.05.2025 और 11.05.2025 को आईएमए के अधिकारियों के साथ आईएमए के 470 कैडेट्स का दौरा

5.	29.06.2025 को मालदीव के वरिष्ठ सिविल सेवकों के लिए 37वें सीबीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम के 32 प्रतिभागियों का दौरा
6.	06.07.2025 को श्रीलंका के सिविल सेवकों के लिए 10वें क्षमता-निर्माण कार्यक्रम के 40 प्रतिभागियों का दौरा
7.	10.07.2025 को सिक्किम प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए 'एडवांस लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम' के 24 प्रतिभागियों का दौरा
8.	03.08.2025 को श्रीलंका के सिविल सेवकों के लिए 11वें क्षमता-निर्माण कार्यक्रम के 40 प्रतिभागियों का दौरा
9.	06.08.2025 को सूरत, गुजरात में 85 कॉरपोरेट प्रतिनिधियों के साथ नगर निगम समिति के मेयर एवं चेयरमेन का दौरा
10.	10.08.2025 को मलेशिया के सिविल सेवकों के लिए दूसरे क्षमता-निर्माण कार्यक्रम के 32 प्रतिभागियों का दौरा
11.	06.09.2025 को मेडागास्कर के सिविल सेवकों के लिए पब्लिक पॉलिसी और गवर्नेंस पर क्षमता-निर्माण कार्यक्रम के 30 प्रतिभागियों का दौरा
12.	16.09.2025 को ओहिषा प्रशासनिक सेवा के नव-नियुक्त अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के 79 प्रतिभागियों का दौरा
13.	26.09.2025 को गुजरात फॉरेस्ट रेंजर कॉलेज, राजपीपला, गुजरात के 45 प्रशिक्षु अधिकारियों का दौरा

14.	28.09.2025 को श्रीलंका के सिविल सेवकों के लिए 12वें क्षमता-निर्माण कार्यक्रम के 40 प्रतिभागियों का दौरा
15.	09.10.2025 को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, मध्य प्रदेश के 45 छात्रों और शिक्षकों का दौरा
16.	01.11.2025 को श्रीलंका के सिविल सेवकों के लिए 13वें क्षमता-निर्माण कार्यक्रम के 40 प्रतिभागियों का दौरा
17.	07.12.2025 को अफ़्रीकी क्षेत्र के 20 सिविल सेवकों का दौरा
18.	09.12.2025 को बिहार रेजिमेंट की 12वीं बटालियन के 25 छात्रों और 05 शिक्षकों का दौरा
19.	07.12.2025 को आर्मी पब्लिक स्कूल, सांबा (जम्मू-कश्मीर) के 160 छात्रों और 12 शिक्षकों का दौरा
20.	14.12.2025 को तमिलनाडु एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, तमिलनाडु के 194 छात्रों और 06 स्टाफ सदस्यों का दौरा
21.	14.12.2025 को मालदीव के सिविल सेवकों के लिए स्वास्थ्य विषय पर 39वें क्षमता-निर्माण कार्यक्रम के 34 प्रतिभागियों का दौरा
22.	10.01.2026 को दक्षिण-पूर्व एशियाई और आईक्यूआर देशों के सिविल सेवकों के लिए पब्लिक पॉलिसी और गवर्नेंस पर चौथे 'मध्यावधि सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम' के 23 प्रतिभागियों का दौरा

23.	25.01.2026 को श्रीलंका के सिविल सेवकों के लिए 14वें क्षमता-निर्माण कार्यक्रम के 40 प्रतिभागियों का दौरा
24.	08.02.2026 को मलेशिया के सिविल सेवकों के लिए तीसरे क्षमता-निर्माण कार्यक्रम के 30 प्रतिभागियों का दौरा
25.	15.03.2026 को श्रीलंका के सिविल सेवकों के लिए 15वें क्षमता-निर्माण कार्यक्रम के 40 प्रतिभागियों का दौरा

अकादमिक गतिविधियां: इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम

3 (i) आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण-I (2024 बैच) (2 दिसंबर, 2024 से 18 अप्रैल, 2025 तक)

कार्यक्रम का उद्देश्य/लक्ष्य समूह	नव नियुक्त आईएएस अधिकारियों के लिए व्यावसायिक पाठ्यक्रम
पाठ्यक्रम समन्वयक	डॉ. बगादी गौतम, उप निदेशक (वरिष्ठ)
सह पाठ्यक्रम समन्वयक	सुश्री रितिका नरूला, प्रोफेसर श्री डी महेश, उप निदेशक (वरिष्ठ) श्री राजेश मीणा, उपनिदेशक श्री चन्द्रशेखर एस, उप निदेशक

	डॉ. सचिव कुमार, रीडर श्री गौतम थपलियाल
समापन समारोह के दौरान संबोधन	श्री गजेंद्र सिंह शेखावत, माननीय केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री
प्रतिभागियों की कुल संख्या	187 (184 और 03 आरबीसीएस से) (पुरुष- 111; महिला- 76)

पाठ्यक्रम के लक्ष्य

अकादमी का लक्ष्य युवा आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों को वास्तविक कर्मयोगी बनाना है। इसके लिए उनमें ऐसे नेतृत्व गुण विकसित किए जाते हैं, जो उन्हें सृजनात्मक एवं रचनात्मक, कल्पनाशील एवं नवोन्मेषी, सक्रिय एवं विनम्र, पेशेवर एवं प्रगतिशील, ऊर्जावान एवं सक्षम बनाने वाले तथा पारदर्शी एवं प्रौद्योगिकी-सक्षम बनाएं। साथ ही, उन्हें प्रभावी लोक सेवक बनने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण विकसित किया जाता है, ताकि वे नैतिक एवं विकासपरक प्रशासन के संबंध में समृद्ध और सार्थक ज्ञानार्जन अनुभव प्राप्त कर सकें।

पाठ्यक्रम के उद्देश्य

i. उभरते सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक-कानूनी रुझानों का अखिल भारतीय परिप्रेक्ष्य प्राप्त करना; आईएएस की उभरती भूमिका और अन्य सेवाओं के साथ इसकी साझा प्रशासनिक जिम्मेदारियों की समझ अर्जित करना।

ii. निम्नलिखित क्षेत्रों में करियर के पहले दशक में प्रशासनिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल अर्जित करना:

- विधि और विधिक साधन
- प्रशासनिक नियम, प्रक्रियाएं और कार्यक्रम दिशा-निर्देश

- आधुनिक प्रबंधन साधन और
- आर्थिक विश्लेषण

iii. आवंटित राज्य की क्षेत्रीय भाषा में दक्षता प्रदर्शित करना ताकि इसके प्रशासनिक और सांस्कृतिक लोकाचार को बेहतर ढंग से समझा जा सके

iv. आवंटित राज्य की सांस्कृतिक और सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की समझ प्राप्त करना

v. पारस्परिक और संगठनात्मक दोनों संदर्भों में प्रभावी लिखित/मौखिक संचार कौशल का प्रदर्शन करना

vi. सही मूल्यों और दृष्टिकोणों का प्रदर्शन करना

vii. शारीरिक फिटनेस बनाए रखना

पाठ्यक्रम अवलोकन और रूपरेखा

चरण-I कार्यक्रम की पाठ्यक्रम रूपरेखा को मिशन कर्मयोगी की भावना और विषय-वस्तु के अनुरूप जानबूझकर उदार एवं व्यापक रूप से तैयार की गई। प्रशिक्षु अधिकारियों को अध्ययन, ज्ञानार्जन और अनुभव करने के लिए पर्याप्त स्थान प्रदान करने के साथ-साथ, यह प्रमुख दक्षताओं, अर्थात् कार्यक्षेत्र ज्ञान (सही ज्ञान), व्यवहारिक (सही दृष्टिकोण) और कार्यात्मक (सही कौशल) प्रदान करने का प्रयास करता है, जो उन्हें भविष्य की जिम्मेदारियों को संभालने और न केवल दिन-प्रतिदिन की कार्य चुनौतियों, बल्कि अप्रत्याशित और आपातकालीन संकटों से भी प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम बनाएगा। 2024 बैच के लिए 20 सप्ताह का आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम, चरण-I 2 दिसंबर, 2024 को प्रारंभ हुआ और 18 अप्रैल, 2025 को संपन्न हुआ। इसके दो प्रमुख घटक थे:

क. शीतकालीन अध्ययन दौरा सह भारत दर्शन (27 दिसंबर, 2024 से 7 फरवरी, 2025 तक)

ख. परिसर में आयोजित प्रशिक्षण इनपुट्स भाग 01 (2 दिसंबर, 2024 से 27 दिसंबर, 2024 तक)

ग. परिसर में आयोजित प्रशिक्षण इनपुट्स भाग 02 (17 फरवरी, 2025 से 18 अप्रैल, 2025 तक)

चरण – I का पाठ्यक्रम पूर्णकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है जिसमें पाठ्यचर्या और पाठ्येतर गतिविधियों का विविधता के साथ शामिल है। सामान्य दिन की शुरुआत सुबह 06:30 बजे हैप्पी वैली मैदान में शारीरिक व्यायाम से हुई। शामें क्लबों और समितियों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों, जिनमें सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल थे, के लिए समर्पित रही।

बैच प्रोफ़ाइल: आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण-1 (2024-25)

- इस वर्ष के बैच में 184 आईएएस प्रशिक्षु अधिकारी (ओटी) और 03 आरबीसीएस प्रशिक्षु हैं, जो वर्तमान में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।
- आईएएस चरण-1 के प्रशिक्षु अधिकारियों के बैच प्रोफाइल में विषयगत अनुशासन, औसत आयु-वितरण, सामाजिक और लैंगिक विविधता के संदर्भ में विविधता दिखाई देती है।

क. जेंडर विविधता -187 प्रशिक्षु अधिकारियों में से 59% पुरुष और 41% महिलाएँ हैं।

ख. औसत आयु -इस बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों की औसत आयु 27-29 वर्ष के बीच है।

ग. विषयवार अध्ययन विषय - प्रशिक्षु अधिकारियों के विषयों में इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि, मानविकी, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान, शुद्ध विज्ञान, चिकित्सा, कानून, इंजीनियरिंग व प्रबंधन तथा वाणिज्य शामिल हैं।

शिक्षण पद्धति और अकादमिक इनपुट

i. आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम का चरण-I सिविल सेवाओं के लिए आवश्यक कौशल सिखाने के लिए तैयार किया गया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्र, कार्य और व्यवहार शामिल हैं। इसके अलावा, यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है कि अधिकांश शिक्षण कक्षा सत्रों तक सीमित होने के बजाय अनुभवात्मक और सहपाठी मार्गदर्शन पर आधारित हो।

ii. मॉड्यूल की आवश्यकता के अनुसार कक्षा सत्रों को व्यावहारिक सत्रों या कार्यक्षेत्र भ्रमण के साथ संरचित और समन्वित किया जाता है। उदाहरण के लिए, स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास मॉड्यूल में, प्रशिक्षु अधिकारियों ने देहरादून में बाल चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पतालों का दौरा किया ताकि उन्हें स्वास्थ्य एवं महिला विकास अवसंरचना, उनके कामकाज और विभिन्न स्वास्थ्य एवं महिला विकास योजनाओं के कार्यान्वयन का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हो सके।

iii. परिसर में आयोजित शैक्षणिक प्रशिक्षण 2 दिसंबर, 2024 को शुरू हुआ और 18 अप्रैल, 2025 को समाप्त हुआ। जबकि 'भारतीय प्रशासनिक सेवा (प्रशिक्षु अधिकारी अंतिम परीक्षा) विनियम, 1955' के तहत निर्धारित पाठ्यक्रम मूल ढांचा है। आईएएस अधिकारियों की बदलती प्रशिक्षण आवश्यकताओं के अनुरूप इसमें उपयुक्त संशोधन किए गए हैं।

iv. आईएएस प्रोफेशनल कोर्स का चरण-I, जो 20 सप्ताहों का सुविचारित कार्यक्रम था, केवल कार्यदिवसों तक ही सीमित नहीं रहा; यह चुनिंदा सप्ताहांतों तक भी विस्तारित रहा और हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता और हमारे सम्मानित अतिथियों के लचीलेपन का प्रमाण था। यह अवधि गहन अध्ययन, व्यक्तिगत विकास और व्यावसायिक उन्नति का एकीकरण थी, जिसे 23 सुविचारित मॉड्यूल के माध्यम से संरचित किया गया था, जिनमें से प्रत्येक का उद्देश्य हमें लोक सेवा की चुनौतियों और जिम्मेदारियों के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना था।

v. संरचित मॉड्यूल के अलावा, पाठ्यक्रम को ट्यूटर ग्रुपों और ईसीएम सत्रों द्वारा समृद्ध बनाया गया गया, जिससे पारस्परिक अधिगम और साझा अनुभवों का वातावरण तैयार हुआ। ये अंतःक्रियाएँ केवल ज्ञान प्राप्त करने तक सीमित नहीं थीं, बल्कि हमारे राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित भावी पथ प्रदर्शकों का एक समुदाय बनाने के बारे में भी थीं। सप्ताहवार मॉड्यूल का विवरण इस प्रकार है:

मॉड्यूल का विवरण

क्रम सं.	मॉड्यूल का नाम
1.	कृषि
2.	संचार और मीडिया
3.	डिकंस्ट्रक्शन
4.	आपदा प्रबंधन
5.	अर्थशास्त्र

क्रम सं.	मॉड्यूल का नाम
6.	शिक्षा
7.	निर्वाचन
8.	आचरण
9.	वित्तीय प्रबंधन और खरीद
10.	वन और पर्यावरण
11.	स्वास्थ्य और पोषण
12.	मानव संसाधन प्रबंधन
13.	आईसीटी
14.	उद्योग/उद्यमिता
15.	अवसंरचना और इंजीनियरिंग
16.	भू-राजस्व प्रशासन
17.	भाषा (परीक्षा सत्र सहित)
18.	विधि
19.	सार्वजनिक नीति
20.	लोक प्रशासन
21.	शोध पद्धति

क्रम सं.	मॉड्यूल का नाम
22.	ग्रामीण विकास
23.	परामर्शदाता समूह बैठकें
24.	ईसीएम

विधि, लोक प्रशासन, राजनीति विज्ञान एवं संविधान तथा प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र संकायों में पाठ्यक्रम तैयार किए गए। लोक प्रशासन मॉड्यूल को विषयगत आधार पर संरचित किया गया, जिसमें आईएएस अधिकारियों को जिन विभिन्न क्षेत्रों का सामना करना पड़ता है, उन्हें शामिल किया गया। इनके साथ-साथ भाषा और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के सत्र भी आयोजित किए गए।

चूंकि चरण-I का व्यावसायिक पाठ्यक्रम ज्ञान निरंतरता के सिद्धांत पर आधारित है, इसलिए इसे इस प्रकार तैयार किया गया है कि यह फाउंडेशन कोर्स के बाद निरंतरता के अगले स्तर के रूप में कार्य करता है। यह पाठ्यक्रम मिशन कर्मयोगी द्वारा निर्धारित सभी मुख्य दक्षताओं को प्राप्त करने पर जोर देता है, अर्थात् कार्यात्मक (सही कौशल), डोमेन ज्ञान (सही ज्ञान) और व्यवहारिक (सही दृष्टिकोण)।

मॉड्यूल रूपरेखा और विवरण- 20 सप्ताह के इस कार्यक्रम को तीन मुख्य घटकों में संरचित किया गया है:

1) शीतकालीन पूर्व अध्ययन दौरा (4 सप्ताह)

2) शीतकालीन अध्ययन दौरा (7 सप्ताह, जिसमें एक सप्ताह का अवकाश शामिल है)

3) शीतकालीन सत्र के उपरांत अध्ययन दौरा (9 सप्ताह)

मिशन कर्मयोगी का उद्देश्य ऐसे पाठ्यक्रम के माध्यम से रचनात्मकता, सक्रियता, व्यावसायिकता, पारदर्शिता और नवाचार जैसे गुणों से युक्त आदर्श सिविल सेवकों का विकास करना है, जो कार्यक्षेत्र ज्ञान, कार्यात्मक कौशल और व्यवहार प्रशिक्षण को एकीकृत करता है। यह दृष्टिकोण

प्रशासनिक पथ प्रदर्शकों को राष्ट्र और उसके नागरिकों की प्रभावी ढंग से सेवा करने के लिए तैयार करता है। तदनुसार, पाठ्यक्रम को इस प्रकार संरचित किया गया है कि इसमें डोमेन, कार्यात्मक और व्यवहारिक पहलुओं को पाठ्यक्रम डिजाइन में शामिल किया गया है। अकादमिक मॉड्यूल का विवरण इस प्रकार है:

शीतकालीन पूर्व अध्ययन दौरा अकादमिक मॉड्यूल

क. 2024 बैच की शुरुआत एक व्यापक सप्ताह भर चलने वाले डिकंस्ट्रक्शन मॉड्यूल से हुई, जिसके दौरान क्षेत्र और सचिवालय दोनों स्तरों के वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न विषयगत क्षेत्रों से संबंधित संभावनाओं, चुनौतियों और अनुभवों के बारे में जानकारी साझा की।

विषयक्षेत्र कौशल के संदर्भ में, मॉड्यूल में निम्नलिखित शामिल हैं:

क. विधि - आदेश लेखन के मूल सिद्धांत, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, दंड प्रक्रिया संहिता, तलाशी एवं ज़ब्ती और जांच एवं अप्राकृतिक मृत्यु, उत्तराधिकार अधिनियम, संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 पर आदेश लेखन और लेखन।

ख. शहरी विकास - शहरी शासन और योजना, शहरी आवासन और शहरी परिवहन, नगरपालिका वित्तपोषण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और शहरी अवसंरचना परियोजनाएं।

ग. स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास - राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई)। सार्वजनिक स्वास्थ्य में मानव संसाधन, स्वास्थ्य पोषण अभियान और मिशन शक्ति के लिए खरीद।

घ. वित्तीय प्रबंधन और खरीद - परियोजना प्रबंधन, वित्त की संरचना, परियोजना नकदी प्रवाह, सरकारी खातों का बजट बनाना, पूंजी बजट बनाना, परियोजना समीक्षा निगरानी और सार्वजनिक खरीद।

ङ. डेटा साइंस और मशीन लर्निंग (डीएएमएल) - सार्वजनिक सेवा प्रदायगी और सार्वजनिक नीति के अनुकूलन में डीएएमएल का उपयोग, विनियमन में सांख्यिकीय अवधारणाओं का अनुप्रयोग, सांख्यिकी को कवर करने वाली मात्रात्मक तकनीकें और डेटा विज़ुअलाइज़ेशन के उपकरण।

च. राष्ट्रीय सुरक्षा - राष्ट्रों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों की भूमिका, राष्ट्रीय लचीलेपन में सीएपीएफ की प्रमुख भूमिका, समुद्री सुरक्षा के माध्यम से सीमाओं की सुरक्षा और उग्रवाद का मुकाबला: राष्ट्रीय रक्षा में उग्रवाद विरोधी रणनीतियों से निपटने की रणनीतियाँ।

14 सप्ताह के फाउंडेशनल कोर्स में प्रशिक्षु अधिकारियों को पहले ही एक्सेल की मूलभूत एवं उन्नत तकनीकों, एसक्यूएल और पावर बीआई जैसे विषयों की जानकारी प्रदान की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त, चरण-1 के प्रशिक्षण में मात्रात्मक तकनीकों पर विशेष जोर दिया गया है, जिसमें सांख्यिकी एवं अनुसंधान पद्धति, प्रभावी निर्णय-निर्माण तथा लोक सेवा प्रदायगी में तेजी लाने के लिए डेटा साइंस और मशीन लर्निंग का उपयोग शामिल है।

व्यवहारिक कौशल के संदर्भ में, नेतृत्व, नैतिकता और संचार पर आधारित मॉड्यूल को विशेष रूप से इस समूह के लिए तैयार किया गया है ताकि उन्हें व्यवहारिक कौशल प्रदान किए जा सकें जो नेतृत्व और समन्वय के पदों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

2) शीतकालीन अध्ययन दौरा (डब्ल्यूएसटी)

आईएएस चरण-1 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में छह सप्ताह तक चलने वाले शीतकालीन अध्ययन दौरे (डब्ल्यूएसटी) के रूप में परिसर से बाहर और अनुभवात्मक शिक्षा शामिल है, जिसके बाद एक सप्ताह के ग्रामीण दौरे होते हैं, जिसमें नीचे सूचीबद्ध विभिन्न अटैचमेंट शामिल हैं। इससे प्रशिक्षु अधिकारियों को हमारे देश की विविधता का अनुभव करने और अनेक संगठनों के कामकाज को करीब से देखने और समझने का अवसर मिलता है। प्रशिक्षु अधिकारियों को लगभग 18-20 के समूहों में विभाजित किया जाता है, जिनमें से प्रत्येक समूह देश भर में लगभग 20,000 किलोमीटर की यात्रा करता है।

क. रक्षा (सेना, वायुसेना और नौसेना) - जम्मू सेक्टर, श्रीनगर सेक्टर, III और IV कॉर्पस

ख. द्वीप - अंडमान व निकोबार और लक्षद्वीप

ग. निजी क्षेत्र - मारुति सुजुकी प्लांट, टी-हब, रिलायंस पेट्रोकेमिकल, टाटा मोटर्स और इंफोसिस

घ. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम - ओएनजीसी, एनटीपीसी, एचएएल, बीएचईएल, और भिलाई इस्पात संयंत्र (एसएआईएल)

ङ. बड़े सार्वजनिक ट्रस्ट - माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड, स्वर्ण मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर और महाकाल पब्लिक ट्रस्ट, उज्जैन (म.प्र.)

च. गैर सरकारी संगठन - अक्षय पात्र फाउंडेशन, ग्राम्य विकास मंच, रामकृष्ण मिशन संस्थान, (डब्ल्यूबी प्रधान और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन/सहगल फाउंडेशन)

छ. वन एवं पर्यावरण - कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान, गिर राष्ट्रीय उद्यान, ताडोबा टाइगर रिजर्व राष्ट्रीय उद्यान और नामदाफा राष्ट्रीय उद्यान

ज. बंदरगाह/पोर्ट ट्रस्ट- विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट, श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट ट्रस्ट, कोलकाता, जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट, कोचीन पोर्ट ट्रस्ट और कांडला पोर्ट ट्रस्ट

झ. शहरी - अमृतसर, भोपाल, रायपुर और वाराणसी में स्मार्ट सिटी परियोजना, नमामि गंगा परियोजनाएँ और मिनजुर समुद्री जल विलवणीकरण संयंत्र, महानगर जल आपूर्ति सीवरेज बोर्ड, बीएमसी और आगरा विकास प्राधिकरण

ञ. बड़ी अवसंरचना परियोजना - बेंगलुरु मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन, लखनऊ मेट्रो, नया पंबन रेल पुल और कमुथी सौर ऊर्जा परियोजना, तुमकुर मेगा फूड पार्क, और इंदौर बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (बीआरटीएस)

ट. राष्ट्रीय महत्व के संस्थान/वैज्ञानिक प्रतिष्ठान - राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग केंद्र (इसरो), टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, आईसीएमआर - वेक्टर कंट्रोल रिसर्च सेंटर, आईएसआरओ राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और कलपक्कम परमाणु संयंत्र

शीतकालीन अध्ययन दौरे से पहले, विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों के विशेषज्ञों/अभ्यासकर्ताओं/वरिष्ठ अधिकारियों को प्रत्येक प्रशिक्षण केंद्र का व्यापक अवलोकन देने के लिए सत्र आयोजित करने के लिए आमंत्रित किया गया, ताकि वे प्रशिक्षण केंद्रों के कामकाज, अपनी भूमिका और जिम्मेदारियों को समझ सकें और प्रमुख ज्ञानार्जन को दस्तावेज़ित कर सकें, जिनका उपयोग भविष्य के बैचों के लिए ज्ञान साझा करने के लिए किया जाएगा।

3) शीतकालीन अध्ययन यात्रा के बाद के अकादमिक मॉड्यूल- शीतकालीन अध्ययन दौरे (डब्ल्यूएसटी) के बाद निम्नलिखित मॉड्यूल शामिल किए जाते हैं।

क. शिक्षा - शिक्षा की प्रणाली और संरचना, नई शिक्षा नीति, विद्यालयों में नवाचार, निपुण भारत (बुनियादी शिक्षा), प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता - तृतीय पक्ष की भूमिका।

ख. उद्योग एवं इंजीनियरिंग - अनुभवात्मक शिक्षण के भाग के रूप में, अवसंरचना परियोजनाओं और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने, सड़कों, राज्य राजमार्ग परियोजनाओं, पीएम ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों, क्षेत्र निरीक्षण और एमजीएनआरईजीए स्थलों के दौरे की व्यवस्था की गई।

ग. ग्रामीण विकास और पंचायती राज **(**आरडीपीआर**)** - जोखिम प्रबंधन - पीएमएफबीवाई, जलसंभर (वाटरशेड) दृष्टिकोण के माध्यम से ग्रामीण आजीविका में वृद्धि, एमएसपी और खरीद संचालन, जल जीवन मिशन, सिंचाई प्रबंधन, जलसंभर विकास और मनरेगा के माध्यम से नदी का पुनरुद्धार।

घ. कृषि - कृषि में मूल्य श्रृंखला को बढ़ावा देना, परिवारिक संगठन (एफपीओ) की भूमिका, कृषि प्रबंधन में डिजिटल प्रौद्योगिकी, पोषण, आय और पारिस्थितिकी को बढ़ावा देने में बागवानी की भूमिका, किसानों की आय दोगुनी करना।

ङ. भू-राजस्व एवं प्रशासन - भूमि प्रबंधन, पंजीकरण के साथ भूमि अभिलेखों का एकीकरण, स्वामित्व, डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी), भूमि सर्वेक्षण तकनीकें और भूमि सर्वेक्षण पर व्यावहारिक प्रशिक्षण।

च. अर्थशास्त्र- मैक्रो-प्रूडेंशियल नीतियां: डिजाइन और उपकरण, भारत में राज्य वित्त, सार्वजनिक ऋण स्थिरता, निगरानी और मूल्यांकन के उपकरण और इसका क्षेत्र अनुप्रयोग और बाह्य क्षेत्र, पूंजी प्रवाह और उनका प्रबंधन

छ. जिला प्रशासन- जिला प्रशासन का अवलोकन, कानून और व्यवस्था, जन प्रतिनिधियों के साथ वार्तालाप, क्षेत्र स्तरीय केस स्टडी, जिला प्रशिक्षण

पाठ्यक्रम के अभिन्न अंग के रूप में, उपर्युक्त मॉड्यूल में शिक्षा, अवसंरचना एवं इंजीनियरिंग तथा वन एवं पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में क्षेत्र भ्रमण और व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल हैं। उदाहरण के लिए, अवसंरचना एवं इंजीनियरिंग मॉड्यूल में, प्रशिक्षु अधिकारियों ने मनरेगा से संबंधित ग्रामीण विकास कार्यों को समझने के लिए उत्तराखंड के विभिन्न जिलों का दौरा किया ताकि:

क. जलसंभर, सिंचाई और बाढ़ प्रबंधन, कृषि और पशुधन संबंधी कार्य, मत्स्य पालन आदि जैसे विभिन्न प्रकार के कार्यों को समझ सकें

ख. फील्ड निरीक्षण की प्रक्रिया को जान सकें

ग. मनरेगा आदि में कार्यों को स्वीकृत करने की प्रक्रिया और प्रमुख परिणाम की समझ प्राप्त कर सकें

इन भ्रमणों ने प्रशिक्षु अधिकारियों को प्रशासनिक कार्यों की बारीकियों को गहराई से समझने, जमीनी स्तर पर किए जाने वाले विभिन्न कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से देखने और इन क्षेत्रों में निहित चुनौतियों की जानकारी प्राप्त करने का अमूल्य अवसर प्रदान किया। आईएएस के लिए प्रासंगिक मॉड्यूल जैसे ग्रामीण प्रबंधन और ग्रामीण उद्यमिता, पर्यावरण मॉड्यूल के लिए जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान, शिमला, ऋषिकेश और हर्षिल की यात्राएं, जिला प्रशासन, स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि, शिक्षा, ऊर्जा, महिला एवं बाल विकास, अनुसंधान पद्धति आदि को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है ताकि प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और संस्थानों से प्राप्त जानकारी के साथ-साथ क्षेत्र का व्यापक अवलोकन प्रदान किया जा सके। इस वर्ष कुछ विकासात्मक मॉड्यूल जैसे स्वास्थ्य, शहरी विकास आदि के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण भी जोड़ा गया है, जिसमें प्रशिक्षुओं से एक दिन के लिए क्षेत्र में जाकर तात्कालिक वातावरण में रहकर सीखने की अपेक्षा की जाती है।

प्रशिक्षु अधिकारियों के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके सह-पाठ्यक्रमीय विकास पर भी विशेष जोर दिया गया। प्रातःकालीन शारीरिक गतिविधियों तथा सायंकालीन खेलकूद/घुड़सवारी को अनिवार्य बनाया गया। प्रशिक्षु अधिकारियों को किसी एक खेल गतिविधि में शामिल होने और उसमें उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, ताकि वह खेल जीवनभर उनके साथ जुड़ा रहे। सप्ताहांत में उन्हें नियमित रूप से ट्रेकिंग, रिवर राफ्टिंग तथा विभिन्न अन्य साहसिक खेलों जैसी गतिविधियों से परिचित कराया गया। इसी प्रकार, प्रशिक्षु अधिकारियों से अपेक्षा की जाती थी कि वे भारत के विभिन्न राज्यों की कला एवं संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लें। इसके अतिरिक्त, उन्हें प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक संध्याओं में भाग लेने का अवसर भी मिलता था। उन्हें संगीत, चित्रकला, फोटोग्राफी आदि जैसी समृद्ध एवं रुचिकर गतिविधियों को सीखने और उनमें आजीवन रुचि विकसित करने के अवसर प्रदान किए जाते थे। विभिन्न समितियों और क्लबों


को वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, प्रतियोगिताओं और चर्चाओं जैसी गतिविधियों का आयोजन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता था, ताकि अकादमी के वातावरण को जीवंत, सक्रिय और रचनात्मक बनाए रखा जा सके।


आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण - I के बाद प्रशिक्षण:


आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण - I को पूरा करने के बाद, प्रशिक्षु अधिकारी अपने-अपने राज्य के विभिन्न प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थानों (एटीआई) में 52 सप्ताह का गहन जिला प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। प्रशिक्षुओं अधिकारियों को जिला प्रशिक्षण के लिए जिलों में तैनाती दी जाती है तथा उन्हें 52 सप्ताह का विस्तृत कार्यक्रम दिया जाता है, जिसमें उन्हें शासन की संरचना और संस्कृति, क्षेत्र और विषय, प्रबंधन और विनियमन, कार्य करके सीखना, राज्य स्तर पर व्यापक परिदृश्य, जिला प्रशासन - कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट का कार्यालय, शहरी शासन - नगर निगम और विभिन्न विभागों में लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के डिजाइन और कार्यान्वयन को समझने का अनुभव प्राप्त होता है।

इसके बाद 8 सप्ताह का सहायक सचिव कार्यक्रम (एएसपी) होता है, जिसमें प्रशिक्षु अधिकारियों को भारत सरकार के मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के रूप में नियुक्त किया जाता है और उन्हें भारत सरकार के कामकाज के बारे में जानकारी दी जाती है।

सहायक सचिव कार्यक्रम (एएसपी) पूरा होने के बाद, प्रशिक्षु अधिकारी लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम के चरण – II के 6 सप्ताह का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं, जहां वे 52 सप्ताह के जिला प्रशिक्षण पर अपनी प्रस्तुति देंगे और अपना शोध प्रबंध लिखेंगे।


LBSNAA
Batch Profile PH-I2024
Azadi Ka Amrit Mahotsav
IAS Officer Trainees: 184
RBCS Officer Trainees: 03
Total 187
76 41%
111 59%
Highest Stream
Arts 50
Commerce 4
Commerce & Management 1
Engineering 78
Engineering & Management 3
Law 7
Management 6
Medicine 17
Pure Sciences 21
Social Group
EWS 10 11
GENERAL 29 32
OBC 20 39
SC 12 18
ST 5 11
Female Male
Average Age
Female, 26.87
Male, 27.29
Age Distribution
22-24 12 26
25-27 35 42
28-30 21 31
31-33 7 7
34-36 1 3
Above 40 2
Female Male


Cadre Wise Gender Distibution
AGMUT 4 5
Andhra Pradesh 2 5
Assam- Meghalaya 6 3
BHUTAN 1 2
Bihar 2 9
Chhatisgarh 5
Gujarat 6 2
Haryana 3 2
Himachal Pradesh 2
Jharkhand
Karnataka 4 4 4
Kerala 3 2
Madhya Pradesh 1 8
Maharashtra 2 6
Manipur 1
Nagaland 1
Odisha 6 4
Punjab 6 4
Rajasthan 7 6
Sikkim 1
Tamil Nadu 7 7
Telangana 2 3
Tripura 3 2
Uttar Pradesh 3 15
Uttarakhand 1 2
West Bengal 4 9
Female
Male


Domicile State Wise Gender Distibution
ANDHRA PRADESH 1
BIHAR 4 9
CHANDIGARH 1
DELHI 6 6
GUJARAT 1
HARYANA 7 7
HIMACHAL PRADESH 1
JAMMU AND KASHMIR 3 1
JHARKHAND 2 4
KARNATAKA 2 2
KERALA 4 2
MADHYA PRADESH 4 4
MAHARASHTRA 4 15
MANIPUR 2
NAGALAND 1
ODISHA 1 3
PUNJAB 3
RAJASTHAN 7 17
ROYAL BHUTAN 1 2
TAMIL NADU 7 8
Telangana 3 6
TRIPURA 1
UTTAR PRADESH 9 18
UTTARAKHAND 1 3
WEST BENGAL 3 1
Female
Male

आईएएस चरण - I (2024 बैच) के प्रतिभागी

राज्य से प्रतिभागी	पुरुष	महिला	प्रतिभागी
अगमुट	05	04	09
आंध्र प्रदेश	05	02	07
असम-मेघालय	03	06	09
बिहार	09	02	11
छत्तीसगढ़	05	00	05
गुजरात	02	06	08
हरियाणा	02	03	05
हिमाचल प्रदेश	00	02	02
झारखंड	04	00	04
कर्नाटक	04	04	08
केरल	02	03	05
मध्य प्रदेश	08	02	10
महाराष्ट्र	06	02	08
मणिपुर	00	01	01
नगालैंड	01	00	01
ओडिशा	04	06	10
पंजाब	04	06	10
राजस्थान	06	07	13
रॉयल भूटान सिविल सेवा	02	01	03

राज्य से प्रतिभागी	पुरुष	महिला	प्रतिभागी
सिक्किम	01	00	01
तमिलनाडु	07	07	14
त्रिपुरा	02	02	04
तेलंगाना	03	02	05
उत्तर प्रदेश	15	03	18
उत्तराखंड	02	01	03
पश्चिम बंगाल	09	04	13
कुल	**111**	**76**	**187**

3 (ii) सहायक सचिव कार्यक्रम 2023-25 बैच

अवधि- **07**.04.**2025** से 30.05.2025 तक

माननीय प्रधानमंत्री जी के दृष्टिकोण के अनुरूप तैयार किया गया सहायक सचिव कार्यक्रम (एएसपी), भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों के दो वर्षीय प्रशिक्षण का अभिन्न हिस्सा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नव-नियुक्त अधिकारियों को भारत सरकार के कामकाज से संरचित रूप से परिचित कराना है, जिससे उन्हें राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य और नीति निर्माण तथा अंतर-मंत्रालयी समन्वय की गहरी समझ प्राप्त हो सके।

पिछले आठ सप्ताह में, 2023 बैच के 179 आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों ने 46 मंत्रालयों और विभागों के माध्यम से सहायक सचिव कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम, उनके 2 वर्षीय प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे इन युवा अधिकारियों को भारत सरकार के कामकाज की गहन समझ प्रदान करने के लिए विचारपूर्वक तैयार किया गया है, जिससे उन्हें अपने कैडर राज्यों में प्रभावी पथप्रदर्शक और परिवर्तन कर्ता बनने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्राप्त हो सके।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा प्रशिक्षु अधिकारियों को भारत सरकार के कार्य पद्धति से परिचित कराना, उन्हें राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य की समझ प्रदान करना तथा हमारे राष्ट्र को आकार देने वाली विविध नीतियों के प्रति उनकी समझ और सराहना विकसित करना है। प्रमुख योजनाओं से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं अनुभव, डेस्क अटैचमेंट के माध्यम से प्राप्त कार्यानुभव तथा प्रमुख समस्या-वक्तव्यों के समाधान हेतु मंत्रालय-वार समाधान तैयार करने की प्रक्रिया ने इन अधिकारियों को अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की है। निस्संदेह, यह अनुभव भविष्य में उनकी भूमिकाओं और दायित्वों के निर्वहन में उनके लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

इस कार्यक्रम के दौरान, प्रशिक्षु अधिकारियों ने कई तरह के मॉड्यूल में भाग लिया। जिसमें भारत सरकार के कार्य को समझना, मंत्रालयों/विभागों के कार्यों का अनुभव प्राप्त करना, अलग-अलग क्षेत्रों के कामकाज को जानना तथा गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठकें करना शामिल था। उन्हें राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी, इंटेलिजेंस ब्यूरो और भारतीय लोक प्रशासन संस्थान जैसे अहम संस्थानों के साथ कार्य करने का अनुभव प्राप्त हुआ। इन अनुभवों ने न केवल उनकी समझ को बढ़ाया है, बल्कि सहयोग और तालमेल की भावना को भी मज़बूत बनाया, जो कुशल शासन के लिए आवश्यक है।

प्रशिक्षु अधिकारियों को राष्ट्रपति महोदया, प्रधानमंत्री महोदय, राज्य मंत्री (पीपी) और भारत के निर्वाचन आयोग से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, साथ ही संसद दौरे के समय लोकसभा अध्यक्ष के साथ वार्तालाप करने का भी अवसर मिला। दिनांक 07 अप्रैल, 2025 को इन अधिकारियों ने माननीय प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के साथ भी वार्ता की।

इसके अलावा, संसद, राजघाट और प्रधानमंत्री संग्रहालय के दौरों से उन्हें हमारे देश की लोकतांत्रिक विरासत और हमारे नेताओं के अहम योगदान को और बेहतर ढंग से समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम का महत्वपूर्ण पहलू सहकर्मी ज्ञानार्जन (पीयर लर्निंग) सत्र रहे। पहले सत्र में अंतर-क्षेत्रीय सहकर्मी ज्ञानार्जन पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसका उद्देश्य आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच उनके नियुक्ति वाले मंत्रालय/विभाग के संगठनात्मक ढांचे, प्रमुख योजनाओं, बजट, विभिन्न मंत्रालयों/विभागों तथा राज्यों के साथ समन्वय एवं उनके जिला

प्रशिक्षण अनुभव को संबंधित मंत्रालयों/विभागों व प्रमुख संस्थानों के अनुभव से जोड़ने के संदर्भ में ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना था।

अनौपचारिक संवाद एवं सहभागिता के अवसरों, जैसे कि 17.05.2025 को दिल्ली में आयोजित सहायक सचिव XI और कैबिनेट सचिव XI के बीच क्रिकेट मैच ने वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिकारियों के बीच आपसी संबंधों को और मजबूत किया तथा सौहार्द की भावना को बढ़ावा दिया। प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा तैयार किए गए मंत्रालय-वार "प्रमुख समस्या-वक्तव्यों के समाधान" भी संबंधित मंत्रालयों के सचिवों के समक्ष प्रस्तुत किए गए।

सहायक सचिव कार्यक्रम 2023 बैच ने अधिकारियों को उनके कैडर राज्यों में अधिक जिम्मेदारियों और चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। अब वे व्यापक वृहद परिप्रेक्ष्य और नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने की क्षमता से लैस हैं, जिससे बेहतर अंतर-क्षेत्रीय समन्वय और अलगाव को दूर किया जा सके।

सहायक सचिव कार्यक्रम – मॉड्यूल		
क्र.सं.	मॉड्यूल	विषय/गतिविधि
1	परिचय	केंद्र सरकार की कार्य पद्धति का परिचय
2	मंत्रालय/विभाग का अनुभव	मंत्रालय/विभाग का अनुभव
		प्रमुख योजनाओं का अनुभव
		आई-गॉट पर केवाईएम मॉड्यूल
		डेस्क अटैचमेंट (विभिन्न पदानुक्रमिक स्तरों पर)
		आई-गॉट के माध्यम से ई-ऑफिस पर व्यावहारिक प्रशिक्षण
		बैठकों में भाग लेना
		कार्य आवंटन आदेश के अनुसार फ़ाइलें/नोटिंग से संबंधित कार्य करना
		विश्लेषणात्मक नोट तैयार करना

		कैबिनेट नोट के अध्ययन और तैयार करने में सहायता करना
		संसदीय समिति के मामलों से अवगत होना
		मंत्रालयों/विभागों (दिल्ली के अंदर) के अंतर्गत आने वाले संगठनों का दौरा
3	अंतर-क्षेत्रीय अनुभव	अंतर-विभागीय बैठकों में भाग लेना
		अन्य महत्वपूर्ण मंत्रालयों/कार्यालयों का दौरा
		अन्य परस्पर संबंधित मंत्रालयों पर संक्षिप्त जानकारी
		अन्य सहकर्मियों से ज्ञानार्जन
		सहकर्मी ज्ञानार्जन के लिए नोट तैयार करना
4	गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक	1. राष्ट्रपति 2. प्रधानमंत्री 3. राज्य मंत्री 4. मंत्रिमंडल सचिव 5. प्रधानमंत्री के निजी सचिव के साथ बैठक
5	राजधानी भ्रमण	महत्वपूर्ण स्थानों/स्मारकों का भ्रमण: 1. संसद 2. प्रधानमंत्री संग्रहालय 3. राजघाट 4. प्रधानमंत्री संग्रहालय
		सप्ताहांतों में अनौपचारिक बातचीत
6	व्यावहारिक अनुभव	4 सप्ताह का पूर्ण प्रभार
7	संक्षिप्त जानकारी और समापन	सचिव के साथ वार्तालाप
		समापन समारोह

3 (iii) आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण-II (2023 बैच)

लक्ष्य समूह	जिला प्रशिक्षण के बाद आईएएस प्रशिक्षु अधिकारी

पाठ्यक्रम समन्वयक	सुश्री षणमुख प्रिया मिश्रा, उप निदेशक (वरिष्ठ)
सह-पाठ्यक्रम समन्वयक	सुश्री प्रियंका दास, उप निदेशक (वरिष्ठ)
	सुश्री श्वेता तेवतिया, उप निदेशक (वरिष्ठ)
	श्री डी. महेश कुमार, उप निदेशक (वरिष्ठ)
	डॉ. अनुपम तलवार, उप निदेशक
	श्री अरविंद कुमार, प्रोफेसर
	सुश्री अंकिता ढांडा, सहायक निदेशक
समापन भाषण	श्री शक्तिकांत दास, भारत के प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव-2
प्रतिभागियों की कुल संख्या	184 प्रशिक्षु अधिकारी (181 आईएएस प्रशिक्षु अधिकारी और रॉयल भूटान सिविल सेवा से 3 प्रशिक्षु अधिकारी)

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 02 जून से 25 जुलाई, 2025 तक आयोजित इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य 182 प्रशिक्षु अधिकारियों को सेवा के प्रारंभिक वर्षों के लिए आवश्यक प्रशासनिक कौशल और व्यावसायिक दक्षता से लैस करना था। हमने मिशन कर्मयोगी द्वारा निर्धारित मूलभूत दक्षताओं के विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया, जिसमें अनामिकता, योग्यता और संयम जैसे गुणों पर विशेष बल दिया गया। पाठ्यक्रम की संरचना पाँच प्रमुख स्तंभों पर आधारित थी—कार्य को परिणाम तक पहुँचाना, प्रशासकों के लिए बुनियादी कार्य-उपकरण, ज्ञान के अंतर को दूर करना, अनुभव साझा कार्यशालाएँ तथा प्रशिक्षुओं को अधिकारियों के रूप में रूपांतरित करना।

प्रशिक्षण की प्रमुख विशेषता व्यावहारिक अनुभव पर जोर देना रही। प्रशिक्षु अधिकारियों ने क्षेत्रीय भ्रमण एवं डेस्क निरीक्षण में भाग लिया तथा विस्तृत रिपोर्ट और प्रस्तुतियाँ तैयार कीं। इसके साथ ही, उन्होंने समुदाय-केंद्रित अभ्यासों में भी सक्रिय रूप से भाग लिया, जिनके माध्यम से स्थानीय समस्याओं, जैसे स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और यातायात जाम से संबंधित मुद्दों को समझने और उनके समाधान पर कार्य किया गया।

पाठ्यक्रम में सार्वजनिक खरीद, वित्तीय प्रबंधन, पारस्परिक संबंध, डीआईवाई आईटी उपकरण और शासन के मूल सिद्धांतों सहित विविध विषयों को शामिल किया गया। पाठ्यक्रम में नैतिकता, कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता पर मॉड्यूल भी शामिल रहे। वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारियों द्वारा संचालित अनुभव-साझाकरण कार्यशालाओं ने क्षेत्रीय तैनाती और प्रशासनिक निर्णय लेने की प्रक्रिया से संबंधित बहुमूल्य जानकारी प्रदान की गई।

चरण - II के दौरान संगोष्ठियों, सम्मेलनों और विशेष मॉड्यूल की व्यापक श्रृंखला शुरू की गई। इसमें उप-विभागीय मजिस्ट्रेटों (एसडीएम), कलेक्टरों, उप सचिवों और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) के प्रबंध निदेशकों सहित प्रशासकों के साथ सहयोग शामिल रहा, ताकि व्यावहारिक शासन प्रशिक्षण को बढ़ाया जा सके। इन सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षुओं को वास्तविक परिस्थितियों में आने वाली चुनौतियों तथा सुशासन की रणनीतियों की व्यावहारिक समझ प्राप्त हुई। विशेष रूप से, उप-विभागीय कार्यालयों के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की गई। इसके अलावा, जिला मजिस्ट्रेटों ने आपदा प्रबंधन तथा विकासात्मक पहलों से संबंधित अपने अनुभव साझा किए, जिससे प्रशिक्षुओं को प्रशासनिक कार्यों की जमीनी वास्तविकताओं और प्रभावी कार्य-प्रणालियों को समझने में सहायता मिली।

अन्य अखिल भारतीय सेवाओं, विशेष रूप से पुलिस एवं वन सेवाओं के अधिकारियों के साथ वार्तालाप के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए। प्रशिक्षु अधिकारियों ने अपने केस स्टडी, न्यायालयीन कार्य से संबंधित असाइनमेंट तथा शोध-प्रबंध पर प्रस्तुतियाँ देकर सहकर्मी ज्ञानार्जन में सक्रिय रूप से भाग लिया। इसके अतिरिक्त, प्रशिक्षु अधिकारियों के नेतृत्व में कई पैनल चर्चाएँ भी आयोजित की गईं, जिनमें भावनात्मक कल्याण, वाइब्रेंट विलेजेज कार्यक्रम, चुनावों का संचालन, बड़े आयोजनों का प्रबंधन तथा आकांक्षी जिलों के विकास में युवा प्रशासकों की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान कई नए मॉड्यूल भी शामिल किए गए, जिनमें मीडिया प्रबंधन सिमुलेशन मॉड्यूल, व्यावहारिक खरीद मॉड्यूल,पिच डेक प्रतियोगिताएँ तथा 'कॉनफ्लुएंस ऑफ कैओस' शामिल थे। 'कॉनफ्लुएंस ऑफ कैओस' के अंतर्गत जटिल प्रशासनिक परिस्थितियों और महत्वपूर्ण एवं उच्च-दाँव वाले निर्णय लेने की प्रक्रिया का सिमुलेशन कराया गया। पाठ्यक्रम दल ने जिला प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञानार्जन और अनुभवों का विस्तृत विश्लेषण एवं समीक्षा सत्र भी आयोजित किया। पहली बार, अंतिम सप्ताह में प्रत्येक प्रशिक्षु अधिकारी के साथ डिब्रीफिंग

सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें व्यक्तिगत प्रतिक्रिया दी गई तथा उनके भावी करियर के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं।

हमारी व्यापक व्याख्यान श्रृंखला में प्रभावी प्रशासन एवं सुशासन के लिए महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत श्रृंखला को शामिल किया गया। विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित वक्ताओं, जिनमें वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं विषय-विशेषज्ञ शामिल थे, जिसमें उन्होंने अपने ज्ञान, अनुभव और व्यावहारिक ज्ञान को प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ साझा कीं। चरण-II के दौरान भाषा कक्षाओं को भी पुनः शुरू किया गया, ताकि प्रशिक्षु अधिकारी जिला प्रशिक्षण के दौरान अर्जित भाषा संबंधी ज्ञान और कौशल को और सुदृढ़ बना सकें।

2023 बैच के लिए आईएएस चरण-II पाठ्यक्रम परिवर्तनकारी यात्रा रही, जिसने प्रशिक्षु अधिकारियों को लोक सेवा में अपने भावी दायित्वों के निर्वहन के लिए आवश्यक कौशल, मूल्य एवं ज्ञान से लैस किया। अब वे लोक सेवकों के रूप में अपनी भूमिकाओं का दायित्व संभालने जा रहे हैं, हमें विश्वास है कि इस पाठ्यक्रम के दौरान प्राप्त शिक्षाएँ, अनुभव और व्यावहारिक अंतर्दृष्टियाँ उन्हें प्रभावी, उत्तरदायी और सार्थक सुशासन की दिशा में कार्य करने के उनके प्रयासों में मार्गदर्शन प्रदान करेंगी।

मूल्यांकन

मूल्यांकन प्रक्रिया व्यापक और गहन थी, जिसमें प्रस्तुतियों, वाद-विवादों तथा समसामयिक मुद्दों पर चर्चाओं के माध्यम से सक्रिय अधिगम पर विशेष बल दिया गया। परिवीक्षाधीन अधिकारियों के समग्र मूल्यांकन के लिए सहकर्मी मूल्यांकन, व्यक्तिगत परियोजनाएँ, समूह गतिविधियाँ, शारीरिक एवं पाठ्येतर गतिविधियाँ आदि को भी शामिल किया गया। इस बार भाषा का मूल्यांकन भी किया गया। खुली पुस्तक पर आधारित प्रश्नोत्तरी और परीक्षाएँ भी पाठ्यक्रम की गतिविधियों का हिस्सा रहीं, परंतु उनका उपयोग अंतिम (समेकित) मूल्यांकन के बजाय ज्ञानार्जन की प्रगति को परखने वाले रचनात्मक/गठनात्मक मूल्यांकन के रूप में किया गया।

शारीरिक फिटनेस और आउटडोर गतिविधियाँ

शारीरिक फिटनेस इस पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा। प्रशिक्षु अधिकारियों ने प्रातःकालीन शारीरिक प्रशिक्षण में भाग लिया तथा उनके द्वारा चुने गए विकल्पों के आधार

पर ज़ुम्बा, योग, घुड़सवारी और तैराकी जैसी गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दिया गया। पाठ्यक्रम के अंत तक प्रशिक्षुओं ने खेल और शारीरिक फिटनेस से जुड़े अनुशासन, टीम भावना तथा सौहार्द जैसे मूल्यों को आत्मसात किया।

समापन सत्र

भारत के प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव-2, श्री शक्तिकांत दास ने प्रशिक्षु अधिकारियों को समापन भाषण से संबोधित किया।



आईएएस चरण-**II (**2023 बैच) का समापन समारोह

आईएएस चरण - **II (2023** बैच) के प्रतिभागी

राज्य के प्रतिभागी	प्रतिभागी
अगमुट	15
आंध्र प्रदेश	7
असम मेघालय	10
छत्तीसगढ	4

राज्य के प्रतिभागी	प्रतिभागी
गुजरात	8
हिमाचल प्रदेश	2
झारखंड	5
केरल	7
मध्य प्रदेश	10
नगालैंड	1
तेलंगाना	6
राजस्थान	10
बिहार	11
हरयाणा	7
कर्नाटक	3
महाराष्ट्र	10
मणिपुर	2
ओडिशा	9
पंजाब	5
रॉयल भूटान सिविल सेवा	3
सिक्किम	1
तमिलनाडु	12
त्रिपुरा	3
उत्तर प्रदेश	19

राज्य के प्रतिभागी	प्रतिभागी
उत्तराखंड	2
पश्चिम बंगाल	10
कुल	**182**

3 (iv) 100वां फाउंडेशन कोर्स (25 अगस्त, 2025 से 28 नवंबर, 2025 तक, 2025 बैच)

कार्यक्रम का उद्देश्य/लक्ष्य समूह	अखिल भारतीय सेवाओं और विभिन्न केंद्रीय सेवा (समूह- 'क') के नव-नियुक्त अधिकारी [रॉयल भूटान सेवाओं सहित]
पाठ्यक्रम समन्वयक	सुश्री अश्वती एस., उप निदेशक
सह पाठ्यक्रम समन्वयक	सुश्री प्रियंका दास, उप निदेशक (वरिष्ठ) सुश्री रितिका नरूला, प्रोफेसर सुश्री षणमुख प्रिया मिश्रा, उप निदेशक (वरिष्ठ) सुश्री श्वेता तेवतिया, उप निदेशक (वरिष्ठ) सुश्री दीप जगदीप कॉन्ट्रैक्टर, उप निदेशक (वरिष्ठ) श्री राजेश मीणा, उप निदेशक श्री चन्द्रशेखर एस, उप निदेशक श्री प्रेम कुमार वी.आर., उप निदेशक श्री अरविंद कुमार, प्रोफेसर श्री गौतम थपलियाल, सहायक निदेशक सुश्री अंकिता ढांडा, सहायक निदेशक श्री रोमियो विंसेंट टेटे, प्रोफेसर सुश्री आकांक्षा कुलश्रेष्ठ, सहायक निदेशक

	श्री सचिव कुमार, रीडर
पाठ्यक्रम का उद्घाटन	श्री श्रीराम तरणिकांति, निदेशक, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
समापन समारोह के दौरान संबोधन	श्री राजनाथ सिंह, माननीय रक्षा मंत्री
प्रतिभागियों की कुल संख्या	कुल- 660 (पुरुष- 458; महिला- 202)

फाउंडेशन कोर्स, अखिल भारतीय सेवाओं, केंद्रीय सिविल सेवाओं और रॉयल भूटान सेवाओं के लिए प्रमुख प्रशिक्षण कार्यक्रम है। यह प्रमुख कार्यक्रम सार्वजनिक सेवा के लिए आवश्यक आधारभूत मूल्यों, ज्ञान और दक्षताओं को विकसित करने के लिए एकीकृत मंच प्रदान करता है, जो राष्ट्र और उसके लोगों की सेवा के लिए समर्पित निजी व्यक्तियों से लोक सेवकों में महत्वपूर्ण परिवर्तन का प्रतीक है।

25 अगस्त से 28 नवंबर 2025 तक आयोजित 100वें फाउंडेशन कोर्स में 19 सेवाओं के 660 प्रशिक्षु अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें भारत सरकार के 16 और रॉयल भूटान सेवाओं के तीन प्रशिक्षु अधिकारी शामिल रहें। नए ज्ञानार्जन के अनुभवों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार किए गए इस 14-सप्ताह के कार्यक्रम ने शहरी और ग्रामीण भारत दोनों का गहन अनुभव प्रदान किया, साथ ही लचीलेपन, विविधता और हमारी समृद्ध विरासत का उत्सव मनाया। सिविल सेवक के जीवन और जिम्मेदारियों के परिचय से कहीं अधिक, यह पाठ्यक्रम आत्म-खोज, ज्ञानार्जन और राष्ट्र के प्रति गहरा प्रतिबद्धता की यात्रा के रूप में कार्य करता है।

इसका औपचारिक उद्घाटन 25 अगस्त 2025 को अकादमी निदेशक श्री श्रीराम तरणिकांति द्वारा किया गया और 29 नवंबर 2025 को समापन समारोह के साथ समाप्त हुआ, जिसमें माननीय रक्षा मंत्री, श्री राजनाथ सिंह उपस्थित रहे।

चूंकि प्रशिक्षु अधिकारी सरकार में नए प्रवेशकर्ता हैं, इसलिए अकादमी उन्हें सुनियोजित मॉड्यूल के माध्यम से राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और प्रशासनिक मुद्दों के परिवेश से परिचित कराने का प्रयास करती है। अकादमिक दृढता और अनुभवात्मक शिक्षा के गतिशील समिश्रण के साथ, पाठ्यक्रम का उद्देश्य लचीलापन, टीम वर्क और विविधता के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना रहा। प्रमुख आकर्षणों में जमीनी स्तर के शासन को समझने के लिए गहन कार्यक्षेत्र अध्ययन अनुसंधान कार्यक्रम, भारत की समृद्ध विरासत का उत्सव मनाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम और हिमालय अध्ययन यात्रा शामिल रहे, जिसने दूरस्थ क्षेत्रों में आने वाली चुनौतियों की गहन समझ प्रदान की। कार्यक्रम में केवडिया स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की यात्रा भी शामिल रही, जो राष्ट्रीय एकता और दूरदर्शी नेतृत्व का सशक्त प्रतीक है।

1. पाठ्यक्रम का लक्ष्य

100वें फाउंडेशन कोर्स को अखिल भारतीय सेवाओं, केंद्रीय सिविल सेवाओं और रॉयल भूटान सेवाओं के 660 प्रशिक्षु अधिकारियों को नैतिक, सक्षम और नागरिक-केंद्रित सिविल सेवकों में बदलने के लिए तैयार किया गया था। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य अधिकारी के गुणों, लोक सेवा के प्रति गहन प्रतिबद्धता और टीम भावना को विकसित करना रहा, जिससे विभिन्न पृष्ठभूमियों के प्रतिभागियों के बीच सहयोग और आपसी सम्मान को बढ़ावा मिल सके।

100वें फाउंडेशन कोर्स की विशिष्टता इसका नवोन्मेषी दृष्टिकोण रहा, जिसमें अकादमिक कठोरता और अनुभवात्मक शिक्षा का सहज समिश्रण रहा। मिशन कर्मयोगी के सिद्धांतों पर आधारित, इस पाठ्यक्रम में विभिन्न विशिष्ट मॉड्यूल शामिल किए गए जैसे क्षेत्र अध्ययन एवं अनुसंधान कार्यक्रम के दायरे का विस्तार किया गया तथा सतत विकास, साइलो-आधारित कार्यप्रणाली को समाप्त करने और नागरिक-केंद्रित शासन पर विशेष बल दिया गया।

कठोर अकादमिक पाठ्यक्रम के अलावा, इसमें भारत दिवस और अमृतोत्सव जैसे जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम, परिवर्तनकारी हिमालय अध्ययन दौरा और संरचित गतिविधियों एवं नियमित मूल्यांकन के साथ उन्नत शारीरिक फिटनेस कार्यक्रम शामिल रहे। इस समग्र प्रशिक्षण ढांचे ने प्रशिक्षु अधिकारियों को शासन की जटिलताओं से निपटने के लिए तैयार किया, साथ ही भारत की एकता, विविधता और प्रगति के प्रति साझा प्रतिबद्धता को बढ़ावा दिया।

2. पाठ्यक्रम के उद्देश्य

- प्रशिक्षु अधिकारियों को देश के प्रशासनिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक वातावरण से अवगत कराना।
- प्रशिक्षु अधिकारियों के व्यक्तित्व गुणों अर्थात् बौद्धिक, नैतिक, शारीरिक और सौंदर्यपरक के समग्र विकास को बढ़ावा देना।
- विभिन्न सिविल सेवाओं के सदस्यों के बीच सौहार्दपूर्ण समन्वय को बढ़ावा देने के लिए टीम भावना का निर्माण करना।
- प्रशिक्षु के व्यावसायिक, बौद्धिक और भावनात्मक विकास को सुगम बनाने के लिए सर्वोत्तम शिक्षण सामग्री और संसाधन व्यक्तियों से संपर्क स्थापित करना।
- प्रशिक्षु को ऐसा वातावरण प्रदान करना जो जिज्ञासा और विचार की स्वतंत्रता को प्रोत्साहित करे, साथ ही अनुशासन से ओतप्रोत हो, ताकि बौद्धिक विकास और सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिल सके।

3. पाठ्यक्रम की रूपरेखा

100वां फाउंडेशन कोर्स, परिवर्तनकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम है जिसे प्रभावी लोक प्रशासन के लिए आवश्यक कार्यात्मक और व्यवहारिक दक्षताओं को विकसित करने के लिए मॉड्यूलर ढांचे के साथ संरचित किया गया है। मॉड्यूल में विस्तारित यह पाठ्यक्रम, प्रशिक्षु अधिकारियों को समग्र रूप से तैयार करने के लिए अकादमिक कठोरता, व्यावहारिक अनुभव और अनुभवात्मक शिक्षा को संबद्ध करता है।

इस पाठ्यक्रम के प्रमुख पहलुओं में निम्नलिखित शामिल हैं:

- मॉड्यूल संबंधी ढांचा: यह पाठ्यक्रम प्रशिक्षु अधिकारियों की कार्यात्मक एवं व्यवहारगत दक्षताओं के विकास पर केंद्रित है। समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए इसमें कक्षा पर आधारित सत्रों, क्षेत्रीय अनुभव तथा सहकर्मी ज्ञानार्जन को एकीकृत किया गया है।

- संतुलित ज्ञानार्जन दृष्टिकोण: लोक प्रशासन, अर्थशास्त्र, विधि, नैतिकता और सूचना प्रौद्योगिकी पर मॉड्यूल के साथ अकादमिक कठोरता और गाँव में रहने तथा शहरी शासन के संपर्क सहित गहन कार्य क्षेत्र के माध्यम से अनुभवात्मक शिक्षा को जोड़ता है।
- मिशन कर्मयोगी के अनुरूप: विकसित भारत @2047 की परिकल्पना के अनुरूप, यह पाठ्यक्रम साइलो-आधारित कार्यप्रणाली को समाप्त कर विभिन्न सेवाओं के बीच सहयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित है, जिससे कार्यकुशलता में वृद्धि और एकीकृत शासन व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। साथ ही, इसमें निरंतरता को प्राथमिकता दी गई है, ताकि दीर्घकालिक पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभाव सुनिश्चित हो। इसका उद्देश्य भारत के

विकास लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध भविष्य के लिए तैयार, सक्षम और समन्वित सिविल सेवा का निर्माण करना है।

- नागरिक-केंद्रित शासन: यह जनभागीदारी (सार्वजनिक भागीदारी), कुशल शिकायत निवारण, प्रभावी सार्वजनिक संचार और शासन उपकरण के रूप में सोशल मीडिया के रणनीतिक उपयोग पर भी बल देता है। आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के अनुरूप, इसका उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना, नागरिकों को सशक्त बनाना और आत्मनिर्भर, उत्तरदायी और नवोन्मेषी शासन ढांचा तैयार करना है।
- शारीरिक और मानसिक लचीलापन: योग, शारीरिक प्रशिक्षण, तैराकी और क्राव मागा सहित दैनिक शारीरिक गतिविधियाँ, साथ ही स्थानीय ट्रेकिंग और हिमालय अभियानों जैसे आउटडोर कार्यक्रम, सहनशक्ति, लचीलापन और टीम वर्क को बढ़ाते हैं, साथ ही समग्र शारीरिक और मानसिक कल्याण को भी बढ़ावा देते हैं।
- कौशल संवर्धन: इसमें वार्तालाप, वित्तीय और परियोजना प्रबंधन, प्रशासनिक दक्षता के लिए आईटी उपकरण, नेतृत्व विकास और भावनात्मक बुद्धिमत्ता में प्रशिक्षण शामिल हैं।
- सांस्कृतिक और सहयोगात्मक गतिविधियाँ: भारत दिवस, एथलेटिक्स मीट और सांस्कृतिक संध्याओं जैसे आयोजन विविधता का उत्सव मनाते हैं तथा प्रशिक्षु अधिकारियों में सौहार्द को बढ़ावा देते हैं।

फाउंडेशन कोर्स के 14 सप्ताहों में से लगभग चार सप्ताह अकादमी परिसर से बाहर अनुभवात्मक शिक्षा के लिए समर्पित हैं, जिससे कुल 230 घंटे का कार्यक्षेत्र भ्रमण (फील्ड इमर्शन) शामिल है। इसमें हिमालय अध्ययन दौरा भी शामिल है - जिसे सुरक्षा संबंधी बेहतर जानकारी के लिए सशस्त्र/अर्धसैनिक बलों के साथ 3 दिवसीय अटैचमेंट, टीम निर्माण व प्रकृति से जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए 3 दिवसीय अधिक-ऊंचाई वाली ट्रेक, तथा भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में शासन व आजीविका मॉडल से परिचित कराने के लिए 3 दिवसीय जीवंत ग्राम भ्रमण कार्यक्रम को शामिल करने के लिए पुनर्गठित किया गया है। इसके अतिरिक्त, फील्ड अध्ययन और अनुसंधान कार्यक्रम सात दिनों तक जारी रहता है, जिसमें प्रशिक्षु अधिकारियों को महत्वाकांक्षी, आदिवासी और विरासत जिलों में गहन अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलता है, जबकि एकता नगर (केवड़िया) में आयोजित आरंभ 7.0 नेतृत्व और नीति सम्मेलन के रूप में कार्य करता है, जिसमें वरिष्ठ नीति निर्माताओं और कार्यक्षेत्र विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

इस पाठ्यक्रम के अकादमिक हिस्से के रूप में 310 घंटे के ऑन-कैंपस सत्र शामिल हैं, जिनमें विकसित भारत वार्ता मॉड्यूल शामिल है जो प्रमुख शासन विषयों को सुदृढ़ बनाते हैं। प्रशिक्षु अधिकारियों ने विकसित भारत निबंध लेखन में भी भाग लिया, जो विभिन्न क्षेत्रों में विभाजित रहे तथा 2047 तक भारत के समावेशी विकास के लिए रणनीतियों का पता लगाने

पर केंद्रित थे। निगरानी एवं मूल्यांकन और मानव संसाधन प्रबंधन, साथ ही कार्यालय प्रक्रिया जैसे मौजूदा मॉड्यूल को प्रासंगिकता और प्रयोज्यता बढ़ाने के लिए संशोधित किया गया है। ये संरचित ज्ञानार्जन अनुभव न केवल बौद्धिक और विश्लेषणात्मक क्षमताओं को बेहतर बनाते हैं, बल्कि मिशन कर्मयोगी और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के अनुरूप सहनशीलता, सहानुभूति और समग्र सरकारी दृष्टिकोण को भी विकसित करते हैं।

विभिन्न मॉड्यूल पर शैक्षणिक जानकारी दी गई:

- मानव संसाधन प्रबंधन
- राष्ट्रीय सुरक्षा
- वित्तीय एवं परियोजना प्रबंधन
- सोशल मीडिया और संचार
- आईसीटी
- नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास
- ईसीएम मॉड्यूल (पाठ्येतर मॉड्यूल)
- विकसित भारत वार्ता
- नैतिकता
- प्रशासकों के लिए बुनियादी अर्थशास्त्र
- कार्यालय प्रक्रिया
- वार्ता कौशल
- क्षेत्र अध्ययन एवं अनुसंधान कार्यक्रम
- एकाँकी नाटक
- भारत दिवस
- अमृतोत्सव
- सांस्कृतिक कार्यक्रम
- एथलेटिक्स मीट
- क्रॉस कंट्री
- स्थानीय ट्रेक
- विधि
- शहरी मॉड्यूल
- डिकंस्ट्रक्शन
- नागरिक-केंद्रित शासन और सुशासन
- आरंभ 7.0
- ट्यूटर ग्रुप सेशन
- हाउस ग्रुप की बैठकें
- हिमालयन ट्रेक और सीएपीएफ़/जीवंत गाँव के साथ गतिविधियां

4. फाउंडेशन कोर्स के दौरान आयोजित मुख्य गतिविधियाँ:

100वें फाउंडेशन कोर्स में कक्षा के अलावा विविध प्रकार की गतिविधियाँ शामिल की गई ताकि प्रशिक्षु अधिकारियों को परिवर्तनकारी अनुभव प्रदान किए जा सकें, जिससे शारीरिक सहनशक्ति, सांस्कृतिक प्रशंसा, नेतृत्व कौशल और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा मिले। इन गतिविधियों ने पाठ्यक्रम के मॉड्यूलर ढांचे का पूरक बनाया, जिससे समग्र विकास सुनिश्चित हुआ। मुख्य बिंदु निम्नलिखित हैं:

1. स्पोर्ट्स अथारिटी ऑफ इंडिया (एसएआई) टीम द्वारा शारीरिक मूल्यांकन **((21/08/2025** और **24/08/2025):** स्पोर्ट्स अथारिटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित शारीरिक मूल्यांकन 100वें फाउंडेशन कोर्स की फिटनेस यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा। 21/08/2025 को किए गए प्रारंभिक मूल्यांकन में प्रशिक्षु अधिकारियों के बुनियादी फिटनेस स्तर का आकलन किया गया, जिससे कोर्स के दौरान उनके शारीरिक विकास के लिए रूपरेखा तैयार हुई।

पोलो ग्राउंड में होने वाले आवश्यक प्रातःकालीन फ़िटनेस सत्र - जैसे कि शारीरिक प्रशिक्षण, योग, एरोबिक्स, ज़ुम्बा, अनआर्म्ड कॉम्बैट (क्राव मागा) और तैराकी जैसी जीवन रक्षक कौशल गतिविधियों ने प्रशिक्षु अधिकारियों में अनुशासन, सहनशक्ति और मानसिक लचीलापन विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पाठ्यक्रम के अंत तक, कई प्रशिक्षु अधिकारियों ने न केवल अपने फिटनेस लक्ष्यों को प्राप्त किया, बल्कि इस बात की भी गहरी समझ हासिल की कि शारीरिक स्वास्थ्य प्रभावी लोक सेवा में किस प्रकार योगदान देता है।

2. एकांकी नाटक **(12/09/2025):** 100वें फाउंडेशन कोर्स के भाग के रूप में आयोजित एकांकी नाटक ने प्रशिक्षु अधिकारियों को अपनी नाटकीय प्रतिभा, टीम वर्क और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया। इसने सार्वजनिक वार्तालाप कौशल, सौहार्द और सांस्कृतिक प्रशंसा को बढ़ावा दिया, जिससे यह पाठ्यक्रम का यादगार आकर्षण बन गया।

3. हिमालय अध्ययन दौरा **(22/09/2024 - 30/09/2024):** 99वें फाउंडेशन कोर्स में हिमालय अध्ययन दौरा 11 दिनों तक चलता है, जिसे प्रशिक्षु अधिकारियों को अधिक-ऊंचाई वाले परिचालन वातावरण, ग्रामीण शासन और टीम-निर्माण के अनुभवों से अवगत कराने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- सशस्त्र/अर्धसैनिक बलों के साथ अटैचमेंट (3 दिन)
- टीम निर्माण और प्रकृति के भ्रमण के लिए उच्च ऊंचाई वाली ट्रेक (3 दिन)
- टीम-निर्माण और प्रकृति से जुड़ने के लिए अधिक ऊँचाई वाले ट्रेकिंग (3 दिन)

इस अध्ययन दौरे का उद्देश्य ऐसे अधिकारियों का सर्वांगीण विकास करना है जो शासन और प्रशासनिक चुनौतियों के लिए तैयार हों।

4. भारत दिवस **(18/10/2025 - 19/10/2025):** भारत दिवस का उत्सव दो दिनों का जीवंत आयोजन रहा जो ऊर्जा और उत्साह से सराबोर था तथा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को दर्शाता था। प्रशिक्षु अधिकारियों ने पारंपरिक पोशाक, लोक नृत्यों और क्षेत्रीय व्यंजनों के माध्यम से उत्साहपूर्वक अपने राज्यों का प्रतिनिधित्व किया। इस जीवंत आयोजन ने भारत की विरासत पर गर्व की गहन भावना उत्पन्न की और प्रशिक्षु अधिकारियों को एक-दूसरे के करीब लाया, जिससे 100वें फाउंडेशन कोर्स के सर्वाधिक यादगार पलों के रूप में स्थायी छाप छोड़ी।

5. अमृतोत्सव **(05/11/2025):** 5 नवंबर, 2025 को आयोजित अमृतोत्सव/फेट कार्यक्रम में भारत की उल्लेखनीय प्रगति और विकास यात्रा का उत्सव मनाया गया। अकादमी निदेशक, श्री श्रीराम तरणिकांति ने अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई और "अमृतोत्सव मेला" का उद्घाटन किया। इस जीवंत सांस्कृतिक और देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रम में प्रस्तुतियाँ, प्रदर्शनियाँ और संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए, जिनमें राष्ट्र की उपलब्धियों और कीर्तिमान को प्रदर्शित किया गया।

6. खेलकूद प्रतियोगिता **(21/11/2025 -** 22/11/2025**):** खेलकूद प्रतियोगिता ने शांत और सुरम्य परिसर को प्रतिस्पर्धात्मक उत्साह एवं टीम भावना से भरपूर जीवंत केंद्र में परिवर्तित कर दिया। इसका उद्घाटन श्री के. संजय मूर्ति, आईएएस (सेवानिवृत्त), भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं के साथ-साथ क्रिकेट, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल तथा अन्य टीम खेलों सहित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। प्रशिक्षु अधिकारियों ने अपनी खेल प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया, जबकि प्रत्येक स्पर्धा ने उनमें सौहार्द, सहयोग एवं टीम भावना को और अधिक मजबूत बनाया।

7. आरंभ **7.0 (25/10/2025 - 01/11/2025):** आरंभ **7.0**, गुजरात के एकता नगर में आयोजित प्रमुख कार्यक्रम था, जिसका मुख्य विषय "शासन की पुनर्कल्पना था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण माननीय प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी संबोधन एवं संवाद का सत्र रहा, जिसमें उन्होंने नेतृत्व, राष्ट्र निर्माण तथा विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ने के मार्ग पर अपने अमूल्य विचार साझा किए। प्रशिक्षु अधिकारियों ने सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित भव्य एकता दिवस समारोह में भी भाग लिया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय एकता में

सरदार पटेल के अतुलनीय योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया तथा राष्ट्रीय एकीकरण और राष्ट्रभावना के मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को कई प्रख्यात अतिथि वक्ताओं के प्रेरणादायी संबोधनों ने भी समृद्ध किया, जिनमें निम्नलिखित शामिल रहें:

- श्री पी.के. मिश्रा, भारत के माननीय प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव
- श्री टी वी सोमनाथन, कैबिनेट सचिव, भारत सरकार
- डॉ. वी. नारायणन, अध्यक्ष, इसरो
- श्री प्रवीण सूद, निदेशक, सीबीआई
- सुश्री रचना शाह, सचिव, डीओपीटी
- श्री मुकेश पुरी, आईएएस (सेवानिवृत्त), अध्यक्ष, सरदार सरोवर नर्मदा निगम लिमिटेड

8. क्रॉस कंट्री दौड़ **(22/10/2025)**: क्रॉस कंट्री दौड़ अधिक-ऊर्जा वाला और चुनौतीपूर्ण आयोजन रहा जिसके माध्यम से प्रशिक्षु अधिकारियों की शारीरिक सहनशक्ति और मानसिक लचीलेपन का परीक्षण किया गया। आंतरिक गतिविधि के रूप में, प्रतिभागियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, टीम वर्क और सौहार्द की भावना को प्रोत्साहित किया गया।

9. फील्ड अध्ययन और अनुसंधान कार्यक्रम **(**एफएसआरपी**) (08/11/2025 - 16/11/2025):** 12 राज्यों के 55 जिलों में आयोजित इस फील्ड अध्ययन और अनुसंधान कार्यक्रम ने प्रशिक्षु अधिकारियों को ग्राम और शहरी शासन का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया। 3-4 दिनों के ग्राम अध्ययन के दौरान, प्रशिक्षु अधिकारियों ने पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और पारिवारिक संगठनों (एफपीओ) जैसी जमीनी स्तर की संस्थाओं का दौरा किया, ई-गवर्नेंस और डीबीटी जैसी नागरिक-केंद्रित सेवाओं का आकलन किया तथा नवीकरणीय ऊर्जा व उद्यमिता के क्षेत्र में अवसरों की पहचान की। 1-2 दिनों के शहरी कार्यक्रम में झुग्गी-झोपड़ी विकास, अपशिष्ट प्रबंधन और शहरी गरीबी पर ध्यान केंद्रित किया गया। ट्रांससेक्ट वॉक, एफजीडी (समूह चर्चाओं पर केन्द्रित) और सामाजिक-आर्थिक मानचित्रण जैसे सहभागी उपकरणों का उपयोग करते हुए, प्रशिक्षुओं ने स्थानीय अग्रणी व्यक्तियों और समुदायों के साथ जुड़कर शासन संबंधी चुनौतियों और सर्वोत्तम प्रथाओं को समझा। कार्यक्रम का समापन प्रस्तुतियों और फिल्मों के साथ हुआ, जिनका मूल्यांकन रचनात्मकता, विषयवस्तु और व्यावहारिक उपयोगिता के आधार पर किया गया, जिससे कार्यक्रम में प्रतिस्पर्धात्मक और चिंतनशील पहलू जुड़ गया।

10. एथलेटिक मीट **(11/10/2025):** पैरालंपिक सिल्वर मेडलिस्ट, सुश्री दीपा मलिक द्वारा उद्घाटन की गई एथलेटिक्स मीट, 100वें फाउंडेशन कोर्स की शारीरिक गतिविधियों का भव्य समापन रहा। इसमें स्प्रिंट, रिले, लंबी दूरी की दौड़ और अन्य प्रतिस्पर्धी खेल शामिल रहे। यह

न केवल शारीरिक सहनशक्ति की परीक्षा थी, बल्कि खेल भावना का उत्सव भी था, जिससे प्रशिक्षु अधिकारियों के विविध समूह के बीच एकता एवं आपसी प्रोत्साहन को बढ़ावा मिला।

11. विकसित भारत वार्ता: 100वें फाउंडेशन कोर्स के हिस्से के रूप में, प्रशिक्षु अधिकारियों के ज्ञानार्जन के अनुभव को बढ़ाने के लिए एक नई पहल की गई है। विभिन्न क्षेत्रों के प्रख्यात वक्ताओं, जिनमें विचारक, सार्वजनिक बुद्धिजीवी, खिलाड़ी, पद्म पुरस्कार विजेता, व्यापार में अग्रणी व्यक्ति तथा सार्वजनिक हस्तियाँ शामिल हैं, के साथ विविध राष्ट्रीय और वैश्विक मुद्दों पर साप्ताहिक वार्ताएँ की गई। विकसित भारत वार्ताएँ बौद्धिक चर्चा के लिए मंच के रूप में कार्य करती हैं और प्रशिक्षु अधिकारियों में आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करती हैं। कुछ प्रमुख वक्ताओं में शामिल रहें:

- श्री संजय मल्होत्रा, आईएएस, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई।
- श्री के. संजय मूर्ति, आईएएस (सेवानिवृत्त), भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, नई दिल्ली।
- श्री बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नीति आयोग, नई दिल्ली।
- श्री वी. अनंत नागेश्वरन, प्रधान आर्थिक सलाहकार, आर्थिक मामले विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार।
- श्री अजय सेठ, आईएएस (सेवानिवृत्त), चेयरमैन, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण, हैदराबाद।
- श्री पुलेला गोपीचंद, भारतीय राष्ट्रीय बैडमिंटन टीम के मुख्य राष्ट्रीय कोच और पूर्व भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी।
- श्री परमेश्वरन अय्यर, आईएएस (सेवानिवृत्त), कार्यकारी निदेशक ईडीएस 12, विश्व बैंक समूह।
- सुश्री चेतना गाला सिन्हा, संस्थापक और चेयरपर्सन, मन देशी फाउंडेशन और मन देशी महिला सहकारी बैंक।
- श्री विक्रांत मैसी, अभिनेता।
-

100वें फ़ाउंडेशन कोर्स के अतिथि वक्ता

भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्री श्री किरेन रिजिजू तथा माननीय राज्य मंत्री (कार्मिक एवं प्रशिक्षण) डॉ. जितेंद्र सिंह के संबोधन के अतिरिक्त, 100वें फाउंडेशन कोर्स में प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करने के लिए कई प्रतिष्ठित वक्ताओं को आमंत्रित किया गया।

100वें फाउंडेशन कोर्स में शामिल प्रतिभागी (सेवा-वार विवरण)

सेवा	पुरुष	महिला	कुल योग
भारतीय प्रशासनिक सेवा	118	62	180
भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा सेवा	04	08	12
भारतीय सिविल लेखा सेवा	05	07	12
भारतीय कॉर्पोरेट विधि सेवा	02	01	03
भारतीय रक्षा लेखा सेवा	04	05	09
भारतीय रक्षा संपदा सेवा	03	00	03
भारतीय विदेश सेवा	30	16	46
भारतीय वन सेवाएँ	53	14	67
भारतीय सूचना सेवाएँ	04	01	05
भारतीय पुलिस सेवा	70	18	88
भारतीय डाक सेवा	02	01	03
भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा	46	10	56
भारतीय डाक एवं दूरसंचार लेखा एवं वित्तीय सेवाएँ	01	00	01

सेवा	पुरुष	महिला	कुल योग
भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क)	36	15	51
भारतीय राजस्व सेवा (आईटी)	67	43	110
भारतीय व्यापार सेवा	03	00	03
रॉयल भूटान सिविल सेवा	03	00	03
रॉयल भूटान वन सेवा	02	00	02
रॉयल भूटान पुलिस सेवाएँ	05	01	06
कुल योग	**458**	**202**	**660**

3 (v) विशिष्ट फाउंडेशन कोर्स

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी तथा विभिन्न प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थानों और केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थानों के बीच निरंतर समन्वय एवं सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से विशेष फाउंडेशन कोर्स अकादमी से बाहर (ऑफ-कैंपस) आयोजित किए गए। ये पाठ्यक्रम उन प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए आयोजित किए गए, जो अकादमी परिसर में आयोजित फाउंडेशन कोर्स में भाग नहीं ले सके। विशिष्ट फाउंडेशन कोर्स की अवधि प्रतिभागियों की सेवा अवधि एवं अनुभव के आधार पर अलग-अलग रखी गई, ताकि संबंधित बैचों के लिए पाठ्यक्रम की अधिकतम प्रासंगिकता सुनिश्चित की जा सके तथा उन्हें प्राप्त होने वाले अनुभव और प्रशिक्षण के स्तर में एकरूपता बनी रहे। हालाँकि, यह सुनिश्चित किया गया कि फाउंडेशन कोर्स के संपूर्ण पाठ्यक्रम को इन ऑफ-कैंपस पाठ्यक्रमों में भी शामिल किया जाए।

इसमें क्षेत्रीय भ्रमण के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसी पाठ्येतर गतिविधियाँ तथा खेल एवं शारीरिक फिटनेस पर भी विशेष बल दिया गया।

क्रम सं.	संस्थान/स्थान	अवधि	कब से कब तक	प्रशिक्षु अधिकारियों की संख्या	बैच/सेवाएँ
1.	राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी (एनएसीआईएन), पलासमुद्रम	12 सप्ताह	8 सितंबर से 5 दिसंबर, 2025 तक	74	सिविल सेवा परीक्षा–2023
2.	राष्ट्रीय संचार अकादमी-वित्त (एनसीए-एफ)	12 सप्ताह	15 सितंबर से 6 दिसंबर, 2025 तक	176	अखिल भारतीय और केंद्रीय सिविल सेवा का 2024 बैच
3.	डॉ. मैरी चन्ना रेड्डी मानव संसाधन विकास संस्थान, तेलंगाना (डॉ.एमसीआरएचआरडीआईटी), हैदराबाद	10 सप्ताह	13 अक्टूबर से 19 दिसंबर, 2025 तक	203	15 सेवाओं के प्रशिक्षु अधिकारी
4.	महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान (एमजीएसआईपीए), चंडीगढ़	10 सप्ताह	3 नवंबर 2025 से 9 जनवरी, 2026 तक	32	2021 बैच
5.	सरदार पटेल लोक प्रशासन संस्थान (एसपीआईपीए)	10 सप्ताह	10 नवंबर 2025 से 16 जनवरी, 2026 तक	81	अखिल भारतीय सेवाएं और केंद्रीय सिविल सेवाएं



अकादमिक गतिविधियाँ: मध्यावधि-सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम

4 (i) एमसीटीपी चरण-III का 22वां राउंड

पाठ्यक्रम का नाम	एमसीटीपी चरण-III का 22वां राउंड
अवधि	12 मई से 6 जून, 2025 तक
पाठ्यक्रम समन्वयक का नाम	श्री गणेश शंकर मिश्रा
पाठ्यक्रम टीम के अन्य सदस्यों के नाम	श्री बगादी गौतम, श्री राजेश मीणा बुजेटा, डॉ. (सुश्री) अनुपम तलवार और सुश्री अंकिता ढांडा
प्रतिभागियों की संख्या	कुल: 84 पुरुष: 60 महिला: 24
प्रतिभागी बैच	2010, 2011, 2012, 2013, 2014, 2015, 2016 और 2017 बैच
पाठ्यक्रम का उद्घाटन	श्री श्रीराम तरणिकांति, निदेशक, ला.ब.शा.रा.प्र.अ.
समापन के दौरान संबोधन	श्री शिवराज सिंह चौहान, माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री

उद्देश्य

अधिकारियों को आवश्यक कौशल से युक्त करना ताकि वे मध्य-प्रबंधन में जिला प्रशासन से विभाग प्रमुख के पद तक प्रभावी रूप से संक्रमण करते हुए सेवा प्रदान कर सकें, जिससे कार्यान्वयन में उत्कृष्टता और नागरिक केंद्रितता पर ध्यान केंद्रित किया जाए और विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ा जा सके।

पाठ्यक्रम के उद्देश्य

- शासन के विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत क्षमताओं को विकसित करने और अपने-अपने क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी के उपयोग में ज्ञान की कमियों को दूर करने का अवसर।
- कुशल सेवा प्रदायगी के लिए प्रयास करना और देश भर के अनुभवों से ज्ञानार्जन।
- संचार, पारस्परिक भावना और टीम निर्माण कौशल को बेहतर बनाना और शासन में मूल्यों की केंद्रीयता को समझना।

पाठ्यक्रम की सप्ताहवार रूपरेखा

पाठ्यक्रम रूपरेखा

चरण-III पाठ्यक्रम व्यापक रूप से निम्नलिखित विषयों के संबंध में आयोजित किया गया:

1. फील्ड अधिकारियों को विभागाध्यक्ष के रूप में रूपांतरित करना
2. अंतर को समाप्त करना
3. अनुभव साझा करना और सहकर्मी ज्ञानार्जन
4. विकसित भारत के लिए सेक्टर संबंधी इनपुट
5. आत्म-विकास

प्रतिभागियों का विवरण

संवर्ग-वार विभाजन					बैच-वार विभाजन			
संवर्ग	महिला	पुरुष	कुल योग		बैच	महिला	पुरुष	कुल योग
अगमुट	2	4	6		2010	1	7	8
आंध्र प्रदेश	2	3	5		2011		8	8
असम-मेघालय		5	5		2012	3	5	8
बिहार		1	1		2013	4	8	12
छत्तीसगढ़	4	6	10		2014	3	8	11
हिमाचल प्रदेश	1	2	3		2015	5	13	18
कर्नाटक	2	1	3		2016	4	4	8
मध्य प्रदेश	4	7	11		2017	4	7	11
महाराष्ट्र	2	4	6		कुल योग	**24**	**60**	**84**
मणिपुर		6	6					
ओडिशा		2	2					

राजस्थान	1	3	4	
तमिलनाडु	1	3	4	
त्रिपुरा		1	1	
उत्तर प्रदेश	5	10	15	
पश्चिम बंगाल		2	2	
कुल योग	**24**	**60**	**84**	

4 (II) एमसीटीपी चरण-III का 23वां राउंड

पाठ्यक्रम का नाम	एमसीटीपी चरण-III का 23वां राउंड
अवधि	21 जुलाई से 16 अगस्त, 2025 तक
पाठ्यक्रम समन्वयक का नाम	श्री राजेश मीणा बुजेटा
पाठ्यक्रम टीम के अन्य सदस्यों के नाम	डॉ. बगादी गौतम, श्री गणेश शंकर मिश्रा, सुश्री दीप जगदीप कांट्रैक्टर एवं सुश्री भावना पोरवाल
प्रतिभागियों की संख्या	कुल 75 पुरुष 60 महिला 15
प्रतिभागी बैच	2010, 2011, 2012, 2013, 2014, 2015, 2016 और 2017 बैच
पाठ्यक्रम का उद्घाटन	श्री श्रीराम तरणिकांति, निदेशक, ला.ब.शा.रा.प्र.अ.
समापन के दौरान संबोधन	श्री आनंद बर्धन, मुख्य सचिव, उत्तराखंड सरकार

उद्देश्य

अधिकारियों को आवश्यक कौशल से युक्त करना ताकि वे मध्य-प्रबंधन में जिला प्रशासन से विभाग प्रमुख के पद तक प्रभावी रूप से संक्रमण करते हुए सेवा प्रदान कर सकें, जिससे कार्यान्वयन में उत्कृष्टता और नागरिक केंद्रितता पर ध्यान केंद्रित किया जाए और विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ा जा सके।

पाठ्यक्रम के उद्देश्य

- शासन के विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत क्षमताओं को विकसित करने और अपने-अपने क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी के उपयोग में ज्ञान की कमियों को दूर करने का अवसर।
- कुशल सेवा प्रदायगी के लिए प्रयास करना और देश भर के अनुभवों से ज्ञानार्जन।
- संचार, पारस्परिक भावना और टीम निर्माण कौशल को बेहतर बनाना और शासन में मूल्यों की केंद्रीयता को समझना।

पाठ्यक्रम की सप्ताहवार रूपरेखा

पाठ्यक्रम रूपरेखा

चरण-III पाठ्यक्रम व्यापक रूप से निम्नलिखित विषयों के संबंध में आयोजित किया गया:

सार्वजनिक नीति, वित्त और अर्थव्यवस्था, अवसंरचना, विधि का शासन, संसाधन और शक्ति, **समझौता-वार्ता** और ईआई, सहकर्मी ज्ञानार्जन (प्रस्तुति), सुरक्षा और विदेश मामले, शासन, सार्वजनिक खरीद, कृषि एवं ग्रामीण विकास, प्रौद्योगिकी, परियोजना निगरानी, परियोजना प्रबंधन, वाणिज्य और उद्योग, सामाजिक क्षेत्र, कल्याण, समूह कार्य, व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन, कार्यालय उत्पादकता उपकरण और सेक्टर संबंधी प्रस्तुति।

प्रतिभागियों का विवरण

संवर्ग-वार विभाजन					बैच-वार विभाजन			
संवर्ग	महिला	पुरुष	कुल योग		बैच	महिला	पुरुष	कुल योग
अगमुट	3	5	8		2010	3	6	9
आंध्र प्रदेश		9	9		2011		6	6

असम-मेघालय		2	2		2012	1	14	15
बिहार		1	1		2013	6	7	13
छत्तीसगढ		4	4		2014	1	8	9
हरियाणा	1		1		2015	2	10	12
कर्नाटक		3	3		2016	2	8	10
केरल	1	3	4		2017		1	1
मध्य प्रदेश	3	5	8		कुल योग	**15**	**60**	**75**
महाराष्ट्र		4	4					
मणिपुर	1	2	3					
नगालैंड		1	1					
ओडिशा	1	2	3					
पंजाब	1	5	6					
राजस्थान	1	2	3					
तमिलनाडु	1	1	2					
तेलंगाना	1	3	4					
उत्तर प्रदेश	1	8	9					
कुल योग	**15**	**60**	**75**					

4 (iii) एमसीटीपी चरण-III का 24वां राउंड

पाठ्यक्रम का नाम	आईएएस चरण-III (एमसीटीपी) का 24वां राउंड		
अवधि	5 से 30 जनवरी, 2026 तक		
पाठ्यक्रम समन्वयक का नाम	सुश्री श्वेता तेवतिया		
पाठ्यक्रम टीम के अन्य सदस्यों के नाम	श्री शैलेश नवाल, सुश्री षणमुख प्रिया मिश्रा, डॉ. अनुपम तलवार, श्री रोमियो विंसेंट टेटे एवं श्री गौतम थपलियाल		
प्रतिभागियों की संख्या	कुल	पुरुष	महिला
	69	49	20
प्रतिभागी बैच	2010, 2011, 2012, 2013, 2014, 2015, 2016, 2017 और 2018 बैच		
पाठ्यक्रम का उद्घाटन	श्री श्रीराम तरणिकांति, निदेशक, ला.ब.शा.रा.प्र.अ.		
समापन के दौरान संबोधन	श्री आचार्य देवव्रत, माननीय राज्यपाल, गुजरात एवं महाराष्ट्र		

उद्देश्य

अधिकारियों को आवश्यक कौशल से युक्त करना ताकि वे मध्य-प्रबंधन में जिला प्रशासन से विभागाध्यक्ष के पद तक प्रभावी रूप से संक्रमण करते हुए सेवा प्रदान कर सकें, जिससे कार्यान्वयन में उत्कृष्टता और नागरिक केंद्रितता पर ध्यान केंद्रित किया जाए और विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ा जा सके।

पाठ्यक्रम के उद्देश्य

- शासन के विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत क्षमताओं को विकसित करने और अपने-अपने क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी के उपयोग में ज्ञान की कमियों को दूर करने का अवसर।

- कुशल सेवा प्रदायगी के लिए प्रयास करना और देश भर के अनुभवों से ज्ञानार्जन।
- संचार, पारस्परिक भावना और टीम निर्माण कौशल को बेहतर बनाना और शासन में मूल्यों की केंद्रीयता को समझना।

पाठ्यक्रम की सप्ताहवार रूपरेखा

चरण-III पाठ्यक्रम व्यापक रूप से निम्नलिखित विषयों के संबंध में आयोजित किया जाएगा:

सामाजिक, अवसंरचना, शासन, प्रौद्योगिकी, ग्रामीण एवं कृषि, नेतृत्व, सुरक्षा एवं विदेश मामले, वित्त एवं अर्थव्यवस्था, सहकर्मी से सहकर्मी ज्ञानार्जन, कल्याण, शासन, समझौता-वार्ता एवं ईआई, अनुभव साझाकरण एवं सहकर्मी ज्ञानार्जन, वाणिज्य एवं उद्योग, संसाधन।

प्रतिभागियों का विवरण

संवर्ग-वार विभाजन			
संवर्ग	महिला	पुरुष	कुल योग
अगमुट		3	3
आंध्र प्रदेश	1	7	8
बिहार	2	5	7
छत्तीसगढ		2	2
गुजरात	1	1	2
हरियाणा		3	3
हिमाचल प्रदेश	1	1	2
झारखंड	2	2	4

बैच-वार विभाजन			
बैच	महिला	पुरुष	कुल योग
2010	1		1
2011		2	2
2012	2	3	5
2013	4	5	9
2014	1	4	5
2015	4	8	12
2016	3	10	13
2017	2	11	13

कर्नाटक		1	1
मध्य प्रदेश	3	13	16
महाराष्ट्र	1		1
मणिपुर	1	1	2
नगालैंड		2	2
ओडिशा	1	2	3
पंजाब	2	2	4
राजस्थान	2		2
तेलंगाना	1	1	2
उत्तर प्रदेश	1		1
उत्तराखंड	1	3	4
कुल योग	**20**	**49**	**69**

2018	3	6	9
कुल योग	**20**	**49**	**69**

4 (iv) एमसीटीपी चरण-IV का 20वां राउंड

पाठ्यक्रम का नाम	चरण-IV (एमसीटीपी) का 20वां राउंड
अवधि (निर्दिष्ट तिथियां)	16 जून से 11 जुलाई, 2025 तक
पाठ्यक्रम समन्वयक का नाम	श्री उदित अग्रवाल
पाठ्यक्रम टीम के अन्य सदस्यों के नाम	सुश्री रितिका नरूला, श्री गणेश शंकर मिश्रा, श्री प्रेम कुमार वी आर एवं श्री रोमियो विंसेंट टेटे
प्रतिभागियों की संख्या	कुल 52 (पुरुष 39, महिला 13)
प्रतिभागी बैच	2002, 2004, 2005, 2006, 2007, 2008, 2009, 2010 और 2011 बैच के अधिकारी
पाठ्यक्रम का उद्घाटन	श्री श्रीराम तरणिकांति, निदेशक, ला.ब.शा.रा.प्र.अ.
समापन के दौरान संबोधन	डॉ. मनसुख मांडविया, माननीय केंद्रीय श्रम और रोजगार एवं युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

उद्देश्य

- 14 से 16 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके अधिकारियों को प्रभावी नीति निर्माता बनने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक कौशल से युक्त करना और उनके काम को मिशन कर्मयोगी के अनुरूप बनाना।
- जनता की आकांक्षाओं की समझ को बढ़ावा देना और जन भागीदारी के माध्यम से उन्हें प्राप्त करना, ताकि विकसित राष्ट्र (विकसित भारत) की ओर अग्रसर हुआ जा सके।
- तकनीकी प्रगति को देखते हुए शासन की बदलती प्रकृति को समझना और लचीला नेतृत्व प्रदान करके अपने-अपने विभागों में सभी प्रयासों में इसके प्रसार और अंगीकरण को सुनिश्चित करना।

प्रदेय

- उन्नत नीति-निर्माण कौशल विकसित करना: वरिष्ठ अग्रणी के रूप में उनकी प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए, अधिकारियों को रणनीतिक सोच और साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने पर ध्यान केंद्रित करते हुए उन्नत नीति-निर्माण कौशल से युक्त करना।

- अधिकारी प्रशिक्षण को मिशन कर्मयोगी के उद्देश्यों के साथ संरेखित करना: यह सुनिश्चित करना कि सभी प्रशिक्षण और व्यावसायिक विकास मिशन कर्मयोगी के सिद्धांतों के अनुरूप हों, जिसमें सतत ज्ञानार्जन, दक्षता और शासन के लिए नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण पर बल दिया गया हो।
- नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देना: नागरिकों की आकांक्षाओं की गहरी समझ विकसित करना और नीति-निर्माण प्रक्रिया में जन भागीदारी को सक्रिय रूप से बढ़ावा देना ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नीतियां समुदाय की जरूरतों और इच्छाओं को प्रतिबिंबित करे।
- राष्ट्रीय विकास के लिए दृष्टिकोण विकसित करना: अधिकारियों को ऐसी नीतियां और रणनीतियां तैयार करने के लिए प्रशिक्षित करना जो राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों में सीधे योगदान दें और लोगों की आकांक्षाओं को व्यावहारिक सरकारी पहलों में परिवर्तित करें।
- तकनीकी परिवर्तन के अनुरूप शासन प्रणाली को ढालना: अधिकारियों को उनके क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीकी प्रगति के बारे में प्रशिक्षित करना और उन्हें इन प्रौद्योगिकियों को अपने दैनिक कार्यों और नीतिगत ढाँचों में एकीकृत करने के लिए प्रशिक्षित करना।

- प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के सामने आने वाली नीतिगत चुनौतियों और इकोसिस्टम तथा उनके अंतर्संबंधों को समझना।
- नेतृत्व और समझौता-वार्ता कौशल की बेहतर समझ अर्जित करना।
- अवसंरचना, खरीद, विनियमन, मानव संसाधन विकास और अर्थव्यवस्था के संदर्भ में विषयगत मुद्दों की गहन समझ अर्जित करना।
- आंतरिक विकास और व्यक्तिगत कल्याण पर ध्यान देना ताकि व्यापक लक्ष्य में सार्थक योगदान दिया जा सके।

पाठ्यक्रम के मुख्य विषय:
वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारत, नीति निर्माण और रणनीतिक चिंतन, अवसंरचना - भौतिक और डिजिटल, भारतीय अर्थव्यवस्था और इसकी वृद्धि एवं विकास रणनीति, वित्त, वित्तपोषण एवं संसाधन जुटाना, नेतृत्व एवं तीव्र परिवर्तन की चुनौतियाँ, कला, खेल और संस्कृति तथा कल्याण।

4 (v) एमसीटीपी चरण-V का 16वां राउंड

पाठ्यक्रम का नाम	चरण-V (एमसीटीपी) का 16वां राउंड
अवधि (निर्दिष्ट तिथियां)	7 अप्रैल से 25 अप्रैल, 2025 तक

पाठ्यक्रम समन्वयक का नाम	सुश्री सौजन्या
पाठ्यक्रम टीम के अन्य सदस्यों के नाम	डॉ. बगादी गौतम, सुश्री श्वेता तेवतिया एवं श्री गौतम थपलियाल
प्रतिभागियों की संख्या	कुल 39 (पुरुष - 32, महिला - 07)
प्रतिभागी बैच	1993, 1994, 1995, 1996, 1997 और 1998 बैच के अधिकारी
पाठ्यक्रम का उद्घाटन	डॉ. पी.के. मिश्रा, माननीय प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव
समापन के दौरान संबोधन	डॉ. टी.वी. सोमनाथन, मंत्रिमंडल सचिव, भारत सरकार

उद्देश्य

- मिशन कर्मयोगी के अनुरूप, 26 से 28 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके अधिकारियों को वरिष्ठ नेतृत्व पदों और परिवर्तन प्रबंधन को संभालने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक कौशल से युक्त करना।
- देश की परिकल्पना के अनुरूप संगठनात्मक परिवर्तन के लिए आवश्यक प्रायोगिक परीक्षणों के साथ-साथ प्रौद्योगिकी में तेजी से हो रहे परिवर्तनों को देखते हुए शासन में आने वाली चुनौतियों की समझ को बढ़ावा देना।
- अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों का समग्र परिप्रेक्ष्य प्रदान करना और देश को विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा दिलाने के लिए आवश्यक रणनीतिक परिवर्तनों और कार्ययोजना को प्रस्तुत करना।

पाठ्यक्रम के उद्देश्य

- भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार में रणनीतिक प्रबंधन की उत्तम समझ विकसित करना
- नीति निर्माण और कार्यान्वयन के लिए प्रासंगिक सार्वजनिक नीति, नैतिकता और विनियमन की बारीकियों को समझना
- प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के सामने मौजूद नीतिगत चुनौतियों और पारिस्थितिकी तंत्र तथा उनके अंतर्संबंधों को समझना
- नेतृत्व और समझौता-वार्ता कौशल की बेहतर समझ हासिल करना
- किसी चयनित क्षेत्र/सेक्टर में नीति निर्माण और कार्यक्रमों का विश्लेषण करना तथा

व्यापक विकास के लिए आवश्यक परिवर्तनकारी बदलाव लाना

- अवसंरचना, विनियमन, मानव संसाधन विकास और अर्थव्यवस्था के संदर्भ में विषयगत मुद्दों की गहन समझ प्राप्त करना
- उच्च पदों के लिए दृष्टिकोणों का विस्तार करना

पाठ्यक्रम रूपरेखा

इस पाठ्यक्रम की रूपरेखा सरकारी क्षेत्र में रणनीतिक प्रबंधन के साथ-साथ सार्वजनिक नीति और विनियमन पर केंद्रित है। कार्यक्रम को अधिक व्यापक बनाने और प्रतिभागियों के लिए तत्काल प्रासंगिक विभिन्न विषयों को इसमें शामिल करने का भी सचेत प्रयास किया गया है। तदनुसार, राजकोषीय और मौद्रिक नीति, निवेश उपकरण जैसे आईएनवीआईटी, पीपीपी, अवसंरचना, विद्युत क्षेत्र, शहरी शासन, परिवहन, विदेश नीति, विनियमन और मानव संसाधन विकास से संबंधित विषय शामिल किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, नेतृत्व और समझौता-वार्ता कौशल से संबंधित व्यवहारिक विषय और डिजिटल प्रौद्योगिकी और डेटा विश्लेषण से संबंधित कार्यात्मक विषय पाठ्यक्रम सामग्री में समाहित किए गए हैं।

इस पाठ्यक्रम के मुख्य घटक निम्नलिखित हैं:

- नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास
- शासन और नीति निर्माण
- प्रौद्योगिकी और परिवर्तन प्रबंधन
- सार्वजनिक नीति में अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य
- भारतीय अर्थव्यवस्था और वैश्वीकरण
- मानव विकास क्षेत्र
- अवसंरचना क्षेत्र
- विनियमन
- कल्याण

पाठ्यक्रम समन्वयक की टिप्पणी

एमसीटीपी का चरण-V सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जो 7 से 25 अप्रैल 2025 तक निर्धारित था। चरण-V का उद्देश्य अधिकारियों को रणनीतिक दृष्टि से युक्त करना और शासन, नीति निर्माण और नेतृत्व में उभरती राष्ट्रीय और वैश्विक चुनौतियों के बारे में उनकी समझ को

व्यापक बनाना था। इस कार्यक्रम का लक्ष्य उनके संबंधित क्षेत्रों में परिवर्तनकारी पहलों को प्रभावित करने, नेतृत्व करने और लागू करने की उनकी क्षमता को निखारना था।

नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास पर विशेष बल दिया गया, जहाँ अधिकारियों को अपनी नेतृत्व शैली, निर्णय लेने की क्षमता और तेजी से बदलते नीतिगत परिवेश में अनुकूलन करने की क्षमता पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। रणनीतिक सोच, समझौता-वार्ता और प्रभाव डालने पर सत्रों के माध्यम से पाठ्यक्रम के शेष भाग के लिए संदर्भ तैयार किया। शासन और नीति निर्माण क्षेत्र में राज्य क्षमता, अंतरिक्ष क्षेत्र, प्रौद्योगिकी के माध्यम से ग्रामीण विकास, सार्वजनिक अवसंरचना का वित्तपोषण और शासन के सांस्कृतिक दृष्टिकोणों का पता लगाया गया। प्रौद्योगिकी और परिवर्तन प्रबंधन सत्रों में भारत के डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, तीव्र गति से विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों, दूरसंचार नवाचार, साइबर सुरक्षा और विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उभरती हुई तकनीक पर ध्यान केंद्रित किया गया। चर्चाओं ने अधिकारियों को अत्याधुनिक उपकरणों और डिजिटल-प्रथम रणनीतियों का उपयोग करके परिवर्तन का नेतृत्व करने के लिए प्रोत्साहित किया।

लोक नीति में अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य ने राष्ट्रीय निर्णय लेने के लिए एक वैश्विक संदर्भ प्रदान किया। विदेश नीति की प्राथमिकताएं, रक्षा में रणनीतिक स्वायत्तता, सार्वजनिक परिवहन प्रणाली और विभिन्न देशों के बीच तुलनात्मक नीति विश्लेषण जैसे विषयों ने अधिकारियों को भारतीय ढांचे के भीतर वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुप्रयोग का मूल्यांकन करने में सहायता की। भारतीय अर्थव्यवस्था और वैश्वीकरण पर सत्रों में व्यापक विषयों को शामिल किया गया, जिनमें व्यापक आर्थिक नीति, वैश्विक वित्त में गिफ्ट आईएफएससी की भूमिका, विकसित हो रहा बैंकिंग तंत्र, भारत की औद्योगिक रणनीति और अमृत काल के दौरान आर्थिक नीति निर्माण शामिल थे। इन सत्रों ने प्रतिभागियों को वैश्विक आर्थिक परिवेश में घरेलू विकास रणनीतियों को समझने में सक्षम बनाया।

मानव विकास क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन और स्टार्टअप इकोसिस्टम पर केंद्रित थे। समावेशी विकास के लिए सार्वजनिक-निजी समन्वय को बेहतर करना, जलवायु संबंधी चिंताओं का समाधान करना और भविष्य के लिए तैयार शिक्षा प्रणालियों की आवश्यकता पर बल दिया गया। अवसंरचना में, विद्युत, परिवहन, रसद और शहरी नियोजन से लेकर सार्वजनिक-निजी भागीदारी की भूमिका और **इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट** जैसे वित्तपोषण मॉडल तक के विषयों पर चर्चा हुई। नीतिगत संरचना, शासन नवाचार और तकनीकी एकीकरण के परिप्रेक्ष्य से भारत की अवसंरचना के भविष्य का विश्लेषण किया गया। विनियमन मॉड्यूल में विनियमन के अर्थशास्त्र का परिचय दिया गया, जिसमें यह बताया

गया कि सुदृढ़ नियामक ढाँचे प्रमुख क्षेत्रों में संतुलित विकास, जवाबदेही और संस्थागत प्रभावशीलता कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं।

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के समक्ष एसजीओएस (शासन के महत्व के क्षेत्र) ढांचे के तहत समूह प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अपने जमीनी स्तर के अनुभव, नवाचारों और भविष्य की योजनाओं को प्रस्तुत किया। क्षेत्रीय समझ को सुगम बनाने के लिए, प्रतिभागियों ने पांच प्रमुख क्षेत्रों - ग्रामीण एवं कृषि, संसाधन, सुरक्षा एवं विदेश मामले, अवसंरचना और वाणिज्य एवं उद्योग - में क्षेत्रीय दौरे भी किए। इन क्षेत्र-विशिष्ट दौरों से प्रत्येक क्षेत्र में नीतिगत चुनौतियों और नवाचारों की बहुमूल्य जमीनी स्तर की जानकारी और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। इस अनुभव ने प्रतिभागियों की अंतर-क्षेत्रीय समन्वय, हितधारक सहभागिता और जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन की समझ को और बेहतर बनाया।

इस पाठ्यक्रम में एक कल्याण मॉड्यूल भी शामिल रहा, जिसमें स्वास्थ्य, पोषण और योग के माध्यम से समग्र उपचार पर सत्र आयोजित किए गए। प्रतिभागियों को समग्र मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए खेलकूद, ध्यान, प्रकृति भ्रमण और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी शामिल किया गया।

4 (vi) सीएमसीटीपी का 5वां राउंड (2005 बैच)

पाठ्यक्रम का नाम	5वां संयुक्त मध्यावधि सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम
अवधि	26-30 मई, 2025
पाठ्यक्रम समन्वयक का नाम	**सुश्री प्रियंका दास, उप निदेशक (वरिष्ठ)**
पाठ्यक्रम टीम के अन्य सदस्यों के नाम	**सुश्री** रितिका नरूला, श्री चन्द्रशेखर एस., श्री अरविन्द कुमार, श्री गौतम थपलियाल
प्रतिभागियों की संख्या	कुल 202 (पुरुष 171; महिला 31)
प्रतिभागी बैच	16 सेवाओं के 2005 बैच के अधिकारी
पाठ्यक्रम का उद्घाटन	सुश्री एस. राधा चौहान, आईएएस (सेवानिवृत्त)
समापन के दौरान संबोधन	श्री राजीव कुमार, भारत के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त

पाठ्यक्रम का उद्देश्य एवं लक्ष्य

संयुक्त मध्यावधि सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम (सीएमसीटीपी) विभिन्न सरकारी संगठनों में वरिष्ठ स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विभिन्न सेवाओं के अधिकारियों को एकजुट करने के लिए बनाया गया है। इसका उद्देश्य सहयोग को बढ़ावा देना और नेतृत्व कौशल को बेहतर बनाना है। यह कार्यक्रम अपने प्रतिभागियों में राष्ट्रीय गौरव, उद्देश्य और बंधुत्व की भावना को बेहतर करने का प्रयास करता है। इन अग्रणियों को निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ राष्ट्रीय लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं को समझने, विकसित करने और प्राप्त करने में अपनी टीमों का प्रभावी ढंग से मार्गदर्शन करने के लिए तैयार किया जाता है:

- विकसित भारत के लिए क्षमता निर्माण
- बेहतर अंतःक्रिया के लिए साइलोज को समाप्त करना
- सहकर्मी से सहकर्मी ज्ञानार्जन
- आधुनिक संगठनों का निर्माण करना
- सतत् ज्ञानार्जन को अपनाना
- सार्वजनिक-निजी भागीदारी का लाभ उठाना

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

सीएमसीटीपी के चरण-V को वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के लिए दूरदर्शी और एकीकृत ज्ञानार्जन अनुभव प्रदान करने के लिए संरचित किया गया, जिसमें तकनीकी परिवर्तन, समावेशी विकास, सहयोगात्मक नेतृत्व और नागरिक-केंद्रित शासन पर बल दिया गया। कार्यक्रम में प्रख्यात सिविल सेवकों, क्षेत्र विशेषज्ञों और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा दिए गए विषयगत व्याख्यान, चर्चाएँ, सिमुलेशन अभ्यास, केस स्टडी और रोल-प्ले सत्र शामिल रहे, जिससे वैचारिक समझ और व्यावहारिक अनुप्रयोग का संतुलित मिश्रण सुनिश्चित किया गया।

1. भविष्योन्मुखी शासन: एआई और उभरती प्रौद्योगिकियां: सार्वजनिक प्रशासन में दक्षता, पारदर्शिता, नवाचार और साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और संबंधित प्रौद्योगिकियों की परिवर्तनकारी क्षमता पर केंद्रित।

2. समावेशी विकास और सभी व्यक्तियों को सेवा प्रदायगी: इसमें जनजातीय विकास के लिए सरकार के समग्र दृष्टिकोण के साथ-साथ जनसांख्यिकीय और लैंगिक आंकड़ों का उपयोग करके न्यायसंगत, डेटा-आधारित और सामाजिक रूप से उत्तरदायी नीतियों को तैयार करना शामिल था।

3. समझौता-वार्ता, सहयोग और सिविल सेवा का तालमेल: संघर्ष समाधान, अंतर-सेवा समन्वय, टीम वर्क और सहयोगात्मक नेतृत्व क्षमताओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से समझौता-वार्ता मॉड्यूल, सिमुलेशन अभ्यास और केस स्टडी-आधारित रोल-प्ले को संयोजित किया गया।

4. सार्वजनिक स्वास्थ्य और आपदा-प्रतिरोधी शासन: 'सभी के लिए स्वास्थ्य, स्वास्थ्य के लिए सभी' के तहत सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लिए एकीकृत दृष्टिकोणों पर चर्चा की गई और आपदा प्रबंधन में सहयोगात्मक नेतृत्व, तैयारी और अंतर-एजेंसी समन्वय पर प्रकाश डाला गया।

